माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 8:54 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अयोध्या, मंगलवार, 30 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 174, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा 16
रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार 2

## देश में सात दिनों में लागू होगा सीएए

### केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने किया दावा

कोलकाता, एजेंसी



▸▸ तृणमूल कांग्रेस ने करार दिया चुनावी बयानबाजी

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस दावे को 'चुनावी बयानबाजी' कहकर खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आकर भारत में बसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में रविवार शाम एक जनसभा में ठाकुर ने कहा कि एक सप्ताह में पूरे देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। कोलकाता में सोमवार को संवाददाताओं से उन्होंने दोहराया कि मैंने कल जो कहा था, उस पर कायम हूं। यह मेरी गारंटी है।

### उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। यूसीसी को लेकर गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप देगी। ड्राफ्ट का आकलन करने के बाद विधेयक पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि जल्द ही राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा।

## 1241 अंक उछला सेंसेक्स, निफ्टी 21700 के ऊपर



**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी के चलते दोनों मानक सूचकांक में जोरदार उछाल आया। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के साथ बीएसई सेंसेक्स जहां 1,241 अंक मजबूत हुआ, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21,700 अंक के आंकड़े को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। निफ्टी भी 385 अंक यानी 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर बंद हुआ।

### शेयर बाजारों में तेजी का दिखा असर

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ आईटीसी, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बाद प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी लौटी। शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बावजूद अंतरिम बजट को लेकर निवेशकों के बीच भरोसा बना हुआ है...। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा महत्वपूर्ण है।

### वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि सात फीसदी रहने की उम्मीद

▸▸ वित्त मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए सुधारों और उपायों से उत्पन्न मजबूत आर्थिक गतिविधियों की बदौलत, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत के करीब बढ़ने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से कुछ दिन पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में वृद्धि सात प्रतिशत या अधिक रहेगी। वित्त मंत्रालय की इस रिपोर्ट में सुधारों को गांव स्तर पर ले जाकर उस स्तर तक शासन को नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-अनुकूल बनाने पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। यह रिपोर्ट आर्थिक मामलों के विभाग ने तैयार की है लेकिन इसे परंपरागत आर्थिक समीक्षा नहीं कहा गया है। 'द इंडियन इकोनॉमी : ए रिव्यू' शीर्षक की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी )के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

## लालू से ईडी की 10 घंटे पूछताछ

### जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में भेजा गया था समन

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद 'जमीन के बदले नौकरी'' घोटाले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। राजद प्रमुख के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी रहीं। वे पूर्वाह्न 11:05 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में राजद समर्थक भी जुट गए और नारेबाजी की। स्थिति यह हो गई कि अधिकारियों को सीआरपीएफ बुलानी पड़ गई। ईडी ने 19 जनवरी को लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव को मामले में नया समन भेजा था। उनसे 10 घंटे पूछताछ की गई।

जदयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने के एक दिन बाद लालू प्रसाद केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हुए। इस गठबंधन में राजद सबसे बड़ा घटक दल है। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद मीसा ने कहा कि जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी (लालू) स्वास्थ्य स्थिति के कारण उनके लिए अकेले जाना मुश्किल है। यही कारण है कि जब भी वह कहीं जाते हैं तो किसी को उनके साथ जाना पड़ता है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन से अलग होने के बाद भाजपा के साथ जुड़ने के सवाल पर भारती ने कहा कि बेहतर होगा कि आप उनसे (नीतीश से) पूछें। कहने के लिए कुछ नहीं बचा।



### लालू को गिरफ्तार करेंगे... वे डरे हुए हैं: मीसा

लालू प्रसाद यादव से ईडी की पूछताछ पर राजद सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि लालू यादव का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। वह खुद खा भी नहीं सकते हैं। किसी को उनको खाना खिलाना पड़ता है। मीसा ने आगे कहा कि ईडी का कोई अधिकारी बोलने के लिए तैयार नहीं है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं। इसलिए प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और ऐसी चीजें ही करेंगे। यह सरकार मेरे पिता को भी (गिरफ्तार) कर सकती है, लेकिन एक बीमार आदमी को गिरफ्तार करके उन्हें क्या मिलेगा।

### राबड़ी के पूर्व कर्मी ने घूस में ली संपत्ति हेमा के नाम की

**नई दिल्ली।** लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की गोशाला के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक एक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में इसे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया। यह आरोप ईडी ने सोमवार को लगाया, जो जमीन के बदले नौकरी मामले की जांच कर रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली की एक अदालत में एक आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें कुछ अन्य लोगों के अलावा लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को आरोपी बनाया गया था।

### सोरेन 31 को होंगे हाजिर ईडी को दी जानकारी



**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी को पूछताछ के लिए 31 जनवरी को समय दिया है। झामुमो से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि ईडी को सोमवार को एक मेल भेजा गया है। ईडी ने 27 जनवरी को मुख्यमंत्री को समन भेजा था। इससे पहले सोमवार को ईडी का एक दल जांच के सिलसिले में सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचा।

### राज्य सभा में उप्र. की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को होगा खत्म

## उप्र. में केन्द्र-राज्य के उच्च सदन के लिए सियासी जोर-आजमाइश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र. विधान परिषद की 13 सीटें भी 5 मई को हो जाएंगी रिक्त

▸▸ रास की रिक्त हो रहीं 10 सीटों में 9 भाजपा, एक सपा की सीट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की दस्तक पाकर सियासी दलों में हर सीट पर नफा-नुकसान को लेकर मंथन तेज है। इसी के बीच राज्यसभा और उप्र. विधान परिषद के लिए भी सियासी दल जोर आजमाइश करते दिखेंगे। राज्यसभा में उप्र. के कोटे की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वहीं, विधान परिषद में भी विधायक कोटे की 13 सीटें 5 मई को खाली हो जाएंगी। ऐसे में लोकसभा चुनाव की रणनीति तय करने के साथ राजनीतिक दल केन्द्र और राज्य के उच्च सदनों में खाली हो रहीं सीटों के लिए समीकरण साधेंगे।

भाजपा के जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें, अनिल अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजयपाल तोमर, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव शामिल हैं। वहीं, राज्य विधान परिषद में खाली हो रही 13 सीटों में 10 भाजपा, 1 उसके सहयोगी अपना दल और 1-1 सपा और बसपा के पास है। 5 मई के पहले इन सीटों पर भी चुनाव प्रस्तावित है। राज्य विधानसभा में 403 सदस्य हैं और यहां से एक सदस्य को राज्यसभा भेजने के लिए 37 विधायकों का वोट चाहिए। सपा के पास 109 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 118 विधायकों के साथ सपा कम से कम तीन सीटें जीतने की स्थिति में रहेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास 279 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 254, अपना दल (एस) के 13, निषाद पार्टी व सुभासपा 6-6 विधायक हैं। ऐसे में 7 सीटों पर सत्तापक्ष जीते तो आश्चर्य नहीं होगा।

### राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। लखनऊ कार्यालय के अनुसार उप्र. के 10 सदस्यों के द्विवार्षिक निर्वाचन का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग से तय कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को बताया कि नामांकन की अधिसूचना 8 फरवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। 16 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच और 20 फरवरी को नाम वापसी। 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान और सायं 5 बजे से मतगणना होगी। 29 फरवरी से पहले निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा।

### एक नजर

#### दिल्ली-कश्मीर में आठ जगहों पर सीबीआई छापे

**श्रीनगर।** सीबीआई ने सिविल कार्यों के लिए निविदा देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के तहत सोमवार को दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग आठ स्थानों पर तलाशी ली। किरू जलविद्युत परियोजना का क्रियान्वयन चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) द्वारा किया जा रहा है। सीबीआई ने बताया कि तलाशी में लगभग 21 लाख रुपये से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति दस्तावेज तथा आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

#### पुलिस मालखाने में आग से 250 वाहन हुए खाक


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के वजीराबाद इलाके में स्थित ' 'मालखाना'' (यार्ड) में सोमवार तड़के आग लगने से कम से कम 250 वाहन जलकर खाक हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग तड़के चार बजे लगी। सूचना मिलने पर दमकल की पांच गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का काम करीब दो घंटे तक चला और सुबह छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन मालखाने में खड़े 50 चार पहिया वाहन और 200 दोपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए।

#### आतंकवादियों को मदद देने वाले की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों को जानबूझकर पनाह देने और लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले व्यक्ति की संपत्ति सोमवार को कुर्क कर ली गई।

## कोटा में छात्रा ने की आत्महत्या

कोटा, एजेंसी




▸▸ जेईई की कर रही थी तैयारी, लिखा सॉरी मम्मी-पापा, आईएम लूजर

▸▸ एक सप्ताह के भीतर कोटा में आत्महत्या की दूसरी घटना

राजस्थान के कोटा शहर में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रही 18 वर्षीय एक छात्रा ने सोमवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में कहा कि मम्मी, पापा मैं जेईई की परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकती। इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूं। छात्रा की पहचान स्थानीय निहारिका सिंह के रूप में की गई है। वह एक या दो दिन में ही जेईई की परीक्षा देने वाली थी। उसने अपने माता-पिता से माफी भी मांगी है। निहारिका ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं एक असफल व्यक्ति हूं। मैं सबसे बुरी बेटी हूं। मुझे माफ करें, मम्मी-पापा। मेरे पास यही आखिरी विकल्प था।

एक सप्ताह के भीतर कोटा में किसी विद्यार्थी के आत्महत्या करने का यह दूसरा मामला है। कोटा में छात्रा के आत्महत्या करने का यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बच्चों की दबाव से निपटने में मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि निहारिका शहर के बोरखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत शिव विहार कॉलोनी में स्थित अपने पारिवारिक घर में रहती थी और उसे 30 या 31 जनवरी को जेईई परीक्षा देनी थी। सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह पढ़ाई के तनाव में थी और खुद को परीक्षा देने में असमर्थ पा रही थी।

## आतंकवादी समूह सिमी पर 5 वर्ष के लिए प्रतिबंध बढ़ा

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में संलिप्तता के लिए आतंकवादी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध को सोमवार को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा कि आतंकवाद को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, सिमी को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। सिमी पर पहली बार वाजपेयी सरकार में 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था। तब से हर पांच साल में प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी, 2019 को लगाया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सिमी अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है।

## रामलला के दर्शन में वीवीआईपी के लिए होगी अलग व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ किया मंथन

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद लगातार भक्तों का सैलाब दर्शन करने पहुंच रहा है। कल 31 जनवरी से अलग-अलग राज्यों के भी वीवीआईपी अतिथियों के आने का क्रम शुरू होने जा रहा है।

इसके लिए राम मंदिर में दर्शन की अलग व्यवस्था बनाई जाएगी। जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं तैयारियों का जायजा लेने सोमवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में न केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया। मंदिर परिसर में ही जिला प्रशासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ समन्वय बैठक की। अधिकारियों को योजना बनाएं जाने की जिम्मेदारी दी। मुख्यमंत्री के अयोध्या में निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, नगर आयुक्त विशाल सिंह, एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री अयोध्या एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

## हिंदू पक्ष ने दाखिल की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### ज्ञानवापी मामला

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ शिवलिंग और वजू स्थल के सर्वे की रखी मांग

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के महानिदेशक से अपील की गई है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि उसकी वास्तविकता का पता लगाया जा सके।

याचिका में कहा गया है कि सर्वे करने के लिए शिवलिंग के आसपास की आर्टिफिशियल या मॉडर्न दीवार और फ्लोर को हटाया जाए। बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए सील किए गए पूरे इलाके का वैज्ञानिक सर्वे किया जाए। इससे पहले, 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका में ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाना (स्नान जल टैंक) का सर्वे कराने की मांग करने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया है कि 10 सीलबंद तहखानों में हिंदू मंदिर के सबूत हैं।

### शाही ईदगाह परिसर के सर्वे पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि मंदिर से लगे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक जारी रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका की अगली सुनवाई अप्रैल के प्रथम पखवाड़े के लिए निर्धारित कर दी। पीठ ने कहा कि जहां कहीं भी अंतरिम आदेश जारी किया गया है वह जारी रहेगा। शीर्ष कोर्ट ने 16 जनवरी को हाईकोर्ट के 14 दिसंबर 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी।

## बुलेट ट्रेन प्रणाली में लगेंगे भूकंपमापी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से मुंबई के बीच निर्माणाधीन देश की पहली हाईस्पीड रेलवे प्रणाली में सुरक्षा के लिए भूकंपमापी उपकरण लगाए जाने का फैसला हुआ है। राष्ट्रीय हाईस्पीड रेल निगम के अनुसार इस पूरी 507 किलोमीटर की लाइन में 28 भूकंपमापी यंत्र लगाए जाएंगे जो आरंभिक भूकंपीय हलचलों को भांप कर ट्रेन के कंट्रोल रूम को सचेत कर देंगे और जरूरत पड़ने पर ट्रेनों को तुरंत रोक दिया जाएगा। इस प्रकार से भूकंप से यात्रियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जापानी शिंकानसेन तकनीक पर आधारित यह प्रारंभिक भूकंप जांच प्रणाली, प्राथमिक तरंगों के माध्यम से भूकंप-प्रेरित झटकों का पता लगाएगी।

### सख्ती | बोर्ड परीक्षा से पहले शुरू हुई गुपचुप पड़ताल, बढ़ सकती हैं संचालकों की मुश्किलें

## एटीएस के रडार पर मदरसा संचालकों के खाते

जीशान कदीर, लखनऊ




▸▸ उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के जिम्मेदार बोले-केवल शिक्षकों की योग्यता की हो रही है जांच

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस के निशाने पर प्रदेश में संचालित मदरसा संचालकों के बैंक खाते हैं। इसको लेकर विशेष टीम अपनी जांच में जुटी है। तथ्यों को इकट्ठा करने के लिए उप्र मदरसा बोर्ड के जिम्मेदारों से भी संपर्क साधा गया है। सूत्रों की मानें तो अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती से जुड़े मदरसे विशेष टीम के खास रडार पर हैं।

हालांकि जांच का ये क्रम छह माह से चल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में मिले विशेष इनपुट के बाद एटीएस ने इसे गति दी। सूत्रों की मानें तो विशेष खातों में आई विदेशी फंडिंग की जानकारी मिलते ही मदरसा संचालकों के खातों और अन्य रिकार्डों को खंगाला जा रहा है। ये अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती सहित कुछ अन्य जनपदों से जुड़े हुए हैं। विशेष टीम की ओर से मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार से भी जानकारी हासिल की गई।

अनुदानित और गैर अनुदानित मदरसों से जुड़े लोगों की कॉल डिटेल को भी खंगाला जा रहा है। रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि उनसे एटीएस से जुड़ी एसआईटी शाखा ने गैर अनुदानित / गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के बारे में जानकारी मांगी थी, उन्हें बता दिया गया है कि ऐसे मदरसे उनके परिक्षेत्र में नहीं हैं।

### शिक्षकों की योग्यता का होगा परीक्षण

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने आदेश दिए हैं कि पंजीकृत मदरसों से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों की जांच की जाए। इसमें निरीक्षण के साथ सत्यापन किया जाना भी सम्मिलित है। इसको लेकर निदेशक ने अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, सभी जिलाधिकारी और रजिस्ट्रार को समयबद्ध जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य कमर अली कहते हैं कि निष्पक्ष जांच होनी आवश्यक है, क्योंकि कई बार एक व्यक्ति के गलत कार्यों से पूरा सिस्टम बदनाम हो जाता है।

### बरेली में सबसे अधिक गैर मान्यता प्राप्त मदरसे

बरेली में गैर मान्यता प्राप्त मदरसे सबसे अधिक हैं। प्रदेश में सूचीबद्ध मदरसों की संख्या 8449 है। उधर, प्रदेश में 24 हजार से अधिक मदरसों को पंजीकरण की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड में 16,500 पंजीकृत मदरसे हैं।

# भारतीय टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र प्रमुख जैसी सुरक्षा

## 60 साल बाद पाकिस्तान में डेविस कप खेलने पहुंची है टीम, खिलाड़ियों की सुरक्षा में किए गए कड़े इंतजाम

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

डेविस कप मुकाबले के लिए करीब 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे।



पाकिस्तान रवाना होने से पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी और सहयोगी दल।

### 4-5 सुरक्षा घेरे में रहेगी भारतीय टीम

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा कि भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। वह इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक है। यात्रा के दौरान टीम के साथ रहेंगे। भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

### बम निरोधक दस्ता करेगा जांच, एस्कॉर्ट वाहन रहेंगे साथ

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहेंगे। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करेगी, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी), इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।

### मेजबानी सम्मान की बात

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं। पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं तो रेस्त्रां में जाएं। वह उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहेंगे।

# मंदीप ने अमेरिका में इंटरकॉटिनेंटल खिताब जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका की नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए) का इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट खिताब जीता है। 30 साल के मंदीप ने अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने इस पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। इसमें कोच, परिवार, प्रशंसक और साथ खड़े रहने वाले शामिल हैं। वह यह खिताब अपने देश को समर्पित करते हैं। देश के लिए भविष्य में भी इसी तरह का सम्मान और खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे। मंदीप जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले उन्होंने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। उन्होंने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।



# जडेजा और राहुल के बाहर होने से भारत को झटका, सरफराज का इंतजार खत्म

## चोट के कारण विशाखापत्तनम में दो फरवरी से शुरू हो रहे मैच में नहीं खेल सकेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे मेजबान टीम को श्रृंखला के पहले टेस्ट में हार के बाद दोहरा झटका लगा है। जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के दौरान तेजी से रन लेते हुए पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी, जबकि राहुल ने जांघ में दर्द की शिकायत की है। राहुल को पिछले साल मई में आईपीएल के दौरान भी जांघ में चोट लगी थी और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी, इस कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।



### सौरभ और वाशिंगटन सुंदर भी टीम में शामिल

बीसीसीआई ने कहा कि चयन समिति ने मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने हाल में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था। विराट कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जबकि जडेजा और राहुल की चोट ने भारत की मुसीबत बढ़ा दी है।

### रजत पाटीदार के खेलने की संभावना ज्यादा

सरफराज टीम में जगह पाने के हकदार हैं लेकिन विशाखापत्तम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना अधिक है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ गुरुवार से होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर सारांश जैन को भारत ए टीम में शामिल किया गया है। आवेश खान मध्य प्रदेश की अपनी रणजी टीम के साथ रहेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।

### पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा ने किया था प्रभावी प्रदर्शन

पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा दोनों ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन बाद में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए 28 रन की जीत के साथ श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। जडेजा ने पांच विकेट चटकाने के अलावा पहली पारी में 87 रन बनाए, जबकि राहुल ने 86 रन की पारी खेली। जडेजा की ऑलराउंड क्षमता टीम के लिए काफी अहम है। अपने चार टेस्ट के करियर के दौरान प्रभावित करने वाले ऑफ स्पिनर वाशिंगटन अंतिम एकादश में जडेजा की जगह ले सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एशिया कप में चोट के बाद वापसी करते हुए राहुल ने एकदिवसीय और टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

# ओली पोप के रास्ते में आने पर जसप्रीत बुमराह को फटकार

**दुबई, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का है। 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई जब बुमराह जान बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ।

**आईसीसी ने रन लेते समय बीच में आने पर एक डिमेरिट अंक भी दिया**



बुमराह को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली, जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायरों पॉल रीफेल और क्रिस गाफानी, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने बुमराह पर आरोप लगाया था।

### भारत डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंचा

दुबई। इंग्लैंड से मिली 28 रनों की हार के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में तीन स्थान नीचे खिसक कर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। भारत पहले तालिका में दूसरे स्थान पर था। इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद भारत तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से नीचे चला गया है। ऑस्ट्रेलिया तालिका में शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट में दो दिन के भीतर हराने के बाद भारत कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर भी था लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया और वह पहले स्थान पर पहुंच गया। हालांकि भारत को हराने के बावजूद इंग्लैंड भी तालिका में एक पायदान नीचे खिसक गया। इसकी वजह गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत रही। वेस्टइंडीज अब तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड आठवें पायदान पर है।

**अंक तालिका में भारत से ऊपर दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड और बांग्लादेश**

## खेल डायरी

### अविनाश साबले और पारुल अमेरिका में लेंगे प्रशिक्षण

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवान अंशु मलिक को जापान और और सरिता मोर अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी है। साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे। सरिता अमेरिका में अभ्यास करेंगी। टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन भी मंत्रालय के खर्च पर कोच किउ जियान की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जापान के ओसाका जाएंगे। मंत्रालय ने इसके साथ ही भारतीय पैरा-तीरंदाज शीतल देवी, सरिता और राकेश कुमार के लिए धनुष, तीर, साइट स्केल सहित अन्य उपकरणों की खरीद के अनुरोध के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

### पीसीबी को मिलेगा अगले माह पूर्णकालिक अध्यक्ष

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया है कि अगले महीने तक बोर्ड के पास पूर्णकालिक अध्यक्ष होगा और पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी दौड़ में सबसे आगे हैं। दिसंबर 2022 से बोर्ड का कामकाज देख रही अंतरिम समिति का कार्यकाल 4 फरवरी को खत्म हो रहा है। उसके बाद पीसीबी के गवर्निंग बोर्ड का नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्र ने बताया कि पीसीबी के पास एक नया अध्यक्ष 8 फरवरी को आम चुनाव के बाद होगा।

### सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच सुक्ला दत्ता ने सोमवार को बांग्लादेश के ढाका में दो से आठ फरवरी तक होने वाली सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश रवाना होगी। सभी मुकाबले ढाका के मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्ष 2021 की उपविजेता रही भारतीय टीम दो फरवरी को भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

### चेन्नई करेगा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग की मेजबानी

नई दिल्ली। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से चेन्नई में खेला जाएगा, जिसमें ट्राफी के लिए नौ टीमें एक दूसरे का मुकाबला करेंगी। अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स के बीच कड़ी जंग होने के आसार हैं, जबकि फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा।

### गुकेश दूसरे स्थान पर रहे, मेंडोंका ने खिताब जीता

विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के वेई यी से अंतिम टाई-ब्रेकर में हारने के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अंतिम दौर में हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यह गुकेश के लिए मुश्किल दिन रहा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें 13वें गेम में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद पिछले साल के विजेता अनीश गिरी के खिलाफ तीन टाई-ब्रेक गेम में बेहतर साबित होना था। उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को शिकस्त देने के बाद खिताबी मैच में वेई यी के साथ पहला मुकाबला ड्रा खेला। चीन के खिलाड़ी ने अगले मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेंडोंका ने आखिरी चरण के मुश्किल मैच में दिव्या को हराया। यह मुकाबला बराबरी पर चल रहा था लेकिन दिव्या की एक चूक का फायदा उठा कर मेंडोंका ने शानदार जीत दर्ज की।



# सोनम मासकर ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीता रजत पदक

**काहिरा, एजेंसी**

पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया।

सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

**निशानेबाजी विश्वकप में पदार्पण करते हुए किया कमाल**



विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# क्रिकेटरों के पास शराब मिलने की जांच कराएगा एससीए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को जांच शुरू करने का फैसला किया।

एससीए सूत्रों के अनुसार यह घटना 25 जनवरी को सीके नायडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली। एससीए ने कहा कि चंडीगढ़ में एक घटना हुई है जिसे सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संज्ञान में लाया गया है। घटना दुर्भाग्यपूर्ण और असहनीय है। अनुशासनात्मक समिति और शीर्ष परिषद घटना की गहराई से जांच करेगी और उचित कार्रवाई करेगी।

# भारत जमैका को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में

**मस्कट, एजेंसी**

**एफआईएच हॉकी-5 विश्वकप मुकाबले में 13-0 से दी करारी शिकस्त**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को एफआईएच हॉकी-5 एस पुरुष विश्वकप के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जमैका को 13-0 से रौंदकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

मुकाबले में भारत ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे ही मिनट में दो गोल दाग दिए। ये दोनों गोल मनिंदर सिंह ने किए। इसके बाद उत्तम सिंह और मंजीत ने भी एक-एक गोल किया। खेल के पहले छह मिनट के भीतर भारत ने 4-0 का स्कोर कर मैच पर मजबूत बढ़त बना ली। इसके बावजूद भारत ने लगातार हमलावर रुख अख्तियार करते हुए जमैका पर लगातार दबाव बनाए रखा। इसका फायदा उठाते हुए पवन राजभर ने नौवें मिनट और गुरजोत सिंह ने 14वें मिनट में गोल कर हाफ टाइम ब्रेक तक स्कोर 6-0 कर दिया।

दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रामक रणनीति बनाए रखी। इस दौरान मोहम्मद राहील ने 16वें, 27वें, मनदीप मोर ने 23वें, 27वें, मंजीत ने 24वें और मनिंदर सिंह ने 28वें, 29वें मिनट में गोल कर स्कोर 13-0 कर मुकाबला जीत लिया। क्वार्टरफाइनल 30 जनवरी को खेला जाएगा।

# बॉलीवुड हलचल

## मुनव्वर फारूकी बनें बिग बॉस17 के विनर

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी विजेता बन गए हैं। सलमान खान ने बिग बॉस 17 के विनर का एलान मुनव्वर फारूकी के रूप में किया। मुनव्वर फारूकी को बिग बॉस की ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपये की प्राइज मनी और एसयूवी कार भी मिली है। मुनव्वर फारूकी ने फिनाले में अंकिता लोखंडे, मन्नारा चोपड़ा, अरुण माशेट्टी और अभिषेक कुमार जैसे मजबूत दावेदारों को हराया। अभिषेक कुमार इस शो के रनरअप बने हैं।





### नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो की कोरियोग्राफी जोजो गोमेज ने की है। इसमें नोरा फतेही ने अपने शानदार डांस कौशल का प्रदर्शन किया है। फैंस इस गाने के ऑडियो रिलीज के बाद से वीडियो का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

### 22 मार्च को रिलीज होगी पंजाबी फिल्म मजनू

पंजाबी फिल्म मजनू 22 मार्च को रिलीज होगी। इसमें गुरमीत सिंह ने संगीत दिया है। हशमत सुल्ताना, कमाल खान, नछत्तर गिल, जैस्मिन अख्तर, सिमरन भारद्वाज और शाहिद माल्या ने गाने गाए हैं। तिलोक कोठारी द्वारा निर्मित एवं सुजाद इकबाल खान द्वारा निर्देशित फिल्म मजनू में प्रीत बाठ, किरण शेरगिल, सब्बी सूरी, निर्मल ऋषि, गुरप्रीत भंगू, मलकीत रौनी, शिवेंद्र महल, जुगनू शर्मा और बब्बर गिल सहित कई कलाकार हैं। सह निर्माता जुगनू शर्मा हैं, लेखक सभा वर्मा हैं।

## रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार

रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला, जबकि शबाना आजमी को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला। बेस्ट प्लेबैक (मेल) का अवॉर्ड अर्जन वैली के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का अवॉर्ड बेशरम रंग के लिए शिल्पा राव को दिया गया। बेस्ट म्यूजिक एल्बम का अवॉर्ड एनिमल के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला। बेस्ट डायलॉग का अवॉर्ड रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला। विक्रांत मेस्सी को बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया। रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) दिया गया। बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला।



## माता सीता की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं प्राची



सोनी टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में माता सीता की भूमिका निभाकर प्राची बंसल रोमांचित है। इसमें भगवान राम की कालजयी यात्रा को दर्शाया गया है। शो में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का किरदार सुजय रेऊ, जबकि माता सीता का किरदार प्राची बंसल ने निभाया है। प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता की भूमिका के लिए कई ऑडिशन और मॉक शूट के बाद, जैसे ही मुझे पता चला कि यह भूमिका मिल गई है, आंखों में आंसू आ गए। यह सब काफी स्वप्निल लग रहा था। बाल, मेकअप और पोशाक के लिए लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हमने कई लुक टेस्ट किए, हर लुक पर 10-12 घंटे खर्च किए। लगभग 8-10 टेस्ट्स के बाद, हम वर्तमान स्वरूप पर सहमत हो गए।

### व्हाट द हेल नव्या का नया सीजन फरवरी में

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नाती नव्या नवेली नंदा के शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन का टेलर रिलीज कर दिया गया है। अमिताभ बच्चन की नाती और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा जल्द अपने शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। इस पॉडकास्ट में नव्या अपनी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन के साथ दिखाई देने वाली हैं। इंस्टाग्राम पर नव्या ने अपने अपकमिंग पॉडकास्ट का ट्रेलर शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत में देखा जा सकता है कि नव्या अपनी नानी जया से कहती हैं कि क्या आप जानती हैं कि जया-इंग नाम का एक शब्द है। इसके बाद नव्या जवाब देते वक्त जोर से हंसती हैं और कहती हैं ओहह। इसके आगे जया ने नव्या से कहा कि तुम लोग बात-बात में बहुत गालियां देती हो। इसके बाद नव्या ने श्वेता से बात की और कहा कि वह आपका सेंस ऑफ ह्यूमर समझ गई हैं। इसके जवाब में श्वेता कहती हैं नहीं आप मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर नहीं समझ सकतीं। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 एक फरवरी से साप्ताहिक स्ट्रीम होगा।

### कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे गुरु रंधावा



जानेमाने गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के साथ बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में गुरु रंधावा और सई एम मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनुपम खेर और इला अरुण भी हैं। यह पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन जी अशोक ने किया है, अमित और लवीना भाटिया द्वारा यह निर्मित है। कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### एकता बनीं एकेवीएस महिला विंग की अध्यक्ष

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : अयोध्या विकास संस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने एकता भटनागर को संगठन की महिला विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि एकता के मनोनयन से जिले में संगठन मजबूत होगा। उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने बताया उनकी सकारात्मकता से संगठन नित्य नई ऊंचाई पर पहुंचेगा।

### अवध विवि की परीक्षा में एक छात्रा नकल करते धरी गई

अयोध्या। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में सोमवार को विवि के सचलदल ने प्रथम पाली में ढोड़े राम पीजी कॉलेज, सेवरा अयोध्या में एक छात्रा अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया तीनों पालियों की विषम सेमेस्टर परीक्षा में 76, 362 परीक्षार्थियों में से 1935 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 35017, द्वितीय पाली में 40586 व तृतीय पाली में 759 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे।

# दर्शनार्थियों को सुगम दर्शन कराने में सहयोग करें : योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर किया दर्शन-पूजन, हनुमानगढ़ी भी गए**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी लगातार भक्तों की आस्था बनी हुई है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सोमवार को भी रामनगरी के दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर के अलावा कामकाज की भी समीक्षा की। ट्रस्ट के पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर श्रद्धालुओं के आवागमन का हालचाल पूछा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सोमवार दोपहर मुख्यमंत्री राजकीय विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे। वहां से सड़क मार्ग से हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी के महंत बलराम दास, राजू दास, हेमंत दास व अन्य संत जनों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पुजारी महंत सतेंद्र दास, महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव सहित अन्य द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के विभिन्न स्थलों, परिसर और दर्शन मार्गों का निरीक्षण किया और श्रीराम जन्मभूमि आने वाले दर्शनार्थियों को सुगम दर्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दर्शनार्थियों के सुलभ दर्शन कराने के लिए किये गए प्रबंधों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री अयोध्या दौरे के दौरान राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर शेष निर्माण कार्य का जायजा लिया। परिसर में आने वाली यात्रियों की सुविधाओं को लेकर यात्री सुविधा केंद्र में क्षमता बढ़ाये जाने का भी निर्देश दिया है। इसके साथ ही रामनवमी मेला में कई लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताते हुए फूल प्रूफ योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है।



रामलला का दर्शन-पूजन करते सीएम योगी। अमृत विचार

### जनवरी में मुख्यमंत्री का छठवां दौरा

जनवरी माह में सीएम योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। आज संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। रामलला के मंदिर में भी प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

### राज्यवार रामलला के शरण में पहुंचेगी कैबिनेट

राम मंदिर में दर्शन के लिए 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट के साथ दर्शन पूजन करेंगे। इसी तरह एक फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कैबिनेट के साथ रामलला का आशीर्वाद लेंगे। दो फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पांच फरवरी को महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, छह फरवरी को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, नौ फरवरी को हरियाणा, 12 फरवरी को राजस्थान, 15 फरवरी को गोवा, 22 को असम, 24 को गुजरात और चार मार्च को एमपी के मुख्यमंत्री का अपनी कैबिनेट के साथ राम मंदिर में दर्शन पूजन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।



### स्केटिंग कर पहुंचे रामनगरी

राजस्थान से स्केटिंग कर पहुंचे भाई-बहन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। बहन सिमरन और भाई कैलाश के साथ परिवार के लोग वाहन से साथ रहे।



### रामराज्य के श्रवण कुमार

बिहार के खगड़िया से माता-पिता छब्बू सिंह और रेखा देवी को कांवड़ के सहारे पैदल लेकर अयोध्या पहुंचे श्रवण कुमार, बोले माता पिता को दर्शन कराने के लिए अयोध्या आएं हैं। ● प्रशांत शेखर

# आस्था स्पेशल ट्रेन से दर्शन-पूजन करनें पहुंचे 4500 श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु लगातार यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए चलाई गईं दो आस्था स्पेशल ट्रेन भी सोमवार राजस्थान से अयोध्या धाम पहुंची। ट्रेन में सवार लगभग 4500 श्रद्धालुओं का ढोल-नगाड़ों व पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रामनगरी में दो दिनों के प्रवास के दौरान सभी श्रद्धालु यहां सरयू स्नान के बाद जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों का दर्शन-पूजन करेंगे।

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा निवेदित करने के लिए श्रद्धालु साइकिल व पैदल यात्रा कर दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं को रामनगरी पहुंचने में कोई परेशानी न हो इसके लिए अलग-अलग राज्यों से यातायात कनेक्टिविटी जोड़ने के साथ आस्था स्पेशल ट्रेनों की शुरुआत की है। राजस्थान से 2500 श्रद्धालुओं को लेकर पहली आस्था स्पेशल ट्रेन सोमवार सुबह करीब आठ बजे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंची। उसके बाद दोपहर करीब दो बजे दो हजार श्रद्धालुओं को लेकर दूसरी स्पेशल ट्रेन पहुंची।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर जय श्रीराम का उद्घोष करते श्रद्धालु।

**▸▸ राजस्थान से आए सभी श्रद्धालुओं का हुआ भव्य स्वागत**



हम लोगों ने जय श्रीराम उद्घोष कर यात्रा की शुरुआत की। हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए सफर को पूरा किया है। यहां पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। नई और दिव्य अयोध्या देखने को मिला। यहां पर सरयू स्नान के बाद रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। ट्रेन में सुविधाएं अच्छी थीं। **- हेमंत, श्रद्धालु, राजस्थान**



हम लोग यहां रामलला के दर्शन करने आए हैं। रेलवे की तरफ से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई। यहां हम लोगों को बहुत ही आध्यात्मिक वातावरण की अनुभूति हो रही है। अयोध्या का स्वरूप भी बदल गया है। बहुत अच्छा लग रहा है। **- दिनेश शर्मा, श्रद्धालु, राजस्थान**

### तीर्थ क्षेत्रपुरम टेंट सिटी में ठहरेंगे श्रद्धालु

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए यहां पहुंचे 4500 श्रद्धालुओं का अयोध्या धाम स्टेशन पर भव्यता के साथ स्वागत किया गया। दो दिनों के प्रवास पर आए श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन सभी श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बनाए गए तीर्थ क्षेत्रपुरम टेंट सिटी में ठहराया जाएगा।

## दर्शनार्थियों के सामान रखने की व्यवस्था होगी और मजबूत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भव्य मंदिर में रोज करीब एक लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। इस बीच उनके सामान व जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था को और भी मजबूत करने पर मंथन शुरू हो गया है। इसके लिए डीएम नितीश कुमार ने सोमवार को ट्रस्ट के पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। डीएम ने श्रद्धालुओं के निकास मार्ग सहित पिलग्रिम फैसिलिटी सेंटर (पीएफसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दर्शनार्थियों को दर्शन की सुविधा को और सुगम बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीएफसी में दर्शनार्थियों के समान व जूते चप्पल आदि को रखने की व्यवस्था को और भी बेहतर करने के संबंध में भी ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप



यूपी पीएससी में चयनित प्रगति को सम्मानित करते सांसद लल्लू सिंह।

### डिप्टी जेलर बनी प्रगति को सांसद ने किया सम्मानित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** यूपी पीएससी के परीक्षा परिणाम में सफलता पाकर डिप्टी जेलर बनीं प्रगति उपाध्याय का सोमवार को सांसद लल्लू सिंह ने सम्मान किया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि बेटियां किसी तरह भी बेटों से कम नहीं है। प्रगति ने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पीसीएस में चयनित प्रगति उपाध्याय ने कहा कि निश्चित लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ने पर सफलता मिलना तय है। उसके लिए शहर बड़े-बड़े कोचिंग संस्थान की आवश्यकता नहीं है। पूर्व विधायक मिल्कीपुर गोरखनाथ बाबा और प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय सिंह भी उनके गांव पूरे गुलाम कौराह खंडासा पहुंचे। इस मौके पर प्रगति के बड़े भाई हिमांशु मिश्रा, शंभू सिंह, बंशीधर शर्मा, जनार्दन मौर्य आदि मौजूद रहे।

### रामनगरी में रैपिडो बाइक टैक्सी सर्विस शुरू




बाइक सवारों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते महापौर।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** देश के चर्चित कम्यूट ऐप रैपिडो ने सोमवार को रामनगरी में बाइक टैक्सी सर्विस लॉन्च की। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बाइक सवारों को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि यह नगर में परिवहन सुविधाओं को किफ़ायती बनाने व युवाओं को रोजगार परक बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने महापौर को स्मृति चिह्न भेंट किया। गुंटुपल्ली ने बताया कि रैपिडो बाइक टैक्सी सर्विस प्रदेश के 12 शहरों में उपलब्ध है। जो 10 लाख सक्रिय यूज़र्स को अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए एक लाख से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर प्रदान कर रही है। इससे अयोध्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे परिवहन के पारम्परिक साधनों ई-रिक्शा, शेयर्ड ऑटो पर निर्भरता कम होगी और पर्यटक, तीर्थयात्री किफ़ायती परिवहन साधनों का लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर सिविल लाइंस से एक रैपिडो बाइक रैली निकाली गई।

### भक्तिपथ व रामपथ से हटवाया गया अतिक्रमण



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या धाम में सोमवार को रेजिडेंट मजिस्ट्रेट संदीप श्रीवास्तव और नगर निगम के प्रवर्तन दल के द्वारा भक्ति पथ के साथ जन्मभूमि पथ और रामपथ पर दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटवाया गया। भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई। 26 दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया। अवैध रूप से पार्किंग करने के कारण 10 वाहनों का चालान भी किया गया। सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि अब तक 111 दुकानदारों को नोटिस दिया जा चुका है। कोतवाल मनोज कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रामकुमार अध्यक्ष व मंत्री बने अनिल सिंह

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** क्षत्रिय बोर्डिंग सोसायटी का रविवार को हुए द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामकुमार सिंह व मंत्री पद पर अनिल सिंह विजयी हुए। चुनाव में कुल 344 सदस्यों में से 302 ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष के दो पदों पर रामकुमार सिंह, चक्रवर्ती सिंह, संयुक्त मंत्री पद पर सुरेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार सिंह, ऑडिटर पद पर अभिषेक सिंह विजयी हुए। 15 कार्यकारिणी सदस्यों में अमित कुमार सिंह, आदित्य विक्रम सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश कुमार सिंह, रणविजय सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, इंद्रप्रताप सिंह, राज कपूर सिंह, भानु प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सूर्य नारायण सिंह विजयी रहे। विजयी पदाधिकारियों ने कहा कि सभी मिलकर संस्था के उत्थान और विकास के लिए कार्य करेंगे।

### साइकिल से 20 हजार किमी दूरी तय कर पहुंचे विश्वजीत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी के लिए साइकिल यात्रा लेकर निकले गाजीपुर निवासी विश्वजीत सिंह सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने यहां रामलला के दर्शन किए। उन्होंने बताया पानी पेड़ और प्रकृति की रक्षा का संदेश देने के लिए विभिन्न राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। अब तक 20 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर 21 राज्यों तक हो आएं हैं। बताया अयोध्या आने के बाद सात सौ किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय की है।




## क्षेत्र से माघ मेला बसों के संचालन का आदेश निरस्त

**अयोध्या, कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर क्षेत्र की बसों का बेड़ा यहां आने वाले श्रद्धालुओं की परिवहन सुविधा और सहूलियत के लिए लगाया गया है। जिसके चलते क्षेत्रीय प्रबंधक ने माघ मेला विशेष बसों के संचालन योजना का आदेश निरस्त कर दिया है। वहीं मुख्यालय ने श्रद्धालुओं को माघ मेला में प्रयागराज ले जाने और लाने के लिए हरदोई क्षेत्र के 220 बसों की ड्यूटी लगाई है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को सुलभ व सुरक्षित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र से माघ मेला बसों के संचालन का आदेश निरस्त किया गया है।

# अयोध्या धाम से मनकापुर तक रेलवे बिछाएगा डबल लाइन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद से रेलवे यात्री सुविधाओं पर खासा ध्यान दे रहा है। सलारपुर से अयोध्या धाम तक दोहरीकरण और विद्युतिकरण का कार्य पूरा हो चुका है। अब मनकापुर तक विस्तार की योजना जोर-शोर से चल रही है। इसके लिए सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही इस पर कार्य भी शुरू हो जाएगा।



केंद्र सरकार सभी तीर्थ स्थलों को सड़क, वायु व जलमार्ग से जोड़ने में जुटी हुई है। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो जाने के बाद आसपास के रेलवे स्टेशनों का महत्व बढ़ गया है। दर्शननगर और सलारपुर रेलवे स्टेशन पर पहले से ही मूलभूत सुविधाओं को बढ़ा दिया गया है। अभी अयोध्या धाम से मनकापुर तक सिंगल लाइन है। 37 किलोमीटर की दूरी में ट्रेनों के संचालन में असुविधा भी होती है। ऐसे में रेलवे ने एक लाइन और बनाने का खाका तैयार किया है। सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड के पास भेज दी गई है।

**▸▸ सर्वे पूरा, दोहरीकरण होते ही बढ़ जाएगी ट्रेनों की रफ्तार**

> मनकापुर से अयोध्या धाम के बीच डबल लाइन हो जाने से ट्रेनों की रफ्तार बढ़ जाएगी। ट्रैक की सर्वे रिपोर्ट पर बोर्ड से सहमति मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा। **- पंकज कुमार सिंह, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, एनईआर**

**कार्यक्रम** | रामोत्सव में देश के नामचीन कलाकारों ने बांधा समां

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज जग जाएंगे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के प्रयास से राम की पैड़ी पर चल रहे रामोत्सव में देश के नामचीन कलाकारों ने समां बांध दिया। सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्ज्वलन कलाकारों द्वारा किया गया।

शुभारंभ हरिहरपुर के बाल कलाकार काजल मिश्रा, रुद्राक्ष मिश्रा, कलश मिश्रा के प्रचलित राम भजन जैसे "मेरी झोपड़ी के भाग्य आज जग जाएंगे राम आएंगे...", "श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में..." आदि की प्रस्तुति से हुआ। ऑर्गन पर पंकज मिश्र, तबला पर सूरज मिश्र, पैड पर संदीप मिश्र, हारमोनियम पर उदयशंकर मिश्र ने संगत की। इसके बाद डॉ. बी सत्यवर प्रसाद ने मृदंगम, बी दुर्गा श्रीनिवास शर्मा ने घटम और मॉर्सिंग, कुमारी वडलामनी हरिप्रिया के स्वर लय माधुरी के माध्यम से भगवान श्रीराम की आराधना की। अगली प्रस्तुति रही प्रो. के शशिकुमार के दक्षिण भारतीय शास्त्रीय गायन की रही। लखनऊ की गुरु मंजू मलकानी के निर्देशन में रामायण नृत्य नाटिका की अंतिम प्रस्तुति रही। कलाकारों ने श्रीराम के जन्म से लेकर सीता विवाह तक के प्रसंग को मंचित किया। डॉ. शोभित कुमार नाहर के नेतृत्व में डॉ. पवन कुमार व प्रशांत ने समन्वयन किया।





सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

## गुप्तारघाट पर सरयू स्थित फ्लोटिंग बैरियर में लगी आग

**अयोध्या। अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के गुप्तारघाट क्षेत्र स्थित सरयू नदी में लगाए गए फ्लोटिंग बैरियर में सोमवार को आग लग गई। घाट पर तैनात पीएसी बाढ़ राहत दल की आठवीं वाहिनी के जवानों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। इस दौरान सरयू जल और घाट से संपर्क के लिए बिछाई गई फाइबर बैरिकेडिंग के जोड़ का एक हिस्सा जल गया, आगजनी में फाइबर बैरिकेडिंग का आधा दर्जन ब्लॉक क्षतिग्रस्त हुए हैं। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्या का कहना है आशंका जताई जा रही है कि किसी श्रद्धालु ने सरयू में स्नान दान के बाद दीप जलाकर फाइबर बैरिकेडिंग के पास सरयू में प्रवाहित किया था और इसी डीप से फाइबर में आग लग गई।

# परिषदीय स्कूलों में हर महीने होगा पीटीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नये शैक्षिक सत्र से परिषदीय स्कूलों में हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन होगा। इसी सप्ताह में पहली पीटीएम होगी। इसमें उपस्थिति, गृहकार्य, यूनीफॉर्म आदि को लेकर चर्चा होगी। कई अभिभावकों ने सरकार से मिले 12 सौ रुपये में यूनिफार्म, जूता व मोजा आदि नहीं खरीदा है, इसे भी अमल में लाया जाएगा।

## भाजपा सरकार में शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा के शासन में सनातन ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को वहां जाने से मना किया और धारा-144 लागू होने का हवाला दिया।

## अयोध्या में कार्यक्रमों के लिए 7.09 करोड़

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 15 लघु मंचों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7 करोड़ 9 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। शासन ने संस्कृति विभाग के निदेशक को कार्यक्रम का पूरा विवरण, फोटो, वीडियो और खर्च का ब्यौरा सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया है।नव्य राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आये थे। साथ ही, धर्म-अध्यात्म, उद्योग, कला-साहित्य, सिनेमा, शिक्षा आदि क्षेत्र से 8 हजार विभूतियां शामिल हुईं। इस दौरान अयोध्या में विभिन्न राज्यों से तमाम कलाकार 15 लघु मंचों पर प्रस्तुतियां दे रहे थे। यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला।

## स्थगित रहेंगी विधायकों से जुड़ी समितियों की बैठकें

**अमृत विचार, लखनऊ :** संसदीय कार्य विभाग ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विधायकों से जुड़ी मंडल व जिला स्तर पर गठित सभी समितियों की बैठकें स्थगित करने का निर्देश दिया है। प्रमुख सचिव जेपी सिंह ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेजे गए आदेश में कहा है कि 2 फरवरी से विधानमंडल का सत्र प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में मंडल व जिला स्तर की गठित ऐसी सभी समितियां, जिनमें विधायक सदस्य नामित हों, उसे सत्र की अवधि के दौरान आहूत न करें।

## श्रद्धालुओं को एसबीआई दे रहा सुविधाएं

**लखनऊ, (वि.), अमृत विचार।** अयोध्या में निरन्तर पहुंच रहे श्रद्धालुओं, पर्यटकों की सुविधा के मद्देनजर बैंकिंग सेक्टर भी पांव पसारने को तैयार है। विस्तार की इस कड़ी में एसबीआई भी फरवरी तक अयोध्या में एक व्यक्तिगत बैंकिंग शाखा समेत दो और शाखाएं खोलने की योजना बना रहा है। एसबीआई ने अयोध्या निवासियों को आसान लोन देने के लिए मिनी आरएसीपीसी पहले ही खोल दिया है। हालांकि उक्त बैंक की पहले से छब्बीस शाखाएं वहां हैं। शरद स. चांडक, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल ने बताया कि हमने एक मोबाइल एटीएम वैन तैनात किया है, जो अयोध्या में विभिन्न स्थानों को कवर करेगा ताकि आगंतुकों को निकासी सुविधा प्रदान की जा सके। बहुत जल्द, हम मंदिर परिसर और अयोध्या हवाई अड्डे पर एटीएम स्थापित कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के रूप में हम अयोध्या में दो अंडरपास और दो प्रमुख पार्क तुलसी उध्यान एवं कंपनी गार्डन, गुप्तार घाट जनता के लिए विकसित कर रहे हैं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

**मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना**
(सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या-224001 ई-मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [ नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें ]**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **14.02.2024** (समय: प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई.नीलामी में "जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई-नीलामी में वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के द्वारा दिनांक **14.02.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई-नीलामी के आध्यम से बेबसाइट : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp नीलामी की तिथि व समय – 14.02.2024
समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई-नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले

| क्र. सं. | 1. उधारकर्ता का नाम<br>2. जमानतकर्ता का नाम<br>3. शाखा | अचल सम्पत्ति का विवरण<br>बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) सरफेसी नियम 2002<br>ब) कब्जा की तिथि<br>स) बकाया राशि<br>द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | अ) आरक्षित मूल्य<br>ब) धरोहर धनराशि<br>स) वृद्धिशील बिड धनराशि<br>द) प्राधिकृत अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता** : मेसर्स **बी.पी. इण्टरप्राइजेज**, इसके प्रोपराइटर श्री कुष्मेश कुमार पुत्र स्व. बद्री प्रसाद, निवासी खसरा सं-99 व 125 का मिनजुमला पर मकान-ग्राम तेजपुर, पो. भानमऊ, परगना सतरिख तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश (प्रोपराइटर फर्म) **जमानतकर्ता: श्री राम प्रकाश चौहान** पुत्र श्री भभूति, निवासी ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरायण, जिला बाराबंकी, उ.प्र.<br>**शाखा: बाराबंकी शाखा (10662)** | श्री कुष्मेश कुमार के स्वामित्व में मकान के सभी भाग व खण्ड निर्मित खसरा सं. 209 व 214, न्यू खसरा सं. 99 एवं 125 क-मिन-जुमला, ग्राम तेजवापुर परगना सतरिख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 141.26 वर्गमीटर या 1519.96 वर्गफीट, **चौहद्दी:** पूर्वः श्री सहदेव का मकान, पश्चिमः श्री भरोसे का मकान, उत्तरः सीसी रोड. दक्षिणः मकान | अ) 09.11.2015<br>ब) 24.02.2016<br>स) रू. 9,57,998.36 दिनांक 13.05.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 11,13,000.00<br>ब)रू. 1,11,500.00<br>स)रू. 11,130.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 2. | **उधारकर्ता: 1) मेसर्स ताजडीड ब्रिक कंपनी** इसके प्रस्ताव के माध्यम से श्रीमती सादिया सलमान पत्नी मो. सलमान, ग्रामः मीरापुर पोस्टः बिबियापुर, तहसीलः हैदरगढ़, बाराबंकी **2) श्रीमती सादिया सलमान** पत्नी मो. सलमान, ग्रामः तीरग्रान तहसीलः नवाबगंज, जिलाः बाराबंकी, उत्तर प्रदेश (स्वामित्व फर्म) **जमानतकर्ता : श्री मोहम्मद सलमान,** पुत्र स्व. श्री मोहम्मद अबीस, ग्राम तीरग्रान तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उ.प्र.<br>**शाखा : बाराबंकी शाखा (10662)** | श्री मोहम्मद सलमान पुत्र स्वर्गीय श्री मोहम्मद अबीस के स्वामित्व में सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित खसरा नं. 728 एम. ग्राम बरैल, परगना तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, क्षेत्रफल 770 वर्ग फ़ीट। **चौहद्दी**- पूर्वः हाशमा बेगम की भूमि और भवन, पश्चिमः विक्रेता की भूमि, उत्तरः 20 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, दक्षिणः श्री रमेश का खेत | अ) 02.02.2019<br>ब) 22.04.2019<br>स) रू. 10,24,353.00 दिनांक 24.05.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) भौतिक कब्जा | अ)रू. 12,32,000.00<br>ब)रू. 1,23,500.00<br>स)रू. 12,320.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 3. | **उधारकर्ता : मेसर्स अमन फैब्रिकेशन (प्रोप्राइटरशिप फर्म)** श्रीमती सबा बानो पत्नी नौसाद अली ग्राम-कस्बा गिर्दनेवाह, परगना, तहसील व जिला रायबरेली **प्रोप्राइटर का नाम :** श्रीमती सबा बानो पत्नी नौसाद अली निवासीः ग्रा. कस्बा गिर्दनेवाह, परगना, तहसील व जिला-रायबरेली,<br>**जमानतकर्ता : श्री इरशाद अली** पुत्र स्व. हाफिज अली, ग्रा. व पो.-बखाई, तहसील-लालगंज, जिला-रायबरेली **शाखा : ऐहार (69380)** | गाटा नं. 379 मि. क्षेत्रफल 115.32 वर्गमीटर, ग्राम कस्बा गिरदनेवाह, परगना, तहसील और जिला- रायबरेली , श्री इरशाद अली पुत्र स्वर्गीय हाफिज अली के स्वामित्व में।<br>**चौहद्दी :** पूर्व- सोनकर का खेत , पश्चिम- प्रस्तावित 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर-सह काश्तकार की भूमि, दक्षिण- किरण का भूखंड **वास्तविक के अनुसार संपत्ति की सीमाएंः** पूर्व- सोनकर का घर, पश्चिम- प्रस्तावित 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर- खुली भूमि, दक्षिणः- किरण का घर। | अ) 17.06.2019<br>ब) 10.01.2020<br>स) रू. 7,39,763.70 दिनांक 17.06.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 05,98,000.00<br>ब)रू. 59,800.00<br>स)रू. 5,980.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 4. | **उधारकर्ता : श्री विनोद सिंह** पुत्र श्री हरिहर सिंह, लखपेड़ा बाग, अग्रवाल आटा चक्की के पास, बाराबंकी, उ.प्र.<br>**जमानतकर्ताः श्रीमती विंध्याचली देवी** पत्नी श्री हरिहरसिंह, लखपेड़ा बाग, अग्रवाल आटा चक्की के पास, बाराबंकी, उ.प्र.<br>**शाखाः बाराबंकी शाखा (10662)** | श्रीमती विंध्याचली देवी पत्नी श्री हरिहर सिंह के स्वामित्व में मकान सम्पत्ति के सभी 2 भाग व खण्ड स्थित खसरा नंबर 37 3. ग्राम-बराली, मोहल्ला-लखपेड़ा बाग, नवाबगंज सीमा से बाहर, परगना एवं तहसील-नवाबगंज, जिला-बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, प्लॉट का क्षेत्रफल 1740 वर्ग फीट,<br>**चौहद्दीः** उत्तर- प्लॉट अब श्रीमती मालती मिश्रा का मकान, दक्षिण-15 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व- प्लॉट अब विजय सिंह का मकान, पश्चिम- उमेश चंद्र का प्लॉट अब सूर्य प्रकाश वर्मा का मकान | अ) 01.03.2015<br>ब) 20.05.2015<br>स) रू. 10,55,816.00 दिनांक 30.09.2014 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 37,68,000.00<br>ब)रू. 3,76,800.00<br>स)रू.37,700.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 5. | **उधारकर्ता : कामधेनु दुग्ध उत्पादन केंद्र,** प्रो. श्री प्रेम प्रकाश पुत्र बिराय, निवासी : परसा तुड़ी, पोस्ट : भेलखा, तहसील : सदर बस्ती जिला : बस्ती-272001<br>**शाखा : मुख्य शाखा, बस्ती** | सभी सम्पत्ति के भाग व हिस्से निहित स्थित आवासीय भवन का समस्त भाग एवं पार्सल- गाटा/प्लॉट संख्या-50 आ. क्षेत्र 0.094 हेक्टेयर, खाता संख्या 0039 परसा तुड़ी, टप्पा हवेली, परगना : बस्ती पश्चिम तहसीलः बस्ती सदर जिला : बस्ती, नामे श्री प्रेम प्रकाश पुत्र बिराय।<br>**चौहद्दी :** उत्तरः हरदाई राम की भूमि, दक्षिणः राम केश की भूमि, पूर्वः सड़क और पश्चिमः प्रेम प्रकाश की भूमि (बंधक) | अ) 22.02.2022<br>ब) 13.10.2022<br>स) रू. 18,18,194.00 दिनांक 16.03.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 45,54,000.00<br>ब)रू. 4,55,400.00<br>स)रू. 45,540.00<br>द) श्री शैलेन्द्र भदौरिया 9752520989 |
| 6. | **उधारकर्ता : (1) आरपीएस पोल्ट्रीज** पता : गांव- भुजवान खेड़ा, पोस्ट-दिघोरा, रायबरेली यूपी 229303 **(2) राम प्रसाद सोनकर** पुत्र सिया राम पता : गांव- भुजवान खेड़ा, पो.-दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र.) 229316 **जमानतकर्ता : (1) कबीर दास** पुत्र सियाराम, पता : गांव- भुजवान खेड़ा, पोस्ट-दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र.) **(2) राकेश कुमार** पुत्र महावीर पता : गांव-सराय उमर, पो.-दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र)<br>**शाखा : ऐहार (59380)** | गाटा संख्या 359 मि. स्थित ग्राम-दिघौरा सोम्मऊ, परगना, तहसील एवं जिला-रायबरेली, श्री राम प्रसाद सोनकर पुत्र श्री सियाराम उत्तर प्रदेश में रहते है, जिसका क्षेत्रफल 1520 वर्गमीटर है।<br>**दस्तावेज़ों के अनुसार चौहद्दी :** उत्तर-गलियारा, दक्षिण-महराजदीन का खेत, पूर्व-गलियारा, पश्चिम- रामपाल का खेत **साइट के अनुसार चौहद्दी :** उत्तर-लिंक रोड, दक्षिण-राम पाल का खेत, पूर्व-लिंक रोड, पश्चिम-रामदीन का खेत | अ) 24.05.2019<br>ब) 25.08.2020<br>स) रू. 15,61,202.00 दिनांक 24.05.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 22,16,000.00<br>ब)रू. 2,22,040.00<br>स)रू. 22,160.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 7. | **उधारकर्ता : मेसर्स माँ दुर्गा इण्डस्ट्रीज** (प्रोप्राइटर-श्री अमित कुमार वर्मा ) ग्राम दमौरा, परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज, जिला- बाराबंकी<br>**प्रोप्राइटर** - श्री अमित कुमार वर्मा पुत्र श्री राम चन्द्र, ग्राम जलालपुर दौरा, पोस्ट ददारा, जिला- बाराबंकी<br>**जमानतकर्ताः (अ) श्रीमती डेज़ी** पत्नी श्री शैलेश कुमार वर्मा, मकान सं. 324, शक्ति नगर, ए ब्लॉक इन्दिरा नगर, लखनऊ ।<br>**(ब) श्री राम संजीवन** पुत्र श्री राम नाथ, ग्राम दमौरा, परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी 225001 2 ( स ) श्री ऋषि कुमार वर्मा पुत्र श्री बेनी प्रसाद वर्मा, ए-1 /66, विरामखंड, गोमती नगर, लखनऊ ।<br>**शाखा : बाराबंकी (10662)** | **सम्पत्ति संख्या 1 :** श्री राम संजीवन पुत्र श्री राम नाथ के स्वामित्व में भूमि व भवन सीजीआई रूफेड शेड व स्लैब स्थित खसरा नंबर 414 क - मिन-जुमला, ग्राम दमौरा, परगना- प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, क्षेत्रफल 10,308.08 वर्ग फीट ( 958.00 वर्ग मी0), **चौहद्दीः** पूर्व-श्री नंदकिशोर का खेत, पश्चिमः चकमार्ग, उत्तरः जलालपुर लिंक मार्ग, दक्षिणः श्री नंदकिशोर का खेत **वास्तविक के अनुसार सम्पत्ति की चौहद्दी :** पूर्व-श्री नंद किशोर का खेत, पश्चिम-चकमार्ग, उत्तर-जलालपुर लिंक मार्ग, दक्षिण-श्री महादेव का खेत<br>**सम्पत्ति संख्या-2:** खाली प्लॉट, प्लॉट सं. 1 एवं 2 (दो संपत्तियां): खसरा नंबर 250 का-मि. जुमला, ग्राम-पिसार, दीनदयाल नगर कॉलोनी, प्राइमरी स्कूल के पास, तहसील-नवाबगंज, बाराबंकी, उ.प्र. प्लॉट नंबर 1. 2940 वर्गफुट एवं प्लॉट नंबर 2. 1322 वर्गफुट **चौहद्दीः प्लॉट सं. 1:** पूर्व-श्री भरत राम का प्लॉट, पश्चिम-श्रीमती कमलेश का प्लॉट, उत्तर-25 फीट चौड़ा बी.ओ.ई. रास्ता, दक्षिण-श्री सत्य नारायण के खसरा संख्या 251 की भूमि **प्लॉट सं. 1:** खसरा सं. 250 का प्लॉट, पश्चिम-खसरा सं. 250 का प्लॉट, उत्तर-श्री हरिराम मौर्य की कृषि भूमि, दक्षिण-25 फीट चौड़ा बी.ओ.ई. रास्ता। | अ) 03.01.2018<br>ब) 08.06.2018<br>स) रू. 90,78,868.04 दिनांक 03.01.2018 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) भौतिक कब्जा | अ)रू. 64,72,000.00<br>ब)रू. 32,86,000.00<br>स)रू. 64,720.00<br>अ)रू. 6,47,200.00<br>ब)रू. 3,28,600.00<br>स)रू. 6,472.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 8. | **उधारकर्ता : अ. मेसर्स मां वैष्णो एग्रो प्रोडक्ट्स,** ग्राम सोहिलपुर, सरकारी इंडस्ट्रियल इस्टेट, जैदपुर, बाराबंकी (प्रोप्राइटरशिप फर्म)<br>**ब. श्री राम सिंह पुत्र भभूति** ( प्रोप्राइटर), ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरैया, जैदपुर, तहसील - नवाबगंज,<br>**जमानतकर्ताः अ. श्री कुष्मेश कुमार** वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद वर्मा, ग्राम रामुआपुर, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी<br>**ब. श्री राम प्रकाश पुत्र** भभूति, ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरैया, जैदपुर, तहसील - नवाबगंज, बाराबंकी<br>**शाखा : बाराबंकी (10662)** | (1) श्री राम सिंह पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में प्लॉट सं. 12,13,14,15,16 एवं 17 पर राइस मिल की फैक्ट्री भूमि व भवन स्थित मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला बाराबंकी, क्षेत्रफल 774.32 वर्गमीटर या 8331.68 वर्गफीट,<br>**चौहद्दीः** पूर्वः ग्राम समाज भूमि, पश्चिमः पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तरः कृषि भूमि, दक्षिणः खडंजा रोड<br>**वास्तविक के अनुसार संपत्तियों की चौहद्दी :** पूर्वः खाली भूमि, पश्चिमः 30 फीट चौड़ी पक्की सड़क (जैदपुर रोड), उत्तरः कृषि भूमि दक्षिणः 15 फीट चौड़ी बीओई रोड एवं फिर मालिक के भाई राम प्रकाश चौहान की राइस मिल<br>(2) श्री राम प्रकाश चौहान पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में प्लॉट सं. 5,6,7,8,9,10 एवं 11 पर भूमि व भवन पर सिंगल स्टोरी राइस मिल स्थित मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला बाराबंकी, **चौहद्दीः** पूर्वः चौड़ी सड़क, पश्चिमः पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तरः खडंजा दक्षिणः इंडस्ट्रियल स्टेट प्लॉट। | अ) 01.11.2014<br>ब) 20.05.2015<br>स) रू. 33,93,565.86 दिनांक 01.11.2014 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) भौतिक कब्जा | अ-1)रू. 25,30,000.00<br>ब-1)रू. 2,53,000.00<br>स-1)रू. 25,300.00<br>अ-2)रू. 36,08,000.00<br>ब-2)रू. 3,61,000.00<br>स-2)रू. 36,080.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 9. | **उधारकर्ता : मेसर्स आशीर्वाद शूज** (प्रो. श्री अशोक कुमार), पताः तालेबंद खेड़ा, भैरमपुर, महराजगंज, बछरावां, रायबरेली, उ.प्र. -229301.<br>**शाखाः बछरावां (69360)** | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लाल बहादुर के स्वामित्व में आवासीय भूमि के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 1373.5 वर्ग फीट, स्थित मोहल्ला मनिहारन टोला नगर पंचायत बछरावा, परगना बछरावा, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली।<br>**चौहद्दीः** पूर्वः खड़ंजा मार्ग, पश्चिमः शुसील कुमार का मकान, उत्तरः स्वतः क्रेता की भूमि, दक्षिणः चंद्रकांति का मकान। | अ) 06.06.2022<br>ब) 14.11.2022<br>स) रू. 5,25,372.95 दिनांक 03.06.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 08,33,000.00<br>ब)रू. 83,300.00<br>स)रू. 08,330.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 10. | **उधारकर्ता : श्री शेषमणि चतुर्वेदी** पुत्र तपेश्वर चतुर्वेदी चक अहमदपुर नजूल, डेंटल हाउस, रायबरेली-229001 **जमानतकर्ता : (1) मयंक वाजपेयी** पुत्र गोविंद स्वरूप बाजपेयी टी-11-बी रेलवे स्टेशन, रायबरेली 229001 **(2) सुनीता चतुर्वेदी** पत्नी शेषमणि चतुर्वेदी ओसी-126-42 इंदिरा नगर, आवास विकास कॉलोनी रायबरेली-229001<br>**शाखा : रायबरेली मुख्य शाखा (30240)** | गाटा संख्या 753 (खाता संख्या - 675), अहमदपुर नजूल, ओवर ब्रिज के पास, परगना तहसील सदर और जिला रायबरेली -229001 में स्थित घर के सभी भाग और पार्सल सुनीता चतुर्वेदी पत्नी शेषमणि चतुर्वेदी के नाम पर।<br>**स्थल पर वास्तविक चौहद्दी :** उत्तर-सड़क फिर ओवरब्रिज, दक्षिण-एस ए जैदी का प्लॉट, पूर्व -राम उजेर का घर और पश्चिम-विक्रेता की भूमि फिर रेलवे लाइन।<br>**विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दीः** उत्तर-विक्रेता की भूमि फिर ओवरब्रिज, दक्षिण-विक्रेता की भूमि, पूर्व-राम उजेर की भूमि पश्चिम-विक्रेता की भूमि फिर रेलवे लाइन। | अ) 27.10.2020<br>ब) 18.02.2021<br>स) रू. 72,76,261.42 दिनांक 27.10.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 16,00,000.00<br>ब)रू. 1,60,000.00<br>स)रू. 16,000.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 11. | **उधारकर्ता : श्री राजाबाबू गुप्ता** पुत्र श्री गणेश प्रसाद, पता : म.नं. 303ए, ग्राम-कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना-हवेली अवध, तहसील-सदर, फैजाबाद जिला- अयोध्या, उत्तर प्रदेश<br>**जमानत कर्ता : (1) श्रीमती गीता देवी** पत्नी श्री गणेश प्रसाद पता : म.नं. 303ए, ग्राम-कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना-हवेली अवध, तहसील-सदर, फैजाबाद जिला- अयोध्या, उत्तर प्रदेश **(2) श्री गणेश प्रसाद गुप्ता** पुत्र श्री राम नारायण गुप्ता पता : म.नं. 303ए, ग्राम-कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना-हवेली अवध, तहसील-सदर, फैजाबाद जिला- अयोध्या<br>**शाखा : फैजाबाद मुख्य शाखा (38510)** | म.नं. 303ए, ग्राम-कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना-हवेली अवध, तहसील-सदर, फैजाबाद जिला-अयोध्या, उत्तर प्रदेश जो कि सुश्री गीता देवी पत्नी श्री गणेश प्रसाद के नाम पर है, क्षेत्रफल 800 वर्गफ़ीट।<br>**चौहद्दी :** उत्तर-अकबरपुर रोड, दक्षिण-कन्या प्राथमिक पाठशाला, पूर्व-गीता देवी पत्नी रामजी का घर , पश्चिम-अजय कौशल का घर | अ) 13.01.2022<br>ब) 14.10.2022<br>स) रू. 9,83,231.00 दिनांक 30.09.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 34,16,000.00<br>ब)रू. 3,41,600.00<br>स)रू. 34,160.00<br>द) श्री रत्नेश कुमार 9569667575 |
| 12. | **उधारकर्ता : श्री राजेंद्र कुमार,** पुत्र अरिमर्दन, गाटा नं 1013 मील, गांव अहमदपुर नजूल, मलिक मऊ (सरस होटल के पास) जिला रायबरेली, उ.प्र. -229001 **जमांतकर्ता : श्री अंजनी कुमार,** गाटा नं 1013 मील, गांव अहमदपुर नजूल, मलिक मऊ (सरस होटल के पास) जिला रायबरेली, उ.प्र.-229001<br>**शाखा : रायबरेली (eCB)(13442)** | स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा और भाग, कुल 1729.60 वर्ग फुट श्री अंजनी कुमार के हैं, गाटा नंबर 1013 एमआई, गांवः अहमदपुर नजूल, मलिकमऊ (सरस होटल के पास), सुल्तानपुर रोड, परगना, तहसील व जिला रायबरेली,<br>**चौहद्दीः** पूर्वः शिवकेश कुमार की भूमि, पश्चिम : राम देव गुप्ता का घर, उत्तरः शिवकेश कुमार की भूमि, दक्षिणः रायबरेली से सुल्तानपुर रोड। | अ) 20.07.2021<br>ब) 13.10.2021<br>स) रू. 32,42,283.87 ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 43,55,600.00<br>ब)रू. 4,35,600.00<br>स)रू. 43,556..00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 13. | **उधारकर्ता : श्रीमती जूली सिंह** पत्नी श्री आनंद सिंह, ग्राम कटया, पोस्ट कटया, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश-272302<br>**जमानतकर्ता/बंधककर्ता : श्री चिंता हरण सिंह** पुत्र श्री राम अवध सिंह, पत्नी श्री आनंद सिंह,ग्राम कटया, पोस्ट कटया, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश-272302 **शाखा : बस्ती (eAB)** | आराजी 57, ग्राम-गोटा, टप्पा गणेशपुर, परगना-नगर पूर्वी, तहसील-बस्ती, जिसका स्वामित्व श्री चिंता हरण सिंह पुत्र श्री राम अवध सिंह के पास है, जिसका क्षेत्रफल 1172 वर्ग मीटर है।<br>**चौहद्दी :** पूर्व-राम लाल का प्लॉट, पश्चिम-इंटरलॉकिंग रोड, उत्तर -राम औतार की भूमि और दक्षिण-प्लॉट नंबर 58 (श्री लाल की भूमि) | अ) 11.06.2019<br>ब) 06.12.2019<br>स) रू. 21,26,706.00 दिनांक 01.06.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 61,70,000.00<br>ब)रू. 6,17,000.00<br>स)रू. 61,700.00<br>द) श्री शैलेन्द्र भदौरिया 9752520989 |
| 14. | **उधारकर्ताः मेसर्स संत एग्रो इण्डस्ट्रीज** (पार्टनरशिप फर्म) ग्राम व पोस्ट सिद्धौर तहसील हैदरगढ़,जिला- बाराबंकी<br>**पार्टनर्स : अ) श्री कुलदीप वर्मा** एवं श्री सुशील वर्मा, दोनों पुत्र श्याम लाल वर्मा, निवासी-ग्राम मेहंदीपुर हरख, पोस्ट हरख तहसील नवाबगंज जिला-बाराबंकी **ब) श्री दिग्विजय सिंह** एवं श्री हर्ष पटेल पुत्र श्री बाबू लाल, ग्राम मेहंदीपुर निवासी-हरख पोस्ट हरख तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी - 225121 **स) श्री विपिन कुमार** पुत्र रामकेवल ग्राम मेहंदीपुर निवासी-हरख पो. हरख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी-225121<br>**जमानतकर्ताः i) श्री कुलदीप वर्मा** पुत्र श्री श्याम लाल वर्मा पपद्ध **श्री दिग्विजय सिंह** पुत्र श्री बाबू लाल पपपद्ध **श्री विपिन कुमार** पुत्र राम केवल पअद्ध **श्री श्याम लाल** पुत्र राम आधार वर्मा, अद्ध **श्री बाबू लाल** पुत्र राम आधार वर्मा अपद्ध **श्री राम केवल** पुत्र राम आधार वर्मा अपपद्ध **श्री हर्ष पटेल** पुत्र श्री बाबू लाल वर्मा अपपपद्ध **श्री सुनील वर्मा** पुत्र श्याम लाल वर्मा उपरोक्त सभी (प से अपपप) निवासीगण ग्रा. मेहंदीपुर, हरख पो. हरख तह. नवाबगंज, जिला बाराबंकी- 225121 **शाखा : बाराबंकी** | (1) श्री कुलदीप एवं श्री सुशील वर्मा दोनों पुत्र श्री श्याम लाल (2) श्री विपिन वर्मा पुत्र श्री राम केवल (3) श्री दिग्विजय सिंह एवं श्री हर्ष पटेल दोनों पुत्र श्री बाबू लाल के स्वामित्व में राइस मिल बिल्डिंग, खसरा सं. 17 क-मिन-जुमला के भूमि पर निर्मित, बाराबंकी - सिधौर से देवीगंज रोड, ग्राम खपरैच (विशेष गांव ) परगना - सिद्धौर, तहसील - हैदरगढ़, जिला - बाराबंकी, क्षेत्रफल 21,950.00 वर्ग फीट (2040 वर्ग मी०),<br>**चौहद्दीः** पूर्व-चक रोड व उसके बाद शकीर का खेत, पश्चिम- श्री मुन्ना का खेत, उत्तर-बाराबंकी-सिधौर से देवीगंज रोड, दक्षिण-श्री विजय शंकर का खेत, **वास्तविक के अनुसार सम्पत्ति की चौहद्दीः** पूर्व-चक रोड एवं उसके बाद शकीर का खेत, पश्चिम-श्री मुन्ना का खेत, उत्तर- बाराबंकी-सिधौर से देवीगंज रोड, दक्षिण-श्री विजय शंकर का खेत | अ) 02.04.2019<br>ब) 15.06.2019<br>स) रू. 59,34,995.00 दिनांक 30.06.2023 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) भौतिक कब्जा | अ)रू. 92,11,500.00<br>ब)रू. 09,22,000.00<br>स)रू. 92,200.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 15. | **उधारकर्ता : श्री दीन दयाल पुत्र सुमेश्वर प्रसाद** मकान सं. 8ए, सौर्य विहार, खसरा सं. 262 (min), सैदपुर जागीर, तहसील बख्शी का तालाब, जिला- लखनऊ-226201<br>**शाखा : मसौली (30230)** | श्री दीन दयाल पुत्र श्री सुमेश्वर प्रसाद के स्वामित्व में भूमि व भवन स्थित मकान सं. 8ए, सौर्य विहार, खसरा सं. 262 एम, सैदपुर जागीर, तहसील बख्शी का तालाब जिला लखनऊ, क्षेत्रफल 1150.34 वर्ग फीट (106.87 वर्गमी०), **सम्पत्ति की चौहद्दी :** पूर्व -प्लॉट सं. 06 पर मकान, पश्चिमः 22 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर-प्लॉट सं.- 07, दक्षिणः मकान सं. 8, डॉ० के.के. चौधरी **(वास्तविक के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी):** पूर्व : प्लॉट सं. 06 पर मकान, पश्चिमः 22 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः मकान सं. 07, जी.के. मिश्रा, दक्षिणः मकान सं. 08, डॉ. के. के. चौधरी | अ) 19.09.2015<br>ब) 13.11.2018<br>स) रू. 22,91,427.00 दिनांक 19.09.2015 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 42,52,500.00<br>ब)रू. 4,25,250.00<br>स)रू. 42,525.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 16. | **उधारकर्ता : मेसर्स यश फूड्स,** चांदपुर रोड, महाराजगंज जिला- रायबरेली (पार्टनरशिप फर्म)<br>**1) श्री आयुष कुमार पुत्र जगदीप** कुमार, चांदपुर रोड, महराजगंज जिला-रायबरेली<br>**2) श्री जगदीप कुमार** पुत्र अंजनी कुमार, चांदपुर रोड, महराजगंज जिला- रायबरेली<br>**3) श्रीमती शकुंतला पत्नी जगदीप** कुमार, चांदपुर रोड, महराजगंज जिला - रायबरेली<br>**जमानतकर्ताः श्री अशोक कुमार** पुत्र श्री अंजनी कुमार, चांदपुर रोड, महाराजगंज जिला - रायबरेली<br>**शाखा : रायबरेली (19781)** | 1) श्री जगदीप कुमार एवं श्रीमती शकुंतला पत्नी श्री जगदीप कुमार के स्वामित्व में साम्यिक बंधक भूमि बियरिंग प्लॉट सं. 1650 एवं 1651,1652, 1129, 1130, 1647 एवं 1656 एमआई स्थित अत्रेहटा, महाराजगंज जिला रायबरेली।<br>(संपत्ति विवरण प्लॉट सं. 1650 एवं 1651 जैसा कि 742 डीड दिनांक 31.08.1989 में निर्दिष्ट है): उत्तरः नाला, दक्षिणः हरखू का खेत एवं अन्य, पूर्वः श्यामलाल का खेत, पश्चिमः रामेश्वर का बाग।<br>संपत्ति विवरण प्लॉट सं. 1129,1130 एवं 1656 एम जैसा कि सेल डीड सं. 1447 दिनांक 20.09.2004 में निर्दिष्ट है): उत्तरः शकुंतला का खेत एवं अन्य, दक्षिणः मैकू का खेत, पूर्वः मैकू एवं अन्य का खेत, पश्चिमः शकुंतला एवं अन्य का खेत।<br>संपत्ति विवरण प्लॉट सं. 1652 एवं 1656 जैसा कि सेल डीड सं. 409 दिनांक 22.02.1997 में निर्दिष्ट हैः उत्तरः जगदीप का खेत, दक्षिणः शकुंतला एवं अन्य का खेत, पूर्वः कौशल एवं अन्य का खेत, पश्चिमः सत्य नारायण एवं अन्य का खेत संपत्ति विवरण प्लॉट सं. 1647 जैसा कि सेल डीड सं. 1256<br>दिनांक 23.07.2001 में निर्दिष्ट हैः उत्तरः रामेश्वर का खेत, दक्षिणः राम कुमारी गुप्ता का खेत, पूर्वः दयाराम का खेत एवं अन्य, पश्चिमः शीतल का खेत<br>2) श्री अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय अंजनी कुमार के स्वामित्व में भूमि (143 के तहत परिवर्तित) का साम्यिक बंधक, गाटा खसरा सं. 1684, क्षेत्रफल 6920 वर्ग मीटर स्थित ग्राम अत्रेहटा महाराजगंज तहसील रायबरेली, चौहद्दीः पूर्व- चक रोड, पश्चिमः रामराजा एवं अन्य का खेत, उत्तरः चक रोड, दक्षिणः साहबशरण का खेत<br>3) श्रीमती शकुंतला पत्नी श्री जगदीप कुमार के स्वामित्व में साम्यिक बंधक, भूमि बियरिंग प्लॉट सं. 348/2 डीड सं. 548 दिनांक 22. 03.2007, क्षेत्रफल 710 वर्गमी० स्थित खैरहानी परगना बछरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली (लखनऊ रायबरेली हाईवे), **चौहद्दीः** पूर्वः बंजर भूमि, पश्चिमः सड़क लखनऊ से रायबरेली, उत्तर-वीरेंद्र का खेत, दक्षिणः वीरेंद्र व अन्य का खेत | अ) 03.11.2016<br>ब) 06.02.2017<br>स) रू. 06,51,72,908.25 दिनांक 03.11.2016 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 02,30,51,000.00<br>ब)रू. 23,05,100.00<br>स)रू. 2,30,510.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060<br>अ)रू. 51,90,000.00<br>ब)रू. 05,19,000.00<br>स)रू. 51,900.00<br>अ)रू. 31,95,000.00<br>ब)रू. 03,19,500.00<br>स)रू. 31,950.00 |

**प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार : कोई अधिभार ज्ञात नहीं**

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई-नीलामी के नियम व शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** हेल्प लाइन ई-मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

**Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना**

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई- नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 29.01.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

## एक नजर

### आग में जिंदा जलीं 16 बकरियां, एक गंभीर

**बभनान, गोंडा :** रविवार की रात अचानक आग लगने से 16 बकरियों की जलकर मौत हो गई। वहीं एक बकरी गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जैसे तैसे करके ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक 16 बकरियां काल के गाल में समा चुकी थीं। रविवार के मध्य रात्रि में छपिया थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव के मजरे मनसुखपुर गांव के रहने वाले जमील अहमद पुत्र शौकत अली की 16 बकरियां छप्पर में आग लगने से जलकर मौत के आगोश में समा गईं। पीड़ित जमील अहमद ने बताया कि घर के कुछ ही दूरी पर छप्पर रख कर बकरियों को बांधने के लिए स्थान बनाया हुआ है। उसी में सभी बकरियों को प्रति दिन की तरह बांधा था। रविवार की रात में भोजन आदि के उपरांत परिवार वाले सो रहे थे। इसी दौरान अचानक 12 बजे रात में मवेशियों के लिए बने छप्पर से आग की ऊँची लपट दिखने लगी। आग इतनी तेज थी कि खुद से काबू पाना मुश्किल था। इसलिए हल्ला गुहार मचाया गया। जिससे गांव वाले इक्ट्ठा हो गए और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक छप्पर के नीचे बांधी 18 बकरियों में से 16 बकरियों की मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो चुकी थी।

### बोर्ड के विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हुई

**रुपईडीह, गोंडा :** पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्य नगर में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के रसायन विज्ञान विषय के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा देवरिया जिले के एसडी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता संजय कुमार तिवारी की देखरेख में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी ने बताया परीक्षा में 106 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# 34 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका

## डाटा फीडिंग में शिथिलता बरतने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई, मचा हड़कंप

**गोंडा कार्यालयः** यू डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल का डाटा फीड करने में शिथिलता बरतने वाले 34 स्कूलों के प्रधानाध्यापक फंस गए हैं। बीएसए ने इन सभी का वेतन रोक दिया है और 31 जनवरी तक हर हाल में फीडिंग कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा के 183 व अल्पसंख्यक विभाग से संचालित 156 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी संस्तुति रिपोर्ट संबंधित विभागों को भेजी है।



31 तक नहीं हुई फीडिंग तो खंड शिक्षा अधिकारी होंगे जिम्मेदार

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

सरकार और विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद स्कूल संचालक बच्चों का डाटा यू डायस पोर्टल पर नहीं फीड कर रहे हैं। डाटा फीडिंग के लिए विभाग ने 31 जनवरी तक की समय सीमा तय की है बावजूद इसके माध्यमिक शिक्षा के 183 कॉलेज, अल्पसंख्यक विभाग के 156 मदरसों व बेसिक शिक्षा के 34 परिषदीय स्कूलों ने अब तक डाटा फीडिंग का काम नहीं शुरू किया है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बीएसए प्रेमचंद यादव ने 34 परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन रोक दिया है। लापरवाही बरतने वाले स्कूलों में बभनजोत ब्लाक का प्राथमिक विद्यालय गौरा चौकी, बेलसर प्राथमिक विद्यालय पूरे अर्जुन, छपिया का जूनियर हाई स्कूल इटैला बुजुर्ग, दरियापुर व मसकनवा, करनैलगंज का प्राथमिक विद्यालय प्रहलादगंज, तरहटा, हलधरमऊ का जूनियर हाईस्कूल ऊंचे पुरवा, सुमेरपुर, काशी सिंह पुरवा व पड़रिया, इटियाथोक का प्राथमिक विद्यालय बिरमापुर, झंझरी का जूनियर हाई स्कूल गुलरिहा, जानकी नगर, कन्या प्राथमिक स्कूल ठोरहंस, मनकापुर का जूनियर हाईस्कूल चौबेपुर कटवा, मुरली देवरिया, प्राथमिक विद्यालय दतौली नवीन तथा बैरीपुर द्वितीय, महेशभारी, बनकसिया शिव रतन सिंह द्वितीय व जूनियर हाई स्कूल कोल्हुआ, नवाबगंज का प्राथमिक विद्यालय खेमपुर, परसपुर के प्राथमिक विद्यालय ताराचंद दुबेपुरवा व जूनियर हाईस्कूल खरगू चांदपुर तरबगंज का जूनियर हाईस्कूल धनौली डीहा, पिपरी रोहुआ, जमथा, चांदीपुर व प्राथमिक विद्यालय भैंसापुर का नाम शामिल है। बीएसए ने इन सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है और 31 जनवरी तक फीडिंग का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। बीएसए प्रेमचंद यादव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा के 183 व अल्पसंख्यक विभाग के 156 मदरसों ने भी अब तक फीडिंग का काम नहीं शुरू किया है। इन सभी के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए संस्तुति रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को भेजी गयी है।

# निर्मित भवनों को संबंधित विभागों को करें हैंडओवर

**गोंडा कार्यालयः** सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए। बजट न होने पर शासन स्तर से पत्राचार किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है उनका टीम का गठन कर सत्यापन कराकर संबंधित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद जो निर्देश दिए जाते हैं उन्हें तत्काल पूरा कराया जाए। साथ ही उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान कहा कि जनपद में बन रही सड़कों की गुणवत्ता उच्च स्तर की होनी चाहिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, एडी एसटीओ, एक्सईएन सीडी दो बीके त्रिपाठी, प्रांतीय खण्ड प्रमोद त्रिपाठी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नलकूप विभाग सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाल श्रम को लेकर डीएम सख्त

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग के समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान पर बालश्रम बिल्कुल न हों, यदि बाल श्रम कराता हुआ कोई पाया जाए, तो उस पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।



समीक्षा बैठक करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

डीएम ने जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के साथ निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला, बाल सेवा योजना, स्पांशरशिप, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह, बाल श्रम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, एनसीपीसीआर कार्ययोजना सहित सभी योजनाओं की अलग-अलग समीक्षा की। जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि योजनाओं की प्रगति जानी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मौली, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चन्द्र यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज मौर्या, सीडब्लूसी अध्यक्ष प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव, अनुपमा श्रीवास्तव, जेपी यादव, चन्द्रमोहन वर्मा, राजकुमार आर्य, ज्योत्सना सिंह, मनोज उपाध्याय, आशीष मिश्रा, अंकित कुमार पाण्डेय, पंकज राव, सिद्धनाथ पाठक आदि उपस्थित रहे।

# एकदूजे के हुए 214 जोड़े, दिए गए उपहार

## विधायक मनकापुर एवं नपा अध्यक्ष नवाबगंज ने दिया नव जोड़ों को आशीर्वाद

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत न्यू मैरिज हाल नवाबगंज में तहसील तरबगंज के समस्त विकासखण्ड के लाभार्थियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत विवाह कराया गया है। जिसमें 08 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इस्लामिक पद्धति द्वारा निकाह कराया गया व 206 जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह कराया गया।



सामूहिक विवाह में वर वधु के साथ मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

मुख्य अतिथि विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री ने वैवाहिक जोड़ों को 10 हजार रूपये का सामान (डिनर सेट, साड़ी 02 सेट, पैन्ट - शर्ट का कपड़ा 01 सेट, ट्राली बैग, दीवाल घडी, प्रेशर कूकर, चांदी की पायल बिछिया) उपहार स्वरूप भेट करते हुए कहा कि धनाभाव के कारण अब किसी गरीब लड़की के हाथ पीले होने से नहीं बचेगें। 214 जोड़ों को सामूहिक विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी नवविवाहित जोड़ों को विवाहोपरांत उनके खाते में 35 हजार की धनराशि सरकार द्वारा दी जाती है। विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नवाबगंज सत्येंद्र सिंह ने सभी जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। विवाहित जोडों एवं उनके साथ आये रिश्तेदारों के लिए स्वादिष्ट भोजन एवं मिठाई व जलपान भी कराया गया है। इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्रशेखर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, बीडीओ नवाबगंज, तरबगंज, वजीरगंज तथा बेलसर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंकित हत्याकांड :हत्यारोपी डॉक्टर को करें गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालयः** नगर कोतवाली क्षेत्र के नारायणा हॉस्पिटल के कर्मचारी अंकित की हत्या के मामले में आरोपित किए गए डॉक्टर की गिरफ्तारी न होने पर जिले के जन संगठनों ने आक्रोश जताया है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद व इंकलाब फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने डीएम-एसपी से मुलाकात की और हत्यारोपी डॉक्टर को तत्काल गिरफ्तार करने और नारायणा हॉस्पिटल को सील किए जाने की मांग की। हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा जबकि अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद व इंकलाब फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने डीएम से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाए जाने की भी मांग उठाई है। डीएम ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।




ज्ञापन सौंपते सदस्य। अमृत विचार

नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करने वाले अंकित तिवारी की बृहस्पतिवार की रात बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। हत्यारों ने वारदात को अंजाम देने के बाद उसका रेलवे स्टेशन के समीप रेल ट्रैक पर फेंक दिया था। मामले में अंकित के चाचा ने हॉस्पिटल के संचालक डा दीपक सिंह व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छिपाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने के तीन दिन बाद भी पुलिस अब तक हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला और उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

### डीएम और एसपी से मिला अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद

सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश तिवारी के साथ सोनबरसा पोखरा के महंत छोटे बाबा ने अचलपुर के अंकित तिवारी की हत्या के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी किये जाने सहित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर दिलाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को ज्ञापन सौंपा है। डीएम नेहा शर्मा ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहनता से जांच, आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी व परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के सम्बन्ध में वे हर सम्भव प्रयास करेंगी। एसपी विनीत जायसवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में जीआरपी से पत्राचार करने की बात कही है। ज्ञापन देने वालों में सोनबरसा आश्रम पीठाधीश्वर संत छोटे बाबा, जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद पंडित दिनेश तिवारी, समाज सेवी प्रदीप शुक्ला, अध्यक्ष इंकलाब फाउंडेशन अविनाश सिंह, नवीन मिश्रा आदि रहे।

### डॉक्टर ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

मोतीगंज थाना क्षेत्र से अचलपुर गांव का रहने वाला अंकित तिवारी (23) नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था। बृहस्पतिवार की शाम सिगरेट लाने से इंकार करने पर उसका अस्पताल के संचालक डॉक्टर दीपक सिंह से विवाद हो गया था। अस्पताल में काम करने वाले कर्मियों की माने तो बृहस्पतिवार की शाम डाक्टर दीपक ने अंकित से सिगरेट लाने के लिए कहा था लेकिन उसने सिगरेट लाने से इंकार कर दिया था। हैवान बने डॉक्टर ने पहले अंकित की बेरहमी से पिटाई की थी और फिर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने इस जघन्य हत्या को आत्महत्या का रूप देने की नीयत से उसे ले जाकर रेलवे स्टेशन के समीप रेल ट्रैक लिटा दिया था।



जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल। अमृत विचार

### कंबल वितरित कर जरूरतमंदों की सहायता की

**गोंडा कार्यालय :** पिछले कई वर्षों से अभिलाख फाउंडेशन द्वारा लगातार गरीबों की हर तरह से सेवा की जा रही है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग 700 कंबल अभिलाख फाउंडेशन के संरक्षक व सुलह अधिकारी सदर गोंडा एडवोकेट रसिक बिहारी तिवारी के निर्देश पर संस्था के अध्यक्ष राजीव तिवारी व प्रबंधक अतुल तिवारी एडवोकेट ने कंबल वितरित किया। बनघुसरा, हरचंदपुर पचरन, बेलवा फूलपुर, मुरलीधर पुरवा, शिव सहाय पुरवा गांव में अन्य आसपास के क्षेत्रों के बुजुर्गों, गरीबों व असहायों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कंबल व अन्य गर्म कपड़े स्वेटर जैकेट शाल इत्यादि वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में प्रबंधक अतुल तिवारी ने बताया कि ठंड के मौसम में बुजुर्गों, गरीब, असहाय पीड़ित परिवार व उनके बच्चों को ठंड में कंबल व कपड़े दिए गए। कंबल वितरण के दौरान संस्था के चेयरमैन संजीव तिवारी व लालजी तिवारी, मोहित तिवारी, दद्दन पाण्डेय, बृजकुमार, मुनिजर पांडेय व अन्य सदस्य शामिल रहे।

# परशुराम और आचार्य चाणक्य हमारे आदर्श हैं:दद्दन मिश्र

**संवाददाता, बलरामपुरः** समय माता मंदिर घुसाह परिसर में रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के तत्वावधान में खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने परशुराम व आचार्य चाणक्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम हुआ आचार्य चाणक्य हमारे आदर्श हैं। पूर्व चंद्रभाल मणि तिवारी ने कहा सहभोज आपसी एकता का संदेश देता है। अखिल भारतीय



समय माता मंदिर घुसाह परिसर में आयोजित खिचड़ी सहभोज में शामिल पदाधिकारी।

ब्राह्मण जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, सेतु बंधु त्रिपाठी, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, डॉ तुलसीष दुबे, गोविंद त्रिपाठी, पतंजलि योग पीठ के अजय मिश्रा, अंबरीश तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जालसाजी से बैनामा कर दी चकमार्ग व तालाब की जमीन

**बभनजोत, गोंडाः** खोंडारे थाना क्षेत्र के हाजीजोत बूढ़ापायर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने गांव स्थित एक चकमार्ग व तालाब की जमीन को जालसाजी करते हुए दूसरे को बैनामा कर दिया और उसे कब्जा भी दे दिया। मामले में गांव के लेखपाल ने बैनामा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी व सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बस्ती खास गांव के लेखपाल अजय कुमार के मुताबिक बूढ़ापायर क्षेत्र के हाजीजोत गांव के रहने वाले बाबुल्लाह ने गांव के तालाब व चकमार्ग की जमीन पर चकबंदी के बाद से ही कब्जा कर रखा था। हाल ही में उसने अपने खाते की जमीन को गांव के ही रजाउल्लाह को बेची थी। लेखपाल का कहना है कि बैनामा करते समय उसने तालाब की जमीन का तो चौहद्दी में उल्लेख किया लेकिन चकमार्ग के गाटे का उल्लेख नहीं किया और जालसाजी करते हुए चकमार्ग की जमीन भी बैनामा कर दिया। कब्जा देते समय बाबुल्लाह ने रजीउल्लाह को तालाब और चकमार्ग की जमीन पर कब्जा करा दिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि लेखपाल की शिकायत पर बाबुल्लाह के खिलाफ धोखाधड़ी और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

# रामदेव तिवारी बने ब्लॉक अध्यक्ष

**नवाबगंज, गोंडाः** नवाबगंज ब्लाक सफाई कर्मचारी संघ के सोमवार को हुए चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष और अर्से से इस पद पर तैनात मस्त राम यादव को इस बार करारी शिकस्त देते हुए रामदेव तिवारी ब्लाक अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। एडीओ पंचायत रवि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि ब्लाक के सभागार में हुए मतदान में 40 वोट मस्तराम यादव को मिले इसके सापेक्ष राम सजीवन तिवारी को 58 मत प्राप्त हुए। कुल 18 मतों से रामदेव तिवारी विजई घोषित किए गए। नतीजे की घोषणा होते ही रामदेव के समर्थकों ने उन्हें फूल- मालाओं से लाद दिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी डॉ राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान संघ के अध्यक्ष लालजी सिंह, कोषाध्यक्ष



निर्वाचित सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

रीशू श्रीवास्तव, महामंत्री चिंतामणि तिवारी, शोभाराम राजभर, कनकपुर प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गा गंज प्रधान राधेश्याम यादव, मांझा राठ गांव के प्रधान प्रतिनिधि गंगा राम यादव,चकशिवरहा प्रधान शहबाज खां, महेशपुर प्रधान विष्णु कुमार गौतम, महादेव सागर, यदुनंदन यादव, समेत समस्त विकास खण्ड के ग्राम प्रधान और सफाई कर्मचारियों ने राम सजीवन तिवारी के जीत पर खुशी का इजहार करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अन्य चार पदों पर आपसी सहमति से पदाधिकारी पद पर नियुक्त किया गया।

# अमरेश बहादुर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में दो टीमें पहुंचीं सेमीफाइनल में

**महराजगंजतराई, बलरामपुरः,** स्व. अमरेश बहादुर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में दो टीमें सेमी फाइनल पहुंच गई है। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीसीसी गांधी गांव व एससीसी सिंगरौरा के बीच खेला गया। जिसमे एससीसी सिंगरौरा ने टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 85 रन बनाकर ढेर हो गई। जवाब में जीसीसी गांधी गांव आठ ओवर में 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया। जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच प्रशांत को दिया। जिन्होंने 22 रन बनाकर तीन विकेट भी लिया। वही दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला एससीसी सेमरहन व केसीसी महराजगंज तराई के बीच खेला गया। जिसमे एससीसी सेमरहन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित द्वारा ओवर में 8 विकेट खोकर 119 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में केसीसी महराजगंज तराई ने 12 ओवर में 10 विकेट खोकर मात्र 85 रन ही बना पाई। जिससे एससीसी सेमरहन ने मुकाबले को 34 रन से जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्का की। प्लेयर ऑफ़ द मैच अफरोज को दिया गया जिन्होंने 24 रन बनाकर तीन विकेट झटके। टूर्नामेंट के आयोजक सौरभ सिंह ने प्लेयर ऑफ़ द मैच अवार्ड से सम्मानित किया। टीम में शिवमूर्ति सोनकर, अंकित सिंह आदि रहे।

### जिले में 116 नवनियुक्त राजस्व लेखपालों की तैनाती

**बलरामपुर :** जिले में 116 नये राजस्व लेखपालों की तैनाती हो गई है। डीएम अरविन्द सिंह ने नवनियुक्त लेखपालों को तहसील आवंटित कर दिया है। यह जानकारी देते हुए डीएम अरविन्द सिंह ने बताया कि जिले में 116 नये राजस्व लेखपालों की तैनाती हुई है जिनमें से 33 लेखपालों को तहसील सदर, 40 लेखपालों को तहसील तुलसीपुर तथा 43 लेखपालों को तहसील उतरौला आवंटितकी गई है। बताते चलें कि जिले में पहले से 190 राजस्व लेखपाल तैनात हैं। जिसमें तहसील सदर में 43, तुलसीपुर में 73 तथा तहसील उतरौला में 74 राजस्व लेखपाल हैं। डीएम ने बताया कि नये लेखपालों की तैनाती से जिले में लेखपालो की संख्या 306 हो गई है। तहसील सदर में लेखपालों की संख्या 76, उतरौला में 114 तथा तहसील तुलसीपुर में संख्या 106 हो गई है। नये लेखपालों की तैनाती से जिले में पदों के सापेक्ष 82% लेखपालों की तैनाती हो गई है।

# प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद से रूबरू हुए छात्र

**संवाददाता, बलरामपुरः** पायनियर पब्लिक स्कूल में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का वर्चुअल माध्यम से संवाद कार्यक्रम संचालित हुआ। कार्यक्रम के दौरान एलईडी पर छात्रों को प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा का सीधा संवाद दिखाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने बच्चों के साथ एलईडी पर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री से बच्चों के संवाद कार्यक्रम को देखते हुए विभिन्न बिंदुओं को साझा किया। वर्चुअल संवाद के माध्यम से प्रधानमंत्री ने बच्चों से अपील किया कि बोर्ड परीक्षा हो व अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं भय मुक्त होकर परीक्षा दें। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का मुख्य



परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल पूर्व सांसद व अन्य। अमृत विचार

उद्देश्य छात्रों को निर्भीक निडर व भय मुक्त होकर परीक्षा में शामिल करना है। हाईस्कूल व इंटर सहित कक्षाओं के छात्रों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण व वर्चुअल संवाद एलईडी पर देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए बातों से सीख लेते हुए बच्चों ने इसे पीएम की अच्छी पहल बताया है। कार्यक्रम में उपस्थित होने पर पूर्व सांसद को विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ एमपी तिवारी ने बुके भेंट कर सम्मानित किया व बच्चों को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के बाद विभिन्न बिंदुओं को साझा करने पर आभार जताया। इस दौरान उमाशंकर तिवारी, अतुल कुमार, राजमणि आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर की खुदकुशी मामले में पत्नी समेत तीन पर केस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** डॉक्टर द्वारा फांसी लगाकर जान देने के मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने पत्नी, साली व साले के खिलाफ मानसिक उत्पीड़न किए जाने व आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली अंतर्गत न्यू इंदिरा कॉलोनी आवास विकास के रहने वाले डॉक्टर देवी दयाल ने अपनी क्लीनिक में फांसी लगाकर जान दे दी थी। क्लीनिक से एक सुसाइड नोट मिला था जिसमें पत्नी, साली व साले द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात कही गई थी। मृतक डॉक्टर के पिता श्याम नाथ यादव ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें बेटे के मौत का कारण पत्नी प्रिया यादव, साली भारती यादव तथा साले सरजू यादव उर्फ राजू को बताया है। कहा है कि आरोपी नगर कोतवाली क्षेत्र के ही अहिरान मोहल्ला के रहने वाले हैं। पुलिस ने मृतक चिकित्सक के पिता के तहरीर पर पत्नी, साले व साली के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने व प्रताड़ित किए जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। गिरफ्तारी का भी प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### गोकशी में दो महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

**करनैलगंज, गोंडा :** स्थानीय कोतवाली इलाके के एक गांव में गौकसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गौवध में प्रयुक्त होने वाली सामग्री सहित गौमांस व दो महिलाओं समेत तीन लोगों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। घटना कोतवाली इलाके के पतिसा गांव की है। गस्त पर निकले पुलिस दल को सूचना मिली कि पतिसा गांव में कुछ लोगों ने गौ हत्या कर मांस पकाने जा रहे है। बिना देर किये पुलिसकर्मियों ने पतिसा गांव पहुंचकर घेराबंदी कर लिया। दरोगा मोहम्मद यासीन ने बताया कि अब्दुल अजीज अपने घर पर अपने परिजनों के सहयोग से गोकशी कर रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबन्दी कर नजीर, रेशमा व शाहीन को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 किलो कच्चा, 2 किलो अधपका गोवंश, चमड़ा, खुर व दो अदद गड़ासा बरामद किया। कोतवाल हेमंत गौड़ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा बराबर नजर रखी जा रही है।

### पूर्व मंत्री ने 200 लोगों को बांटे कंबल

**मनकापुर, गोंडा :** पीडब्ल्यूडी डाक बंगला में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री व उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना, कोट प्रबंधक हरीश पांडेय ने नगर पंचायत के दस वार्डों के जरूरतमंद प्रेमा, साधना कश्यप, सोना देवी इंद्रावती, मंजू, सुमन, सुशीला, रामदीन पटवा, रामप्यारे आदि दो सौ गरीब पात्र लोगों को कंम्बल वितरित किया। इस मौके पर चेयरमैन दुर्गेश कुमार बबलू सोनी, बाबूलाल शास्त्री, हरीश पांडेय, जनार्दन तिवारी, वेद प्रकाश दूबे, दिलीप तिवारी, सभासद वैभव सिंह, वैजयंती सिंह, गोपी हांडा, प्रेम चंद चौहान, श्रीराम सिंह, अनूप सिंह, राजेश सिंह, बब्बू सिंह, फार्म बाबू आदि लोग मौजूद रहे।

# दवा कराने आई महिला की ट्रक से कुचलकर गई जान

## परसपुर की तरफ से आ रहे बेकाबू ट्रक से हुआ हादसा

**बेलसर, गोंडा**

**अमृत विचार:** दांत की दवा कराने आई महिला की ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। थाना करनैलगंज के कपूरपुर के पूरे साई निवासिनी महरून निशा (55) पत्नी युनुस अपने छोटे बेटे जुल्फिकार के साथ बाइक से रगड़गंज आई हुई थी।

बड़े बेटे आलम ने बताया कि बाइक रगड़गंज कस्बे में अपने रिश्तेदार इकबाल हुसैन के घर पर खड़ी करके साइकिल से छोटे भाई व मां को रगड़गंज कस्बे में परसपुर रोड पर स्थित एक दांत क्लीनिक पर लेकर जा रहा था। परसपुर की तरफ से आ रहे ट्रक से कुचलकर मां की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया, जबकि चालक फरार हो गया।

रगड़गंज चौकी प्रभारी अरुण कुमार गौतम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दांत के दर्द से छुटकारा दिलाने के लिए जो बेटा मां को इतनी दूर बाइक से कड़ाके की ठंड में लाया था उसी के आंख के सामने मां की कुचलकर मौत हो गई। बड़े बेटे आलम ने बताया कि मां को दांत में दर्द हो रहा था। छोटे भाई जुल्फिकार ने बताया कि सुबह आपके दांत की दवा हो जायेगी। दवा के बाद आराम मिल जायेगा। लेकिन क्या पता था कि जिस दांत के दर्द को छोटा भाई ठीक कराने इतनी ठंड में बाइक से गया है। उसी के आंख के सामने मां की बेरहमी से जान चली जायेगी। महरून निशा के समधी इकबाल ने बताया कि जब जुल्फिकार को दांत के डॉक्टर को दिखाने जाना हुआ तो उन्होंने कहा कि भीड़ अधिक है। कस्बे में ही जाना है। बाइक खड़ी करके साइकिल से निकला था फिर भी मौत पीछा करती रह गई।



घटना के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### दुर्घटना में घायल बुजुर्ग ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**इटियाथोक :** रविवार को दोपहर मोपेड सवार अधेड़ को ट्रक ने ठोकर मार दी थी। हादसे में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सदाशिव बाजार के रहने वाले हीरालाल (65) रविवार की दोपहर टीवीएस मोपेड से गैस लेने के लिए रमवापुर नायक स्थित गैस एजेंसी पर जा रहे थे। जैसे ही वह इटियाथोक बाबागंज मार्ग पर दर्जीजोत गांव के पास पहुंचे। बाबागंज की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने मोपेड में ठोकर मार दी। घटना में हीरालाल सड़क गिरकर ट्रक के नीचे आगे आ गये।हादसे में हीरालाल के पैर पर ट्रक का पहिया चढ़ने से पैर पूरी तरह जख्मी हो गया। जहां उन्हें आनंद-फानन में एंबुलेंस की माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली है। ट्रक व ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है। मृतक का शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवाया गया है।इस बारे में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई है। शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवाया गया अभी तहरीर नहीं मिली है। जैसे ही तहरीर मिलेगी मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल

**करनैलगंज, गोंडा:** जिला अंधता निवारण समिति गोंडा के तत्वावधान में अयोध्या नेत्र चिकित्सालय का निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पर आयोजित होगा। जिसमें नेत्र संबंधी समस्त बीमारियों का इलाज, नजर की जांच व चश्मा का नंबर, ऑपरेशन योग्य पाए गए मोतियाबिंद मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। नेत्र परीक्षण अधिकारी एके गोस्वामी ने बताया कि स्क्रीनिंग नेत्र शिविर आयोजित हो रही है। जिसमें रोगियों का इलाज मुफ्त में दवाइयां एवं ऑपरेशन योग पाए गए समस्त मोतियाबिंद मरीजों को अयोध्या में निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**बभनजोत, गोंडा**

**अमृत विचार:** राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से महाराष्ट्र तक चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में कांग्रेसियों ने बभनजोत ब्लॉक के गौरा बाजार में पदयात्रा के साथ ही मशाल जुलूस निकालकर यात्रा का समर्थन किया।

यात्रा में पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह, प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, युवा नेता अरुण सिंह डिंपल, ब्लॉक अध्यक्ष सफी उल्ला, पूर्व प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरुण पटेल, निवर्तमान जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में बभनान रोड स्थिति भारत पेट्रोलियम के पंप से सैकड़ों कांग्रेसी भारत जोड़ो, नफरत छोड़ो भारत जोड़ो, एकता का राज चलेगा हिंदू मुस्लिम साथ चलेगा, के नारे के साथ गौरा चौकी तक की यात्रा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सगीर खान, जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।



न्याय यात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

# भाजपा व्यापारियों के हित में कर रही काम

## रामजानकी धर्मशाला में हुई अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अवध क्षेत्र की बैठक रानी बाजार स्थित राम जानकी धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्य अतिथि संदीप बंसल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों के हित के लिए कार्य कर रही है। काफी समय से व्यापारी दिवस घोषित किए जाने की मांग हो रही थी। लेकिन किसी सरकार ने घोषित नहीं किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भामाशाह जयंती 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का भी निराकरण हो रहा है। व्यापारी समाज सरकार के साथ खड़ा है।

सरकार के निर्देश पर प्रशासन भी व्यापारियों के साथ बैठक कर उनके समस्याओं का निस्तारण कर रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष हरि सिंह व प्रदेश के संगठन मंत्री जगदीश रायतानी ने भी अपने विचार रखे।

जिला अध्यक्ष भूपेंद्र आर्य ने कहा कि व्यापारियों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा मिलनी चाहिए, साथ ही शस्त्र लाइसेंस भी मिले। जिला महामंत्री शिवकुमार सोनी ने व्यापारियों की समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रखा। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन, युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष महिला अनीता जायसवाल, एकता अग्रवाल, सुरेश छबलानी, आकाश गौतम, प्रदीप अग्रवाल, महेंद्र जैन, मोहम्मद शाहिद आदि लोग मौजूद रहे।





व्यापारी सम्मेलन में मंच पर मौजूद संदीप बंसल व अन्य। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वांछित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा :** विभिन्न मामलों से न्यायालय से वांछित चल रहे एसपी के निर्देश पर कौड़िया पुलिस टीम ने रानीपुरवा गांव निवासी करमचंद, मेवालाल व बसंतलाल तथा उमरा गांव निवासी गुड्डू को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी वांछितों को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

### चोरी की बाइक रखने के आरोपी को सात वर्ष की सजा

**गोंडा :** उमरीबेगमगंज पुलिस ने छह चोरी की बाइकों को रखने के आरोप में धर्मेन्द्र निवासी महुआ डाबर थाना गौर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार पाठक, मॉनिटरिंग सेल व थाना उमरी बेगमगंज के पैरोकार उपदेश वर्मा द्वारा की गई पैरवी के फलस्वरूप आरोपी को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय कोर्ट ने सात वर्ष के कारावास व दो हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### होमगार्ड जवान की इलाज के दौरान मौत

**गोंडा कार्यालय :** होमगार्ड जवान की बीमारी के चलते निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। होमगार्ड संगठन के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वसन दिया है। रामजी तिवारी ( 56) निवासी धनई पट्टी कोतवाली देहात कम्पनी झंझरी में होमगार्ड जवान के पद पर तैनात थे। तबीयत खराब होने पर उन्हें को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया था। परिजनों ने उनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### लोकनाथ शुक्ल बने सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**इटियाथोक, गोंडा :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले इटियाथोक ब्लॉक कार्यकारिणी का आज चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें से तीन पद पर निर्विरोध व दो पदों पर चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें कुल 131 मतो में से 126 वोट पड़े। जिसमें से दो वोट अवैध हो गए। अध्यक्ष पद पर लोकनाथ शुक्ला को 88 मत व विनय शुक्ला को 36 मत प्राप्त हुए। इसके आधार पर 52 वोट से अध्यक्ष पद पर लोकनाथ शुक्ला विजयी हुए। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रामकरन वर्मा को 67 मत, नंद कुमार जायसवाल को 49 मत मिले। इस तरह कोषाध्यक्ष पद पर रामकरन वर्मा 18 वोटो से विजय हुए। शेष तीन पदों पर महामंत्री विजय कुमार सोनकर, संप्रेक्षक, ज्ञान प्रकाश जायसवाल संगठन मंत्री, अवधेश सोनकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। राघवेंद्र तिवारी ने प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र वितरित किया। इस अवसर सुरजीत सिंह, राजा मुन्ना, राजेंद्र तिवारी पत्रकार और ब्लॉक के तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### न्यायालय के आदेश पर चार माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**परसपुर, गोंडा :** नाबालिग से दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाले के खिलाफ चार माह बाद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने बताया कि उसके गांव का काफी बिगड़ैल व आवारा किस्म का एक व्यक्ति उसकी नाबालिग लड़की पर हमेशा बुरी नजर रखता था। अश्लील गाने भी देखकर गाता था जिस पर उसके द्वारा कई बार उनके घर वालों से शिकायत की। परंतु उस व्यक्ति में कोई सुधार नहीं हुआ और मनोबल काफी बढ़ता गया। इसी बढ़े मनोबल के कारण बीते वर्ष 30 सितंबर को शाम करीब 09 बजे उसके घर में घुस आया और उसकी नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा। लड़की के शोर मचाने पर लोग दौड़े तो देखा कि लड़की के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास कर रहा था। परिजनों के पहुंचने पर चाकू निकाल कर धमकाते हुए भाग निकला। थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर थाना क्षेत्र के राघवेन्द्र पुत्र ननकू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

### नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया जिलाध्यक्ष का स्वागत



नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में नगर पंचायत बेलसर के अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ अजीत सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर गोलू सिंह ने कहा कि शिक्षकों के प्रत्येक कार्य के लिए वह सदैव सजग रहते हैं जिसका प्रतिफल है कि दो दर्जन से अधिक वर्षों से वह शिक्षकों का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों का संगठन के प्रति अटूट आस्था है जिसका प्रतिफल है कि वह उन्हें बार-बार अपना जिला अध्यक्ष चुनता है। उन्होंने शिक्षकों के अपार समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया और कहा कि शिक्षकों की जो भी लंबित समस्याएं होंगी उनका त्वरित निदान कराया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजेंद्र प्रसाद पांडेय, मोहम्मद हनीफ, पिंकू सिंह सोनू तिवारी सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महिला की हत्या में पति समेत छह पर एफआईआर

**गोंडा कार्यालय:** तरबगंज थाना क्षेत्र के घांचा गांव में हुई विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौघड़िया गांव के रहने वाले पुष्पेंद्र के मुताबिक उन्होंने अपनी बहन पिंकी का विवाह 6 साल पहले तरबगंज थाना क्षेत्र के घांचा गांव के रहने वाले सलिल मिश्रा के साथ किया था, लेकिन दहेज में पांच साथ रुपये की डिमांड पूरी न होने पर शुक्रवार की रात पिंकी की गला दबाकर हत्या कर दी गयी थी। मृतका के भाई पुष्पेंद्र ने उसके पति सलिल व अन्य परिवारी जनों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुष्पेंद्र ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा था कि पिंकी के विवाह के समय उन्होंने 5 लाख की नकदी व अन्य घरेलू सामान दहेज के रूप में दिया था, लेकिन उसके ससुराल वाले इस दहेज की रकम से संतुष्ट नहीं थे। वह पिंकी पर और पांच लाख रुपये दहेज लाने का दबाव बना रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर पिंकी को घर से भगाने और उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पुष्पेंद्र ने दहेज की डिमांड पूरी न होने पर पिंकी के पति सलिल मिश्रा, जेठ सुशील मिश्रा, जेठानी संगीता व सुशील के बेटे वैभव ने शुक्रवार की रात पिंकी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुष्पेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति सलिल मिश्रा समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### नवजात बालक के मामले में मुकदमा दर्ज

**बभनजोत, गोंडा :** खोडारे थाना क्षेत्र के बैजपुर गांव में तीन दिन पहले गन्ने के खेत में मिले नवजात के मामले में पुलिस ने गांव के चौकीदार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है और बच्चे को फेंकने वाले की तलाश में जुट गई है। खोडारे थाना क्षेत्र के बैजपुर गांव में शुक्रवार को एक नवजात बालक गन्ने के खेत मे पड़ा मिला था। गांव की रहने वाली आसमा खातून नाम की महिला बच्चे को अपने घर ले आई थी। बाद में पुलिस व चाइल्ड लाइन की टीम ने नवजात को ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। चाइल्ड लाइन के अफसरों की देखरेख में बच्चे का इलाज चल रहा है। हालांकि यह बच्चा कहां से आया और किसने बच्चे को गन्ने के खेत में फेंका यह अभी रहस्य बना हुआ है। नवजात को फेंके जाने की घटना से गांव के लोग हतप्रभ है और तरह तरह के कपास लगाए जा रहे हैं। पुलिस भी मामले की छानबीन में जुटी है लेकिन बच्चा किसने फेंका इस पर अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। वहीं सोमवार को बैजपुर गांव के चौकीदार मनीराम ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी। चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने किशोर न्याय अधिनियम समेत अन्य संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है और घटना की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक प्रदीप गंगवार को सौंपी गयी है।



रोजगार मेले में पंजीकरण कराते बेरोजगार। अमृत विचार

### रोजगार मेले में 143 का हुआ चयन

**करनैलगंज, गोंडा :** सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन एवं राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के तरफ से संयुक्त रूप से किया गया। मेले का शुभारंभ प्रभारी बीडीओ व सहायक ग्राम पंचायत अधिकारी सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने किया। जहां 12 कंपनियों ने कुल 910 अलग-अलग जॉब के लिए शिविर लगाया। कम्पनियों ने ऑटोमोबाइल, मेडिकल, मोबाइल, काल सेंटर, डाटा एंट्री व मैन पावर के लिए लखनऊ, गुड़गांव, दिल्ली, राजस्थान, अहमदाबाद में कार्य के लिए साक्षात्कार लिए। यहाँ कुल 343 युवाओं ने साक्षात्कार दिया जिनमें 143 का चयन किया गया। कौशल विकास के जिला समन्वयक प्रभुनाथ मिश्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिग्विजय सिंह, जिला कौशल प्रबंधक अविनाश प्रताप सिंह, दीपक खरे, शेख शमशुद्दीन, विमल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की जीत को लेकर उत्साह से भरे रहे नेता

**गोंडा कार्यालय:** भाजयूमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह की ओर से आयोजित रामभक्त समागम में देवीपाटन मंडल व बस्ती से आए सांसदों व विधायकों ने 2024 चुनाव को लेकर आश्वस्त दिखे। सभी रामनाम के साथ चुनाव को लेकर उत्साह से लबरेज दिखे। लेकिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल के न आने से मायूस भी रहे।

राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह की ओर से शारदा लान में समागम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं सांसद बस्ती हरीश द्विवेदी, भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, बहराइच के सांसद अक्षैबर लाल गौड़, करनैलगंज विधायक अजय सिंह, विधायक प्रभात वर्मा, तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी, गोंडा के विधायक प्रतीक भूषण, कटरा के विधायक बावन सिंह, जिपं अध्यक्ष गोंडा घनश्याम मिश्रा, बलरामपुर के विधायक पल्टूराम, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, सूर्य नारायण तिवारी, इकबाल बहादुर तिवारी, रमाकांत तिवारी सहित तमाम दिग्गज नेता जुट गए। कार्यक्रम में अनिल पासवान, भवानी भीख शुक्ला, आशीष मिश्रा, विद्याभूषण द्विवेदी, नीरज मौर्य, आशीष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, महेश नारायण तिवारी, राघव तिवारी सहित तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। इसके बाद भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित अन्य नेता व सांसद।

### कोयले की भट्टी से सूख रहा पेड़, शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा :** कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कूरी बरगदी निवासी नईम ने कोतवाली मे तहरीर दिया है। जिसमें कहा गया है कि ग्राम कटरा शाहबाजपुर के मजरा भाटन पुरवा के पास उसके खाते की भूमि/ बाग़ है। उसी के बगल एक व्यक्ति कोयला बनाने की भट्ठी संचालित कर रहा है। जिससे उसकी भूमि में लगे आम के वृक्ष सूखने लगे हैं। पीड़ित का आरोप है कि भट्ठी संचालक उसके खाते की भूमि में लकड़ी रखकर कब्जा करने लगा। मना करने पर आमादा फ़ौजदारी होकर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। फिर भी यदि ऐसा है तो जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष में गर्भवती महिला को लगी चोट

**करनैलगंज, गोंडा :** घर के सामने स्थित नाली पर मिट्टी पटाई मामले में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें एक गर्भवती महिला को गंभीर चोट लगी है। मामले की शिकायत कोतवाली में की गई है। ग्राम तरहटा निवासी राकेश तिवारी ने तहरीर देकर कहा कि गांव के ही विपक्षी शिवकुमार, दद्दन, आशीष व भूपेंद्र ने आरसीसी सड़क के बगल स्थित उसकी नाली पर मिट्टी पाट रहे थे जिसका विरोध करने पर विपक्षीगण लाठी, डंडा लेकर उसके घर पर चढ़ाई कर दिए और उसे मारपीट कर लहूलुहान कर दिया बचाने दौड़ी उसकी भाभी जो गर्भवती थी उसे भी लात मूका से खूब मारा। वहीं दूसरे पक्ष से शिवकुमार ने तहरीर देकर कहा कि उसके घर आने जाने के मार्ग पर मिट्टी पटाई कराया जा रहा था। तभी गांव के ही आनन्द, कन्हैया, मनीष, गिरजेश आदि लोगों ने एकजुट होकर ईंट, पत्थर, लाठी डंडा चलाना शुरू कर दिया।

# दो आरोपियों को मिला आजीवन कारावास

**गोंडा कार्यालय:** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के खम्हरिया हरिवंश गांव में तीन साल पहले हुई एक युवक की नृशंष हत्या के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों हत्यारों पर अदालत ने 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के खम्हरिया हरिवंश गांव के रहने वाले 18 वर्षीय रामपाल की धारदार हथियार से गला रेत कर नृशंष हत्या कर दी थी। पहचान छिपाने के लिए हत्यारों ने उसका चेहरा भी सिगरेट से बुरी तरह जला दिया था। इस वारदात को पुरानी रंजिश में अंजाम दिया गया था। मामले में मृतक के पिता रामफेर ने गांव के ही राम कृपाल व भगवानदीन के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छिपाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार पाठक ने बताया कि पुलिस के मॉनिटरिंग सेल व थाना कोतवाली देहात के पैरोकार की तरफ से मामले की प्रभावी पैरवी की जा रही थी। अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

## एक नजर

### पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना जहांगीरगंज पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक भवानी प्रसाद मिश्र ने विभिन्न मुकमदों में वारंटी चल रहे अभियुक्त कोदई पुत्र फोरेबी केवट निवासी किशुनपुर केवटली थाना जहांगीरगंज को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

### वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक जंगेश हुसैन ने विभिन्न मुकदमों में वारंटी अभियुक्त रामनाथ गौड़ पुत्र रामप्रीत गौड़ निवासी परसनपुर थाना राजेसुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### पूर्व प्रधानाचार्य की पत्नी का निधन, शोक की लहर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानाचार्य के 70 वर्षीय पत्नी का बीमारी के चलते निधन हो गया, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। जैतपुर थाना क्षेत्र के मद्धूपुर गांव निवासी व नेवादा इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य भैरव प्रसाद पाठक की धर्मपत्पी राधा देवी का बीमारी के चलते निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आजमगढ़ के महिष दुर्वासा घाट पर किया गया। निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन पर सांसद रितेश पांडेय, विधायक राकेश पांडेय, पूर्व विधायक सुभाष राय, सपा नेता सिद्धार्थ मिश्रा, रामधारी निषाद, राधेश्याम पाठक, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, श्रीराम पाठक, संजीव शर्मा, रामबूझ दूबे समेत तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़ाया।

# गायब किशोरी का मिला शव, हत्या का आरोप

## 29 दिसंबर से थी गायब, परिजनों की तहरीर पर 6 नामजद सहित 4 अज्ञात पर केस दर्ज

आलापुर, अंबेडकरनगर



फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** घर से गायब किशोरी का शव एक महीने बाद पड़ोसी जनपद आजमगढ़ बॉर्डर पर एक तालाब में मिला। मामले की जानकारी तब हुई जब खेत की सिंचाई कर रहे किसान ने तालाब में उतराता हुआ शव देखा। किशोरी का हाथ-पांव रस्सी से बंधा था और शरीर में पत्थर बांधकर पानी में फेंका गया था। किशोरी की पहचान राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के समडीह गांव निवासिनी निधि (16 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार के रूप में हुई।



किशोरी का शव मिलने के बाद रोते-बिलखते परिजन। फोटो : अमृत विचार

29 दिसंबर को निधि रात में घर से गायब हो गई थी। जिसकी तलाश में परिजन दर-दर भटक रहे थे। पिता अनिल कुमार ने बताया कि वह रोजगार के सिलसिले में गाजीपुर में रहते हैं और 30 दिसंबर को घर आए इसके बाद शक के आधार पर पड़ोसी दुर्गेश पुत्र चंदीश्वर के संबंध में जानकारी पुलिस टीम को दिया, जो इससे पहले भी घर में एक दो बार घुस चुका था। पुलिस ने जब आरोपी युवक को बुलाकर पूछताछ किया तो आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्ता से इन्कार कर दिया। मृतका के पिता अनिल ने बताया कि जब बेटी गायब हुई तो आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया, जिसमें साफ देखा गया कि एक दिन पहले 28 दिसंबर को निधि बाइक से जाती दिख रही है। 28 दिसंबर को घर से स्कूल के लिए निकली निधि स्कूल ना जाकर गोविंद साहब मेला देखने चली गई। इस मामले में जब स्कूल का रजिस्टर चेक किया गया तो पता चला कि वह स्कूल नहीं आई थी। बताया जाता है कि जिस दिन से निधि गायब हुई थी उसी दिन से आरोपी दुर्गेश की बाइक भी नहीं दिख रही थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिख रही बाइक के बारे में जब पड़ताल किया तो बाइक चोरी की निकली। जिसे आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव से 6 महीने पहले चुराया गया था। पूछताछ में आरोपी ने जब कुछ नहीं बताया तो पुलिस ने आरोपी युवक को बाइक चोरी के मामले में जेल भेज दिया। डिप्टी एसपी आरबी सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गांव में एहतियातन पीएसी तैनात कर दी गई है वहीं डॉक्टरों का पैनल बनाकर पोस्टमार्टम किया गया। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि परिजनों ने किशोरी को भगाकर हत्या कर शव को तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### आरोपी दुर्गेश से बात करती थी छात्रा

मृतका के पिता अनिल ने बताया कि निधि 11वीं में पढ़ती थी। बेटी से गांव का ही दुर्गेश बातचीत करता था, जो 1 वर्ष पूर्व भी घर में घुस आया था और पकड़े जाने पर उसकी पिटाई भी हुई थी। लोक लाज के कारण उन्होंने इस घटना की शिकायत पुलिस से नहीं किया था, लेकिन मामले की शिकायत युवक के बड़े भाई से किया था। युवक आए दिन स्कूल आते जाते समय छात्रा से बातचीत करता था और उसे परेशान करने के साथ-साथ दबाव भी बनाता था। बताया जाता है कि वह मनबढ़ और दबंग किस्म का शातिर युवक था, जिसके घर पर आए दिन अराजक तत्वों का जमावड़ा लगता था।

### पुलिस सचेत होती तो बच जाती निधि की जान

'अमृत विचार' की टीम जब समडीह गांव में छात्रा निधि के घर पहुंची तो निधि की मां मंगीता देवी ने रोते हुए बताया कि पुलिस यदि मामले को गंभीरता से लेती तो उसकी बिटिया की जान बच गई होती। मां गिता का कहना है कि बिटिया की खोजबीन के लिए वह पुलिस टीम से कई बार गुहार भी लगा चुकी थी, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका था, एक महीने बाद उसके मौत की खबर आई। मां मंगीता देवी का कहना है कि पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लिया था। बीते दिनों जब परिजन पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ से शिकायत कर वापस आए तो इलाकाई पुलिस उन्हें धमकाती भी दी थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही से यह घटना हुई है।

### इन पर दर्ज हुआ मुकदमा

छात्रा निधि की मौत मामले में पुलिस ने पिता अनिल की तहरीर पर दुर्गेश, राहुल उर्फ पंकज, संदीप पाल, राहुल मौर्य, अर्चना सिंह, गौरव समेत 4 अज्ञात पर हत्या समिति कई अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### धन उगाही के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** किन्नर का वेष बना कर क्षेत्र में पैसों की उगाही व जबरन जेवरात छीन लेने के मामले में कटका पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। जब कि ग्रामीणों की ओर से पकड़ कर पुलिस के हवाले की गयी दो कथित किन्नर महिलाएं अब भी पुलिस हिरासत में हैं जो आजमगढ़ जनपद की बतायी जा रही हैं। थानाध्यक्ष कटका यादवेन्द्र सोनकर ने बताया कि हिरासत में ली गईं महिला के नाम और पता की पुष्टि किया जा रहा है। जब कि पीडित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। बता दें कि बीते रविवार को कटका थाना अंतर्गत मथुरापुर व चितईपट्टी गांव में लग्जरी वाहन से पहुंचे आठ की संख्या में नकली किन्नरों ने आधा दर्जन घरों को निशाना बनाते हुए घर की महिलाओं से बधाई के नाम पर हजारों रुपये ऐंठ लिए थे।



### कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी,सुलतानपुर

पत्रांकः 943/बोरा नीलामी/2023-24 दिनांकः 29 जनवरी,2024

**नीलामी सूचना**

जनपद सुलतानपुर में खाद्य विभाग के ब्लाक गोदामों में संग्रहीत अनुपयोगी खाली असेवायोग्य/निष्प्रोज्य जूट बोरो की नीलामी की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | ब्लॉक का नाम | अनुपयोगी बोरो की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | दूबेपुर | 8343 |
| 02 | कुड़वार | 13000 |
| 03 | बल्दीराय | 29566 |
| 04 | कादीपुर | 16569 |
| 05 | दोस्तपुर | 11507 |
| 06 | प्रतापपुर कमैचा | 3927 |
| 07 | लम्भुआ | 17077 |

उक्त बोरो की नीलामी दिनांक 05.02.2024 को अपरान्ह 02 बजे की जानी है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी सम्बन्धी समस्त सूचनाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में ज्ञात कर सकते है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी
सुलतानपुर





# स्वास्थ्य दुरुस्त रखने के लिए खेल जरूरी

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** एमएस क्रिकेट दरगाह टूर्नामेंट के तत्वाधान में बाईपास दरगाह किछौछा स्थित अस्पताल के निकट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पैगाम-ए-हक वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष दबीर अहमद एडवोकेट ने फीता काटकर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।



क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते दबीर अहमद। फोटो : अमृत विचार

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास संभव है और शरीर को स्वस्थ व मजबूत बनाने के लिए खेल अनिवार्य है। खेल में हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं, इसलिए खिलाडियों को हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए। नौशाद अहमद खान ने कहा कि मनुष्य की खेलों में रुचि स्वाभाविक है। इसी कारण बच्चे खेलों में अधिक रुचि लेते हैं। कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शेरू ने आए हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर मोहम्मद मातूफ, अरबाज अहमद, मोहम्मद अल्ताफ, फरहान खान, मोहम्मद सैफ, आजाद और अन्य लोग मौजूद थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**आलापुर, अंबेडकरनगर :** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत से पारिवारिकजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजेसुल्तानपुर थाना अंतर्गत साबितपुर गांव में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में गांव निवासिनी सुभावती (46) वर्ष पत्नी सतीश राम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संत कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अधिकारी विकास कार्यों में न करें लापरवाही

## विकास कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।



सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, परिवार नियोजन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, सामुदायिक शौचालय निर्माण की स्थिति, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण की स्थिति, अमृत योजना जलापूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन नगरी खुले में शौच से मुक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन, मत्स्य पालन के लिए तालाबों का आवंटन, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियों का गठन एवं पुनर्गठन, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्ति करण, कौशल विकास मिशन आदि की समीक्षा बिंदुवार की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, डीसी मनरेगा, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### भाकियू टिकैट गुट की महापंचायत कल

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग-233 से जुड़े प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष विनय वर्मा ने बताया कि 31 जनवरी को फतेहजहूरपुर ओवरब्रिज के पास बड़ी पंचायत किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-233 से प्रभावित 12 गांवों के किसानों को 0.051 हेक्टेयर से आवासीय दर से प्रतिकर दिलाए जाने को लेकर बीते कई महीनों से फतेहजहुरपुर स्थित कार्यालय पर धरना दिया जा रहा है पर सुनवाई नहीं हो रही।

# सर चार्ज खत्म करने का प्रस्ताव पास

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद टांडा की बोर्ड बैठक सोमवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। बोर्ड में जहां चेयरमैन को वित्तीय स्वीकृति दी गई वहीं गृह कर और जलकर में 20 प्रतिशत सर चार्ज को खत्म करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास कर अनुमोदन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की संस्तुति हुई। प्रत्येक वार्डों में पांच लाख रुपए के निर्माण व मरम्मत कार्य होंगे। बोर्ड ने बैठक में अध्यक्ष को 20 लाख रुपए तक खर्च और भुगतान करने का पावर इस शर्त पर दिया है कि प्रत्येक माह बोर्ड की बैठक बुलाई जाए और सभी खर्चों खरीदारी व भुगतान का बोर्ड से अनुमोदन कराया जाए।

काफी दिनों से नगर पालिका परिषद की किराए की दुकानों के सिकमी किराएदारी व दूसरों के हाथों बेची गयी दुकानों के लिए अध्यक्ष द्वारा मामले के निस्तारण के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। जो एक माह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। पालिका द्वारा किरायदारों का किराया नहीं जमा किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष शबाना नाज और संचालन ईओ डॉ. आशीष कुमार सिंह ने किया। बैठक में सभी सभासद और संबंधित कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर

# बंदियों को उनके रिहाई के प्रति करें जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिला जज राम सुलीन सिंह के निर्देश पर सोमवार को जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कुमार मौर्य, जिला करागार से छोटे लाल सरोज उपकारापाल और जिला कारागार के अन्य कर्मचारी और अल्पव्यस्क बन्दियों और बंदियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते अपर जिजा जज कमलेश कुमार मौर्य।

अपर जिला जज सचिव कमलेश कुमार मौर्य ने जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी राष्ट्र का निर्माण और राष्ट्र का भविष्य उस राष्ट्र के बच्चों पर निर्भर होता है, यदि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित नहीं किया गया तो राष्ट्र का भविष्य भी असुरक्षित हो जाएगा और समय और परिस्थितियों के अनुरूप ऐसे बच्चों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। भारत में ऐसे किशोरों के लिये कुछ समय पूर्व किशोर न्याय अधिनियम 2000 पारित किया गया है जो किशोर न्याय अधिनियम 1986 का संशोधित रूप है। नये अधिनियम का प्रमुख उद्देश्य विधि विरोधी किशोरों की देखभाल और संरक्षण की व्यवस्था और उनके सर्वोत्तम हित में अधिनियम के तहत विभिन्न संस्थानों के माध्यम से उनके पुर्नवास की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। शिविर के बाद अपर जिला जज जिला कारागार और जेल लीगल एंड क्लीनिक का निरीक्षण किया।अपर जिला जज ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि बन्दियों के खान-पान का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों का ध्यान रखें। जिला कारागार परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।



## कार्यालय नगर निगम अयोध्या- जोन अयोध्या धाम

पत्रांक : 524 / न0नि0अयो0जो0अयो0/ 2023–2024 दिनांक – 29/01/2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के संम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी / हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामांन्तरण पर यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 30 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करे अन्यथा की स्थिति में नामांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संम्बन्धित का होगा विवरण निम्नवत है–

| क्र0सं0 | भवन संख्या | आवेदक कर्ता | पूर्व में दर्ज नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/5/20 | विजेता कुशवाहा उर्फ गोपाल दास पुत्र विरेन्द्र कुशवाहा | हरिदास चे0 अवध बिहारी दास | रजि0 तर्कु0 सरवराहकारी 3/10/2023 |
| 2 | 6/4/10 | रघुनन्दन दास चे0 राम केवल दास | रामकेवल दास त्यागी चे0 रघुनन्दन दास | रजि0 बैनामा 2/12/1993 |
| 3 | 10/5/90 जुजभाग | प्रीती उपाध्याय पत्नी अशोक कुमार उपाध्याय | अरविन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र हरी शंकर अस्थाना | रजि0 बैनामा 9/5/2023 |
| 4 | 10/7/81 | रामरूप मौर्या पुत्र रामेश्वर मौर्या | हरीराम पुत्र रामखेलावन | रजि0 बैनामा 20/4/2022 |
| 5 | 18/2/24 | विन्दु कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 रामचन्द शुक्ला | रामचन्द शिष्य स्व0 शान्ती देवी | वरासतन |
| 6 | 31/3/179 | चमेली देवी आदि | राम किशन अग्रवाल पुत्र दौलतराम | वरासतन |
| 7 | 43/5/31 | लखनलाल पाण्डेय आदि | महादेव प्रसाद पाण्डेय पुत्र मनोज दत्त पाण्डेय | रजि0 वसीयत 3 / 2/2021 |
| 8 | 48/3/179 | रुद्रेश पति त्रिपाठी पुत्र श्री शिवेश्वर पति त्रिपाठी | श्री शिवेश्वर पति त्रिपाठी उर्फ शरद कुमार त्रिपाठी | रजि0 दान पत्र 30/4/2022 |
| 9 | 54/2/220/ व 54/2/75 | मं0 जयमंगल दास शिष्य दामोदर दास | दामोदर दास चे0 श्री राम किशुन दास | रजि0 महज्जरनामा 1/12/2023 |
| 10 | 54/2/128 | रामसमुझ दास चे0 दिनेश दास | श्री दिनेश दास चे0 श्री भगवत दास | रजि0 तर्कु0 सरवराहकारी 28/6/2023 |
| 11 | 13/3/65 | श्रीमती दिना आचार्य बेवा श्री आचार्य चूडामनि | श्री आचार्य चूडामणि पुत्र ऋषिराम आचार्य | वरासतन |
| 12 | 13/4/16 व 13/4/15 | संतोष कुमार गुप्ता आदि | रामकुमार पुत्र श्री राम आसरे | वरासतन |
| 13 | 13/4/16A | संतोष कुमार गुप्ता आदि | राम जानकी देवी पत्नी स्व0 रामकुमार | वरासतन |
| 14 | 8/5/18 | राघव प्रसाद आदि | राम गुलाम | वरासतन |
| 15 | 48/5/60 | नन्द नन्दनम दास साधक चेला महन्थ बलराम शरण | म0 बलराम शरण सा0 चे0 श्री राम देव शरण | रजि0 तर्कु0 सरवराहकारी 18/11/2015 |
| 16 | 8/4/3 | देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव आदि । | श्रीमती मालती देवी पत्नी श्री पति सिंह | वरासतन |
| 17 | 15/3/77 | श्री द्वादशा ज्योर्तिलिंगा आर्य वैश्या नित्याना सतराम ट्रस्ट द्वारा अध्यक्ष यदा अशोक गुप्ता पुत्र स्व0 यदा दुब्बैया | श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव पत्नी श्री. मनोज कुमार श्रीवास्तव | रजि0 बैनामा 11/9/2023 |
| 18 | 13/5/56A | श्रीमती सीमा यादव आदि | बहादुर यादव पुत्र श्री दयाराम यादव | वरासतन |

**जोनल अधिकारी**
नगर निगम अयोध्या

# धूप हो या छांव, कम लागत में हल्दी की खेती से उठाएं अधिक लाभ

लाभकारी

▶▶ गन्ने की तरह हल्दी है नकदी फसल, किसान बढ़ा रहे कदम

राजू जायसवाल, बहराइच



सहनवाजपुर में हल्दी की खेती।



फसल दिखाता किसान।

**अमृत विचार :** जनपद के किसान अब गन्ने के साथ नकदी फसल के रूप में हल्दी की खेती में किस्मत भी आजमाने लगे हैं। इसका लाभ भी किसानों को मिल रहा है। हल्दी की खेती बाग में भी कर सकते हैं। ऐसे में कम लागत में अधिक लाभ के लिए अब किसान हल्दी की खेती की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं। किसान हल्दी की खेती से गन्ने के बराबर लाभ उठा रहे हैं।

तराई का बहराइच जिला कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। जिले के किसान नकदी फसल के रूप में गन्ने की बुआई अभी तक करते आ रहे हैं लेकिन अब अन्य फसलों की बुआई शुरू कर दी है। इनमें से ही हल्दी और अदरक की खेती है। हल्दी की खेती में अब किसानों का रुझान बढ़ता जा रहा है। ये कम लागत में अच्छे मुनाफे की खेती मानी जाती है और किसानों को लोकल मंडी में भी अच्छा भाव देती है। यह फसल मसालों से ले कर दवा के तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली और कई तरह के चमत्कारिक गुण रखने वाली है। इसे देखते हुए बहराइच में अब किसानों का रुझान हल्दी की खेती की ओर बढ़ता जा रहा है। हल्दी की खेती के कई फायदे किसानों को मिल रहे हैं जिससे किसानों की दिलचस्पी इसकी खेती करने में बढ़ने लगी है। सबसे पहले इसको खेती के लिए धूप की जरूरत कम होती है और कोई कीटनाशक डालने की भी जरूरत नहीं है। बस घरेलू खाद से ही फसल बढ़िया हो जाती है। खास बात यह कि इसके पौधे से ही बीज भी मिल जाते हैं। हल्दी को किसान सालों तक रख भी सकता और लोकल मंडी में भी अच्छे भाव पर इसे बेच सकते हैं। कम लागत में गन्ने की फसल के बराबर किसानों को मुनाफा देने वाली हल्दी की खेती का चलन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है।

### गन्ने के बराबर मुनाफा

जिले के शाहनवाजपुर गांव में हल्दी की खेती कर रहे किसान बजरंग बली पाठक ने का कहना है के ये गन्ने के बराबर मुनाफा देती है और लागत भी कम आती है। बलुई मिट्टी और कम धूप वाले खेतों में भी इसकी खेती की जा सकती है।

### घर पर ही रख सकते हल्दी

जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि किसान हल्दी और अदरक की खेती कर रहे हैं। यह अच्छा निर्णय है। आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है लेकिन हल्दी को घर पर ही रख कर उचित भाव मिलने पर बिक्री कर सकते हैं।

# 46 जोड़े आज एक-दूसरे के बनेंगे जीवन साथी

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार:** सीमावर्ती विकास खंड नवाबगंज में मंगलवार को मुख्यमंत्री विवाह योजना कार्यक्रम के तहत 46 जोड़े नव दाम्पत्य होंगे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड नवाबगंज कार्यालय के परिसर में होगा जिसमें 46 जोड़े परिणय सूत्र के बंधन में बधेंगे। वह अपने नव दाम्पत्य जीवन की शुरुआत करेंगे। इनमें 43 जोड़े हिंदू रीत-रिवाज व तीन मुस्लिम रीत-रिवाज से विवाह के बंधन में बधेंगे। बताते चले कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी ब्लॉक स्तर पर पूरी कर ली गई है। मंगलवार को 10 बजे से कार्यक्रम आरंभ होकर विवाह सम्पन्न होने तक चलता रहेगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में हर्ष का माहौल है। इस कार्यक्रम में दूर-दूर से लोग प्रतिभाग कर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने पहुंचेंगे।

## एक नजर

### विधायक मामले में अब 20 फरवरी को होगी सुनवाई

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के मामले की सोमवार को सुनवाई होनी थी लेकिन कंडोलेंस होने के चलते तारीख लग गई है। जनपद के महसी विधानसभा के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह पर सितंबर 2002 में मारपीट के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट में सजा हुई है। जनपद न्यायाधीश ने सजा को निलंबित करते हुए 29 जनवरी को सुनवाई की तिथि निर्धारित की थी। सोमवार को वकील कोर्ट पहुंचे लेकिन एक अधिवक्ता के निधन होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। जनपद न्यायाधीश ने 20 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

### एचटी लाइन टूटकर सड़क पर गिरा

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर्र-गोंडा मार्ग पर सोमवार शाम थाने की पुलिस पैदल मार्च कर रही थी। तभी अचानक एचटी लाइन टूटकर गिर गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों पटरी खाली करा लोगों को तार से दूर रहने को कहा और सप्लाई भी तुरंत कटवा दी जिससे अनहोनी होने से बच गई।

### गैर इरादतन हत्या का वांछित दबोचा गया

**बहराइच, अमृत विचार :** राम गांव थाना क्षेत्र के फतेपुर गांव निवासी लवलेश पुत्र दुखीराम के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार को लवलेश को बलवापुर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### वारंटी को भेजा जेल

**बहराइच, अमृत विचार :** राम गांव थाना क्षेत्र के बनवारी गोपालपुर गांव निवासी इस्माइल पुत्र सीधे के विरुद्ध केस दर्ज है। न्यायालय ने इस्माइल के विरुद्ध वारंट जारी किया है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# संजय सेतु पर बोलेरो पलटी, छह जनपदों का रास्ता दो घंटे रहा जाम

## गोंडा, लखनऊ, बलरामपुर, बाराबंकी, श्रावस्ती व सीतापुर जाने वाले वाहन फंसे

जरवलरोड, बहराइच



लखनऊ-बहराइच मार्ग पर जाम हटवाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार



पलटने से क्षतिग्रस्त बोलेरो।



हादसे के बाद लगा जाम

**अमृत विचार :** बहराइच से बाराबंकी की ओर जा रही बोलेरो सोमवार सुबह घाघरा घाट (संजय सेतु) पर अनियंत्रित हो गई। पुल की रेलिंग से टकराते हुए बोलेरो पलट गई। पुल पर गाड़ी पलटने से लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंचे जरवलरोड पुलिसकर्मियों ने जेसीबी की मदद से वाहन को हटवाकर जाम खुलवाया। करीब दो घंटे तक छह जनपदों की ओर जाने वाला ये मार्ग ब्लॉक रहा। बता दें कि इस मार्ग से गोंडा, लखनऊ, बलरामपुर, बाराबंकी, श्रावस्ती और सीतापुर के लिए आवागमन होता है।

जरवलरोड थाना क्षेत्र के लखनऊ-बहराइच मार्ग पर घाघरा घाट के पुल पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे बहराइच से बाराबंकी की ओर जा रही बोलेरो अचानक नियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकराते हुए पलट गई। गनीमत रही की वाहन नदी में नहीं गिरा। इससे पुल पर लंबा जाम लग गया। जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी प्रभारी घाघरा घाट आदित्य कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मंगवाकर वाहन को सीधा कराया। हादसे के चलते लखनऊ-बहराइच-गोंडा मार्ग पर भीषण जाम लग गया। गाड़ी में करीब आधा दर्जन लोग सवार थे जो मामूली रूप से घायल हुए हैं। सभी को बाराबंकी जिला अस्पताल भेजा गया। करीब दो घंटे बाद आवागमन बहाल हो सका। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव ने बताया कि जाम हट गया है, आवागमन बहाल हो गया है।

# एकाग्र मेहनत से हासिल कर सकते हैं लक्ष्य

उपलब्धि

▶▶ पीसीएस में चयनित सुनिष्ठा सिंह का हुआ सम्मान

कैसरगंज, बहराइच



पीसीएस में चयनित सुनिष्ठा को सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख व अन्य।

**अमृत विचार :** जिले कैसरगंज क्षेत्र निवासी सुनिष्ठा सिंह को उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से आयोजित परीक्षा में 16वीं रैंक मिलने पर सोमवार को सम्मानित किया गया। सुनिष्ठा ने कहा कि एकाग्र मन और कड़ी मेहनत से सफलता हासिल कर सकते हैं।

पीसीएस की परीक्षा में 16वां स्थान प्राप्त करने वाली सुनिष्ठा सिंह को सोमवार को ब्लॉक प्रमुख की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में नागरिकों की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देखकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष उम्मेद सिंह जैन व संचालन बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र एडवोकेट ने किया। समारोह में सुनिष्ठा सिंह के साथ-साथ उनके पिता कुंवर विजयंत सिंह, चाचा कुंवर विपुल प्रताप सिंह को भी ब्लॉक प्रमुख ने सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सुनिष्ठा ने न सिर्फ कैसरगंज का नाम रोशन किया है, बल्कि प्रदेश में भी परचम लहराया है। समारोह में लोकतंत्र सेनानी बुद्धि सागर गुप्ता, भगवान दास सोनी, ओमप्रकाश पारीक, शिवाजी पांडे ,विश्व पाल सिंह, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, मोहम्मद रिजवान, अशोक कुमार सिंह, मनीष श्रीवास्तव,शिव सहाय सिंह, बद्री बाबा, सुदर्शन सिंह, गंगाराम जायसवाल, शिवानंद सिंह, विनय सिंह, विमल जैन, विवेक कुमार सिंह, रोहित सिंह, खतीब अहमद सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### मिहीपुरवा में आज लगेगा रोजगार मेला

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विकास खंड परिसर मिहीपुरवा में 30 जनवरी को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कौशल विकास मिशन, आईटीआई व सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 10 से अधिक नियोजकों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक अभिलेखो के साथ 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे विकास खंड परिसर में उपस्थित होकर अधिकाधिक लाभ उठा सकते हैं।

# बिना लैब चल रही प्रयोगात्मक परीक्षा रद

संवाददाता, बहराइच

कार्रवाई

▶▶ डीआईओएस ने मान्यता खत्म करने के लिए लिखा पत्र

**अमृत विचार :** पुरैना स्थित इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं चल रही हैं। डीआईओएस के निरीक्षण में वहां प्रयोगशाला नहीं मिली जिस पर परीक्षा रद करते हुए आयोग को पत्र लिखकर मान्यता निरस्त करने की मांग की है।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव ने बताया कि 28 जनवरी को इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षा भौतिक व रसायन विज्ञान सम्राट अशोक महान कामता प्रसाद इंटर कॉलेज,पुरैना, विशेश्वरगंज में हुईं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने निरीक्षण में पाया कि विद्यालय में प्रयोगशाला कि स्थापना नहीं हैं। किसी प्रकार से कुछ सामग्री उपकरण इकट्ठा कर प्रयोगात्मक परीक्षा कराने का प्रयास किया गया जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक ने लिखित निर्देश दिया हैं कि प्रयोगाशाला की उपलब्धता न होने की दशा में जिला विद्यालय निरीक्षक क़ो अवगत कराया जाएं जिससे किसी नजदीक विद्यालय में प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की व्यवस्था कराई जा सके। इसके बावजूद भी विद्यालय के प्रधानाचार्य व विषय अध्यापक ने बिना प्रयोगशाला के परीक्षा कराने का प्रयास किया और परिषद के नियमों का उल्लंघन किया। विद्यालय के विरुद्ध मान्यता प्रत्याहरण की संस्तुति करते हुए 28 की परीक्षा क़ो निरस्त कर पुनः कराने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर स्कूल संचालक में हड़कंप मचा है।

# प्रदीप के कवि सृजन का हुआ लघु शोध



कवि प्रदीप बहराइची।

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर में शिक्षक के रूप में कार्यरत प्रदीप पांडेय जो हिंदी साहित्य के क्षेत्र में प्रदीप बहराइची के नाम से जाने जाते हैं, उनके खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। प्रदीप बहराइची के हिंदी साहित्य में योगदान पर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गोंडा में एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा काजल मिश्रा द्वारा 'प्रदीप बहराइची का काव्य सृजन' विषयांतर्गत कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. शैलेंद्र नाथ मिश्रा के निर्देशन व हिंदी प्रवक्ता जयशंकर तिवारी की देखरेख में लघु शोध कार्य किया गया है। प्रदीप बहराइची की अब तक 'आ जाओ मधुमास में' व 'चूमा है चांद को' काव्य संग्रह प्रकाशित हुई है जबकि गीत संग्रह व मुक्तक संग्रह प्रकाशनाधीन है। करीब एक दर्जन से अधिक साझा काव्य संग्रह प्रकाशन के साथ ही देश के अनेक समाचार पत्रों,पत्रिकाओं सहित नेपाल से भी रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। प्रदीप बहराइची की कविताएं दूरदर्शन लखनऊ,आकाशवाणी लखनऊ सहित राष्ट्रीय स्तर के कई निजी टीवी चैनलों पर आ चुकी हैं।

## सार-संक्षेप

### ढोलक-चिमटे बजाते हुए निकाली प्रभात फेरी



सिख समाज की ओर से निकाली गई प्रभात फेरी में शामिल लोग।

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा डिहवा में गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर सोमवार को प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 5 बजे प्रभात फेरी गुरुद्वारे से पूरे गांव में होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंची। इसके बाद लंगर का प्रसाद भी वितरित किया गया। नानपारा तहसील के डिहवा गांव में स्थित गुरुद्वारे में सोमवार को प्रकाश पर्व मनाया गया। सिख समुदाय के लोगों ने झंडे, ढोलक और चिमटे के साथ प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान कीर्तन भी किया गया। प्रकाश पर्व पर 2 जनवरी तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 3 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा डिहवा के संरक्षक परमजीत सिंह, शक्ति सिंह, अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष बाबू सिंह, महामंत्री महेंद्र पाल सिंह, उपमंत्री रिंकू सिंह (टप्पा), कोषाध्यक्ष सतवंत सिंह, हरमीत सिंह, एडिटर रंजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, हॉल इंचार्ज गुरजीत सिंह ,मंगू सिंह स्टोर, इंचार्ज लल्लू सिंह, लंगर इंचार्ज निर्मल सिंह,दुर्गा सिंह, कलेशन इंचार्ज बिक्की सिंह आदि मौजूद रहे।

### आरएसएस के समरसता भोज में शामिल हुए लोग



खिचड़ी भोज में शामिल लोग। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत बंभौरा के बरूहा जय श्री राम शाखा जरवलरोड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ की ओर से मकर संक्रांति समरसता भोज का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई लोगों ने पहुंचकर खिचड़ी का आनंद लिया। आरएसएस के विभाग संयोजक धर्म जागरण जितेश्वर सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता को कायम रखने के लिए समरसता भोज महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके माध्यम से आपसी सद्भाव व बराबरी का भाव विकसित होता है। प्रवीण सिंह सहसंयोजक जिला धर्म जागरण अवध बिहारी, दीक्षित खंड संचालक विनीत शर्मा, मुख्य शिक्षक श्रीराम शाखा जरवल रोड, रामनिवास वर्मा विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष, सुधीर सिंह खंड कार्यवाह, राजेश श्रीवास्तव धर्म जागरण संयोजक खंड जरवल,विष्णु पाल जिला समग्र ग्राम विकास प्रमुख, विजय चौहान आरएसएस पर्यावरण मंत्री जरवल, पूर्व प्रधानअजय वर्मा ,डॉ. महेश श्रीवास्तव, मालिक राम गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अच्युतानंद मिश्र ,अनिल पांडे, रामराज शर्मा, बाबू सिंह, रामबरन यादव, विश्राम यादव, कमल राजपूत ,राजेश सिंह, प्यारेलाल शर्मा, अंकुर जैन, प्रदीप जयसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पागल सियार ने आधा दर्जन लोगों को किया घायल

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड के बैलगाड़ी ट्रॉली यार्ड में दो कर्मचारियों समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को पागल सियार ने काट लिया है। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जरवल विकास खंड के जरवल रोड में आईपीएल चीनी मिल का संचालन होता है। मिल के यार्ड में दो दिनों से पागल सियार आ रहा है। वह लोगों पर हमला कर रहा है। दो मिलकर्मियों समेत छह लोगों पर हमला किया है। गन्ना प्रबंधक ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। जरवल रोड चीनी मिल प्रबंधक सीपी सिंह ने बताया कि गन्ना विभाग के दो कर्मचारी अमरेंद्र शुक्ल व दिव्यांग सिंह को रात में पागल सियार ने काटा। दोनो लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। चीनी मिल यार्ड के निकट दुकानदारों व किसानों ने बताया कि करीब 10 लोगों को रात में पागल सियार ने काटा है। चीनी मिल इकाई प्रमुख टीएस राणा ने बताया कि गन्ना विभाग के दो कर्मियों को सियार के काटने की सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल गन्ना प्रबंधक सीपी सिंह ने दोनों को ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में प्रथम उपचार कराया है। बैलगाड़ी व ट्राली यॉर्ड में में तैनात सुरक्षाकर्मियों को हिदायत दी गई है कि यार्ड में सियार पर भी नजर रखी जाए जिससे कर्मचारी व किसानों को सुरक्षित किया जा सके।

# चेकिंग के दौरान सिपाही से उलझे नशे में धुत युवक

**बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर वाहन चेकिंग के लिए मौजूद पुलिसकर्मियों से नशे में धुत दो युवक उलझ गए। कहा जा रहा है कि युवकों ने सिपाही पर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया। अपशब्द का भी प्रयोग किया। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया। इसके बाद शांतिभंग की कार्रवाई की।

> जरवल रोड तिराहे पर पुलिस बाइक जांच कर रही थी। बाइक सवार युवकों ने अभद्रता की थी। बाइक चढ़ाने का प्रयास नहीं किया गया, अगर ऐसा कुछ है तो जांच कराई जाएगी। -विनोद कुमार राव, प्रभारी निरीक्षक

जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल रोड तिराहे पर पुलिस ने रविवार शाम को चेकिंग अभियान चलाया। उप निरीक्षक राणा राज सिंह, एसआई विपेंद्र सिंह, सिपाही शकील और दिग्विजय की लोगों की जांच कर रहे थे। उप निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति का निधन होने पर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के वैरी महेशपुर गांव निवासी संतोष पांडेय पुत्र हनुमान और रूपेश सोनी पुत्र हरीश शामिल होकर लौट रहे थे। जरवल रोड तिराहे पर बाइक सवारों से हेलमेट लगाने की बात कही और बाइक रुकवाई इस पर नशे में धुत दोनों युवकों ने सिपाही शकील पर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया।

### सड़क हादसे में घायल अधिवक्ता की भी मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में एक अधिवक्ता की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। अब तक मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। लखीमपुर जनपद के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी 8 लोग बोलेरो से शनिवार को नेपाल गए थे। रात में वापस जा रहे थे। नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र के नैनिहा गुरुद्वारे के पास ट्रक ने बोलेरो में टक्कर मार दी थी। हादसे में एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि सीओ के पेशकार समेत 7 लोग घायल हुए थे। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पांच घायलों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया था। तहसील के टाइपिस्ट की शनिवार रात मौत हो गई थी जबकि धौरहरा तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गौतम ने सोमवार को मौत हो गई।

# ताले तोड़कर तीन दुकानों से हजारों की चोरी

दुस्साहस

▶▶ थाने से चंद कदम की दूरी पर हुई ताबड़तोड़ वारदात

संवाददाता, बहराइच



चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान।

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित रामलीला मैदान के सामने हाईवे किनारे तीन दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। ताबड़तोड़ चोरी की वारदात ने पुलिस के रात्रि गशत की पोल खोल दी है। सुबह जानकारी होने पर दुकान मालिकों ने थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले को पूरी तरह दबाने में जुटी है।

जनपद के डफरापुर गांव निवासी आशीष मिश्र फखरपुर की रामलीला गेट के बगल में हाईवे किनारे भैरुनाथ आइसक्रीम के नाम से दुकान है। देर रात चोरों ने ताला तोड़कर दुकान में रखा सामान समेत करीब डेढ़ लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पास में ही मंझौरा निवासी रमेश यादव के होटल का ताला तोड़ कर वारदात की। खालिदपुर निवासी हारुन की दुकान का ताला तोड़कर बाइक के टायर व ट्यूब समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह दुकानदारों को चोरी की जानकारी हुई। थाने में सूचना दी लेकिन पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाए घटना को दबाने में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच की है।

### पुलिस को नहीं लगी भनक

रात में चोर एक-एक कर तीन दुकानों को खंगालते रहे लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। घटना ने चौक-चौराहे पर लगने वाली पुलिस ड्यूटी, रात्रि गशत, 112 नंबर सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है।

आयोजन

पापुलेशन फॉउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से हुई मीडिया कार्यशाला, बाल विवाह रोकने के लिए दिलाई गई शपथ

# हर गांव तक जाएगी बाल विवाह के विरुद्ध आवाज : सीएमओ

बहराइच कार्यालय



सीएमओ कार्यालय में शपथ लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह के विरुद्ध अभियान में तेजी लाने के लिए सीएमओ सभागार में सोमवार को मीडिया कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. सतीश कुमार सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक कलंक है, इसे हर हाल में मिटाना होगा। इसकी वजह से न सिर्फ मातृ व शिशु स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि इससे अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, हिंसा और शोषण मुक्त जीवन का अधिकार, विकास का अधिकार, समानता और सहमति से विवाह केअधिकारों का भी हनन होता है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह के विरुद्ध अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में हो चुकी है जिसके तहत सभी विभागों में शपथ कार्यक्रम, पोस्टर, सेल्फी, वीडियो संदेश आदि के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी मीडियाकर्मियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी दिलाई और कहा कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। हम सब मिलकर इसे रोकने का प्रयास करेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और समृद्धिवान बन सकें। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि बाल विवाह का कुप्रभाव न सिर्फ मातृ व शिशु स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि कम उम्र में शादी होने से आवश्यकता से अधिक बच्चों का बोझ भी परिवार में बढ़ जाता है। एसीएमओ डॉ. पीके बंदिल ने कहा कि बाल विवाह के कई नुकसान हैं। विशेषकर इससे समाज की आधी आबादी प्रभावित होती है। दंपत्ति अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे रोज़गार व विकास के सीमित अवसर मिलते हैं, आत्मविश्वास और बौद्धिक क्षमतायें पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाती। आवश्यकता से अधिक बच्चों के दबाव से पोषण और शिक्षा की स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. संतोष राना , आरकेएसके जिला सलहकार राकेश गुप्ता , डिप्टी सीएमओ डॉ. सोलंकी , डिप्टी डीटीओ डॉ.संदीप मिश्रा , सरजू खान-जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक मो.राशिद , मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से अभिषेक पाठक, बलबीर सिंह सहित अन्य मीडियाकर्मी भी उपस्थित रहे।

क्षिप्रं विजानाति चिरं श्रृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, भारत 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत को आगामी वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। लाल सागर में हाल की घटनाओं ने वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वैश्विक व्यापार में पहले से ही धीमी वृद्धि है। यदि सप्लाई चेन में व्यवधान जारी रहा तो यह व्यापार, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि भारत इन उभरती चुनौतियों के प्रबंधन को लेकर आश्वस्त है। अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। ध्यान रहे दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत के विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आर्थिक मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन और भी बेहतर दिखाई देता है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्ष में आर्थिक विकास दर में मंदी देखी जा सकती है। उधर भारत ग्लोबल अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। यह रुझान भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स जैसी तमाम एजेंसियां का अनुमान है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। साथ ही एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।

# महात्मा गांधी और भारत की लोकचेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे। महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं।

यह ठीक है कि गांधी एक व्यक्ति थे, किंतु व्यक्ति का क्या? व्यक्ति तो करोड़ों और अरबों-खरबों ही हैं, पहले भी हुए हैं, फिर गांधी पर ही नजर क्यों टिकती है? अनुयायी हों या विरोधी सभी की चर्चा के केंद्र में गांधी क्यों रहते हैं? वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपने को सर्वजन-चेतना से अभिभूत कर लेता है, जब व्यक्ति-चेतना अथवा अहंता-ममता की बर्फ पिघलकर जलधारा बन जाती है, तब व्यक्ति व्यक्ति नहीं रहता, वह कोटि-कोटि जन की अभिव्यक्ति बन जाता है।

वास्तव में गांधी व्यक्ति नहीं रह गए थे, वे समष्टिचेतना बन गए थे, भारत के लोकजीवन की मूल्य प्रणाली, विश्वास प्रणाली, विचार प्रणाली और अभिव्यक्ति प्रणाली का युगावतार। भारत की सामान्य जनता की निष्ठा के संबंध मे महात्मा गांधी ने एक बार यूरोप के एक पत्रकार से बात की। पत्रकार रेवरेंट माट् ने पूछा कि श्रीमान सार्वजनिक-जीवन में आपको आशा और निराशा दोनों ही होती होंगी। आपको किस बात से आश्वासन मिला और किस बात से निराशा हुई? महात्मा गांधी ने उत्तर दिया- भारत की सामान्य जनता बहुत कष्ट में जीवन व्यतीत कर लेती है, किंतु अहिंसा की वृत्ति को नहीं छोड़ती। इससे मुझे आश्वासन मिला है। महात्मा गांधी ने कहा कि निराशा की बात यह है कि शिक्षित लोगों के हृदय में दयाभाव का स्रोत सूखता जा रहा है, इससे मुझे चिंता होती है।

2 अप्रैल 1947 को दिल्ली मे एक इंटर एशियन रिलेशंस कान्फ्रेंस हुई थी जिसमें महात्मा गांधी ने जो भाषण दिया था, उसमें आपको उसी भारतीय लोकचेतना का स्वर सुनाई देगा। गांधीजी ने कहा कि आप सभी दोस्तों ने जो भारत है, उसे वाकई नहीं देखा है। यह कांफ्रेंस भी असल भारत में नहीं हो रही है। दिल्ली, बॉम्बे, मद्रास, कलकत्ता, लाहौर- बड़े शहर होने की वजह से ये सभी पश्चिम से प्रेरित हैं। उन्होंने एक कहानी सुनाई - "एक बार की बात है, फ्रांस के तीन वैज्ञानिक सत्य की खोज में निकले। तीनों एशिया के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। इनमें से एक वैज्ञानिक ने भारत में अपनी खोज जारी रखी। वह उस वक्त के तथाकथित शहरों में गया। यह अंग्रेजों और



मुगलों के आधिपत्य से पहले की बात है। उसने यहां के कथित ऊंची जाति के लोगों, पुरुषों व महिलाओं को देखा, मगर उसे संतुष्टि नहीं मिली। अंत में थक-हार कर वह एक साधारण सी कुटिया में जा पहुंचा। वहां उसे उस सत्य के दर्शन हुए जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी।" गांधीजी ने कहा कि "अगर आप वाकई भारत को देखना चाहते हैं तो आपको यहां के गांवों में बसे दलितों के बेहद साधारण-से घरों में आना होगा। यहां ऐसे सात लाख गांव हैं जिनमें अड़तीस करोड़ लोग रहते हैं। इस भारत को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने भारत की एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा की है। मुरझाई आंखों से मैंने यहां मनुष्यता की दयनीय तस्वीर देखी है। भारत यहीं बसता है। गोबर से सनी इन मामूली झोपड़ियों में मिलते हैं, वे दलित जिनमें मिलेगा आपको खाटी ज्ञान। लोकतंत्र और निर्धनतम लोगों के जागरण के इस दौर में आप पूरी ताकत से इस संदेश को फैला सकते हैं। गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे।"

महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं। सच्चाई, ईमानदारी, सादगी, समानता, भाईचारा, लोकमंगल, विश्वशांति आदि लोकजीवन के मूल्य जैसे महात्माजी के रूप में जीवंत हो गये थे। गांधी ने भारत के लोकजीवन का प्रत्यक्ष दर्शन और अनुभव किया था। गांधी ने भारत को जानने के लिए भारत को पाने के लिए भारत की पैदल-पैदल यात्रा करते हुए लोकमन से तादात्म्य की साधना की और और लोकमानस में जगह बनाई थी। लोक को जगाया था, लोक के विश्वास को जगाया था और लोक का विश्वास जीता था। लोक ने भी उनको विश्वास दिया था। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द फौज रेडियो से सुभाष चन्द्र बोस ने एक पत्र महात्माजी के नाम प्रसारित किया था, उसमें उन्होंने महात्माजी कहकर संबोधित किया और उन्हें लोकजागरण का प्रतीक बतलाया। कहा कि भारत और भारत के बाहर रहने वाले भारतीयों की दृष्टि में आप हमारे देश के वर्तमान जागृति के जनक हैं।

गांधी लोकजीवन को इतना उद्वेलित नहीं कर पाते यदि वे स्वयं ही सामान्यजन न बन गए होते। वे तो बैरिस्टर थे, लेकिन सामान्यजन के बीच घुलमिल जाने के लिए उन्होंने सिर के बाल हटा दिए, आधी धोती पहन ली और आधे से शरीर ढक लिया। पैरों में चप्पल डाल ली। सामान्यजन की वह असामान्यता कि गोलमेज-सम्मेलन असफल हो गया, होना ही था, किंतु उस दौरान सम्राट पंचम जार्ज ने बकिंघम पैलेस में विशालभोज दिया। दो हजार मेहमान थे जिनमें राजनयिक थे, लार्ड थे तथा भारत के राजा, महाराजा और नवाब-लोग बड़े ठाठ-बाट से सजे सजाए खड़े हुए हीरे और जवाहरातों की नुमाइश कर रहे थे। उस वैभवशाली समारोह में उन सभी महिमाशाली लोगों ने देखा कि घुटनों तक धोती बांधे, सफेद दुपट्टा डाले बड़े गौरव के साथ एक सामान्य आदमी आ रहा है। सभी की नजर उस धोती-वाले पर ही जा टिकीं। थोड़ी देर में पंचम जार्ज आए, उन्होंने चारों ओर देखा और उस सामान्यजन के पास आकर खड़े हो गए। सम्राट कुछ देर तक तो उन्हें देखते रहे, फिर बोले कि आप अफ्रीका में तो हमारे मित्र थे, मैं नहीं समझ पाया कि अब आप हमारे विरुद्ध कैसे हो गए? बापू ने उन्हें देखा और मुसका दिए।

सम्राट फिर बोला मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आपने भारत में गड़बड़ी की और मेरी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया तो वहां मेरी सेना उपद्रवियों को उड़ा देगी। यह बात इतनी धीरे से कही गई थी कि वहां खड़ी हुई सरोजिनी नायडू ने ही सुनी। गांधी उस समय तो मुसका दिए, किंतु जब प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी समिति की बैठक हुई तो वे बोले भारत में मेरे बच्चे ब्रिटिश बमों को केवल पटाखे समझते हैं। महात्मा गांधी के लिए लोकतंत्र का क्या अर्थ था, इस बात को हम उनके जीवन की एक घटना समझ सकते हैं।

महात्मा गांधी से (पहले से ही समय लेकर) गांव के दो किसान मिलने आए थे, महात्माजी उनको कुछ समझा रहे थे कि इसी बीच वायसराय के यहां से कोई अंग्रेज-अफसर गांधीजी से मिलने आ गया। थोड़ी देर तो उसने किसानों से महात्माजी की बातें सुनी फिर बोला मुझे आपसे बात करनी है। महात्मा गांधी ने कहा ठीक है, कहिए। वह अफसर उन किसानों को वक्र-दृष्टि से देखते हुए बोला मुझे राज्य के संबंध में गोपनीय बातें करनी है। महात्मा गांधी बोले ठीक है, करिए। उसने फिर से उन किसानों की ओर देखा। महात्मा गांधी बोले-हां, वे तो उस राज्य के मालिक हैं जिसके संबंध में आप गोपनीय बात करना चाहते हैं। राज्य के मालिक से छिपकर क्या बात करनी है? राज्य के मालिक से दुराव-छिपाव क्यों?

लोकचेतना की तरह ही महात्मा गांधी सामान्यजन के बीच खींची जाने वाली किसी भी रेखा या दायरे को अस्वीकार करते थे। जीवन भर वे दायरों को तोड़ते ही रहे। बापू की हत्या हुई तब कविवर बालकृष्ण शर्मा नवीन ने एक बड़ी कविता लिखी थी, उसका सार यह था - ऐसे संत-पुरुष के मरने का दुःख नहीं है, दुःख तो मनुष्य और मनुष्यता के मर जाने का है। ऐसे रामभरोसे रहने वाले आदमी पर जिन हाथों से गोली चली। क्या वह मनुष्य था? क्या उसकी मनुष्यता मर गई थी? लोक नायक पर प्रहार का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

## व्यंग्य

# मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने

नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआ भर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था।

एक कार्यक्रम में सौभाग्य भरे इत्तेफाक से लुप्त हो रही नौटंकी विधा का रसास्वादन हुआ। मजा आ गया। मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने... ये गीत गाकर नाच रही नटी से नट बोला-लग रहा है लोकसभा चुनाव 2024 के मंच पर भाजपा है तू। नटी बोली- तुझे जलन क्यों हो रही है। यूपी के अस्सी मेरे और अब तो बिहार के चालीस भी मेरे। मंडल भी मेरा कमंडल भी मेरा। श्रीराम भी मेरे, कर्पूरी ठाकुर भी मेरे। नीतीश भी मेरे। बिहार की नैया के मांझी भी मेरे, पासवान के चिराग भी मेरे। यूपी के पीले गमछे वाले राजभर भी मेरे, निषाद भी मेरे, पटेल भी... और अब देशभर के कुर्मी भी मेरे। ब्राह्मण, बनिया, ठाकुर तो पहले से ही मेरे हैं। यूपी भी मेरा, बिहार भी मेरा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश...सब मेरा।

नट-तो फिर मेरा क्या है? नटी-जा दक्षिण में कहीं सिर छिपा ले। नट-दक्षिण भी कहां छोड़ रही है तू, वहां भी फन फैलाए बैठी हो, जहां तुम्हारा जलवा नहीं चलता वहां भी तो डोरे डाल रही हो।


नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

नटी-सब हमारे आंशिक हैं, पूरा देश हमारा है। तुम्हें क्यों जलन हो रही कलमुंहे? नटी ने ये कहते हुए नट के सीने पर हाथ मारा तो नट जमीन पर गिर गया। दर्शकों में किसी ने हूटिंग की- इंडी गठबंधन है क्या, जो धड़ाम से गिर गया? दूसरा दर्शक बोला- इसे पप्पू से मिलवा दो। वो न्याय बांटता घूम रहा है और इनके अपने गठबंधन के साथी न्याय न पाकर गश खाकर गिरे पड़ रहे हैं। तीसरा दर्शक बोला-भला हो मोटे भाई का, इससे पहले कि कोई गिरने वाला हो, वो इस्ट्रएचर लिए खड़े रहते हैं। ईडी, सीबीआई के पहिए वाला इस्ट्रएचर पहले कमलछाप साबुन से नहलाकर पवित्र करता है और ऑपरेशन लोटस की अपार सफलता का सिलसिला जारी रखता है। नटी- ठीक तो है, हमारी छोटी सी शर्त है। कुंवारे रहकर एकला चलो या हमारे साथ ब्याह करो।

दर्शक- जैसा कि दिल्ली में खांसी वाले और उनके पंजाब के साथी दारूवाला, यूपी के भइया और बंगाल की दीदी बहन जी की तरह एकला चलो की राह पर चल सकते हैं। नटी-समझदार हैं ये लोग, इस मुवे की तरह (जमीन पर पड़े नट की तरह इशारा करते हुए) खड़गे... ओह आज जबान बहुत फिसल रही है। गड्ढे में नहीं गिरना चाहते हैं ये लोग। नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआभर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था। हलाला करवाकर दोनों को फिर अपना बना लिया। अब इन्हें जोरू का (अपना) गुलाम बनाऊंगी। नट-शर्म करो नास पीटी, लज्जा नहीं आती। डायन भी सात घर छोड़कर डसती है, तू तो ऐसी डायन है कि अपनो को भी नहीं छोड़ती, तूने तो एमपी वाले अपनी मामा और राजस्थान वाली अपनी मामी को भी डसने में कसर नहीं छोड़ी।

नटी-जा-जा मेरा पीछा छोड़, पप्पू की न्याय यात्रा में जाकर मेरे अन्याय को उजागर कर दे। मुझे कोई चिंता नहीं। राम कसम जनता हम पर भरोसा करती है, मेरी गारंटी पर भरोसे का दौर चल रहा है। कुछ तो है न मुझमें जो तुझमें नहीं है। मेरी काबिलियत की गर्मी देखकर अब वो ठिठुर रहा है। पिछली बार जीरो डिग्री में हाफ टी-शर्ट में घूम रहा था। अब इलेक्ट्रिक हीटर में कोयले जला रहा है मूर्ख...
आडियंस हंसने लगी और पर्दा गिर गया।

# अस्वाभाविकताओं का दौर


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं, जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए।

हम अस्वाभाविकताओं के दौर में जी रहे हैं। दलित चेतना की आभा की प्रतीक रहीं मायावती किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रतिरोध की मुख्यधारा से बाहर हैं। समर्थक हों या विरोधी, सब लगभग एक स्वर में कहते थे कि नीतीश कुमार विपक्ष के एकमात्र ऐसे बड़े चेहरे हैं जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में लाना आसान नहीं है। विश्लेषकों का एक वर्ग नीतीश को नरेंद्र मोदी के बरक्स खड़ा करने का मजबूत तर्क देता था। सपाट तरीके से सोचें तो यह तर्क प्रभावित भी करता था, क्योंकि नीतीश का ओबीसी होना, हिंदी पट्टी का प्रभावशाली नेता होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक के रूप में गिनाए जाते थे।

बहुत सारे विश्लेषक तो ऐसी रणनीतियों पर लंबी-लंबी परिचर्चाएं करते थे कि नीतीश उत्तर प्रदेश की किसी अनुकूल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के वोट बैंक को यूपी में ही नहीं, मध्य प्रदेश और झारखंड के भी कई इलाकों में एक नया विस्तार देंगे, लेकिन दौर चूंकि अस्वाभाविकताओं का है। हमने टीवी स्क्रीन पर देखा कि बुझे और थके चेहरे के साथ नीतीश कुमार राज्यपाल के समक्ष रिकार्ड नवीं बार नई सरकार चलाने की शपथ ले रहे थे और उनकी बगल में भाजपा के उनके नए सहयोगियों की कतार थी। लोगों ने ऐसे मंजर कम ही देखे होंगे कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो और शपथ लेने वालों में एकाध को छोड़ किसी का चेहरा उल्लास से दमक न रहा हो। जीतनराम मांझी के सुपुत्र जी और एक निर्दलीय जी को छोड़ किस शपथ लेने वाले के चेहरे पर आंतरिक खुशी नजर आ रही थी। चाहे जातीय गणना का मुद्दा हो, आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का मामला हो या कम समय में रिकार्ड तोड़ संख्या में सरकारी नौकरियां देने का क्रेडिट हो, अब अतीत बन चुकी महागठबंधन की सरकार अच्छी खासी चल रही थी, लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार के ऐसे कौन से निकट सहयोगी-सलाहकार थे जिन्हें इस सरकार को गिराने और भाजपा के साथ नई सरकार बनाने की बेताबी थी। निश्चय ही कुछ सांसद होंगे जिन्हें डर होगा कि वे पिछला चुनाव लालू विरोधी मतों को पाकर जीते हैं और अगला चुनाव महागठबंधन की ओर से लड़ने में उन्हें दिक्कतें पेश आ सकती हैं। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है कि इस आधार पर वे नीतीश कुमार को विवश कर दें और भाजपा के पाले में फिर से ले आएं।

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं, जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए, लेकिन नीतीश कुमार उदाहरण हैं कि कोई नेता अगर राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से नौकरशाहों की खास मंडली पर जरूरत से ज्यादा निर्भर करने लगे, अगर उसके अगल-बगल जनाधार विहीन राजनेताओं की मंडली जमा हो जाए और समय एवं परिस्थितियों के अनुसार खासी प्रभावशाली भी हो जाए तो एक दिन बड़े से बड़े आभामंडल वाले नेता की भी मिट्टी पलीद होना तय है। सभी के लिए उम्र महज एक संख्या नहीं होती। सबके अपने पारिवारिक-सामाजिक आधार होते हैं, उस आधार पर बनता-बिगड़ता अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होता है। आडवाणी हों, मनमोहन हों या स्वर्गीय मोरारजी, कई उदाहरण हैं। उन्हें लेकर कभी अफवाहें नहीं उड़ी कि कोई चौकड़ी उनकी उम्र जनित समस्याओं का लाभ उठा कर उनके राजनीतिक फैसलों पर हावी हो रही है, लेकिन नीतीश कुमार को लेकर ऐसी अफवाहें चल रही हैं। नीतीश बेदाग होंगे ऐसा संभव है, लेकिन वर्षों से उन्हें घेरे, अपने घटिया स्वार्थों में लिप्त नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों की मंडली में कौन कितना बेदाग है यह कौन बता सकता है? केंद्रीय एजेंसियों की आंच अगर उनमें से कुछ तक पहुंच रही हो और उसका असर राजनीतिक ब्लैकमेलिंग के रूप में सामने आ रहा हो तो इसमें क्या आश्चर्य?

एक बात के लिए तेजस्वी यादव को नीतीश का, उनके निर्णयों पर कथित रूप से प्रभाव डालने वाले सलाहकारों का और इन तमाम घटना क्रमों का आभार मानना चाहिए कि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को इन सबने एक नई चमक दी है। उन्होंने छला नहीं है, बल्कि वे छले गए के रूप में जनता के सामने जा सकते हैं। भले ही नीतीश रिकार्ड समय में लाखों नौकरियों का क्रेडिट लें, लेकिन बिहार के बेरोजगार नौजवानों के बीच तेजस्वी की ही चर्चा है और यह जाति धर्म से ऊपर उठकर उनके प्रति युवाओं के अनुराग का एक अध्याय है। आगे वे क्या करते हैं, कैसे बिहार की राजनीति को संभालते हैं, यह उन पर निर्भर करता है।

## सोशल फोरम

# अमीर खुसरो और निजामी

अमीर खुसरो की इच्छा थी कि साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान का प्रभाव ईरान-तूरान से आगे तक महसूस किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी साहित्यिक परियोजना पर काम शुरू करने का इरादा किया जो सार्वभौमिकता के तकाजों को पूरा करती हो।


असग़र मेहदी
लखनऊ

फिरदौसी के शाहनामा के बाद गंजवी के निजामी के नाम से प्रसिद्ध जमाल उद्दीन अबु मुहम्मद इलयास इब्ने यूसुफ़ इब्ने ज़की (1141-1209) ही मसनवी के क्षेत्र में कमाल दिखा सका था। उसके द्वारा पांच साल में पांच मसनवियों के पंज-गंज या खमसे की रचना उसे फारसी साहित्य में रूमानी परंपरा का महत्वपूर्ण शायर स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।

निजामी को फारसी महाकाव्य में बोलचाल और यथार्थवादी शैली के प्रवेश कराने में सहायक माना जाता है। उसका पंज-गंज बाद की शताब्दियों में ईरानी और मुगल दरबारों में पेंटिंग के हवाले से एक लोकप्रिय विषय रहा है। अमीर खुसरो ने निजामी से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना पर काम शुरू कर दिया और केवल तीन वर्षों (1298-1301) में तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पांच मसनवियों पर आधारित अपना खमसा दुनिया के सामने पेश कर दिया।

पहली मसनवी, 'मतला उल अनवार' सूफीवाद और नैतिकता से संबंधित विषयों को समेटती है। दूसरी मसनवी "शिरीं व खुसरो", आर्मीनियाई राजकुमारी, ईरानी राजकुमार और एक संगतराश के नाकाम प्रेम के विषय का करुणाजनक बयान है। तीसरी मसनवी "लैला व मजनू" में अरबी मूल कथा का ईरानीकरण है। चौथी मसनवी "आयीना ए सिकंदरी", निजामी की दो मसनवियों "सिकंदर नामा (बर्री और बहरी)" से छोटी होने के बावजूद, उनसे मुकाबला करती नजर आती है।

अमीर खुसरो की पांचवीं मसनवी "हश्त बिहिश्त" अर्थात आठ स्वर्ग, जो इतिहास और किंवदंतियों का बेहतरीन संगम है। यह भी अजब है कि हिंदुस्तान से बाहर ख़ुसरो की ख्याति की वजह मसनवियों का यह संकलन करार पाया। जबकि हिंदुस्तान में वह गीतों, दोहों, गजलों, पहेलियों की वजह से जाने और पहचाने जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# गांधी का चतुर्मुखी दर्शन

महात्मा गांधी भारत भूमि पर जन्मे ऐसे युग पुरुष हैं, जिन्होंने अपने सत्कर्मों से भारत को ही नहीं अपितु समस्त मानवजाति को धन्य किया। मानव-सेवा, शोषितों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रुषा के लिए गांधी जी ने जो कार्य किए वे कालजयी बन गए। उनके यही कार्य उनके दर्शन का रूप धारण कर 'गांधीदर्शन' में परिणत हो गए। कोई भी विचार या दर्शन कालजयी तब बनता है जब हर युग में उसकी प्रासंगिकता हो। महात्मा गांधी का दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक दर्शन है। इसमें जहां एक ओर अध्यात्म और नैतिकता का सुख है वहीं राजनीति और रचनात्मकता का आनंद भी है। गांधी दर्शन चार प्रमुख रूपों में हमारे सम्मुख आता हैं-आध्यात्मिक, नैतिक, राजनीतिक और रचनात्मक।


डॉ. लवलेश दत्त
बरेली

महात्मा गांधी पूर्णतः आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और वही सत्य है। अतः उन्होंने 'ईश्वर सत्य है' को 'सत्य ही ईश्वर है' माना और जीवनभर सत्य के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते रहे। उनका मानना था कि दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। गांधीजी पुनर्जन्म में आस्थाशील थे। महात्मा गांधी के अध्यात्म दर्शन अध्यात्म के सभी प्रमुख तत्वों ब्रह्म, जीव, जगत, माया, मोक्ष आदि के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी ने अपने दर्शन को नैतिक आदर्शों का आधार प्रदान किया। गांधीजी चाहते थे कि देशवासी अपने चरित्र और जीवन को ऐसा बनाएं कि संपूर्ण विश्व में एक आदर्श स्थापित हो सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गांधीजी ने न केवल भारतवासियों के लिए, बल्कि संपूर्ण मानव जाति को नैतिक आदर्शों का पाठ पढ़ाया। गांधीजी चाहते थे कि लोग सच्चरित्र हों, सत्यवादी हों और अहिंसा का पालन करने वाले हों। एक शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति संयमित हो और उसे अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो। गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पालन में अपना सर्वस्व त्याग दिया था। गांधीजी अहिंसा की लड़ाई के वीर योद्धा थे और उनकी अहिंसा की लड़ाई के बल पर ही देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई। गांधीजी ने स्वाधीन देश में आदर्श समाज की स्थापना के लिए ही नैतिक आदर्शों को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। उनका स्वप्न था कि स्वाधीन देशवासी नैतिकता के आधार पर ही एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें जिससे भारत संपूर्ण विश्व के समाने नैतिकता की एक मिसाल बने। गांधीजी के राजनीतिक दर्शन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है-सत्याग्रह।

गांधीजी अहिंसक उपायों से देश को स्वाधीन कराना चाहते थे। वे जानते थे कि यदि हिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता प्राप्त की गई तो उसे स्थाई बनाए रखने के लिए भी हिंसा का मार्ग ही अपनाना पड़ेगा। अतः अहिंसा के माध्यम से प्राप्त स्वाधीनता ही चिरस्थायी रह सकेगी। इसीलिए अपने राजनीतिक दर्शन में गांधीजी ने अहिंसक उपायों का प्रयोग किया। भारत की स्वाधीनता के लिए किए गए उनके कार्य उनका राजनीतिक दर्शन बन गए। गांधीजी का रचनात्मक दर्शन सर्वोदय की अवधारणा पर स्थापित है। स्वदेशी आंदोलन और सांप्रदायिक सद्भाव उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। गांधीजी का प्रत्येक कार्य जनहित में था। इसीलिए उन्होंने सर्वप्रथम सर्वोदय का नारा दिया। सब एक साथ आगे बढ़ें यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने स्वावलंबन और शारीरिक श्रम जैसे बिंदुओं को अपने रचनात्मक दर्शन का अंग बनाया। गांधीजी शारीरिक श्रम पर बल देते थे। गांधीजी ने देश की स्वतंत्रता, मानव सेवा और मनुष्य के नैतिक उत्थान के लिए जो कार्य किए वे सभी गांधीदर्शन में परिणत हो गए। उनका दर्शन पूर्ण और व्यावहारिक दर्शन है।

# सरकार पलट गई कुर्सी स्थिर रही

नीतीश कुमार नवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। पत्रकारों के सवाल पर जवाब दिया सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था, जब भाजपा से गठबंधन तोड़ा तो बोले हमारी पार्टी ही हड़प लेना चाहते हैं। एक बात तो है नीतीश कुमार भले ही विचारों में स्थिर न हों, लेकिन कुर्सी मजबूत स्थिति में रहती है। उन्हें पलटूराम कहा जा रहा है, जबकि वे स्थिर हैं।


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पलटूराम तो वे हैं, जो मुंह भर-भर कर कोसते रहे। अब हंसते हुए सरकार में शामिल हो कसीदे पढ़ेंगे। आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच व सदन की गरिमा भी तो रखनी है। नीतीश का 24 जनवरी 2024 को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर परिवारवाद पर भाषण देना ही लग रहा था कि अब फिर बदलेंगें। यह तो उनको पता ही था कुर्सी नहीं बदलेगी। वे जानते थे, जो उनके खिलाफ हैं, सत्ता की चाशनी में फिर लिपटने चले आएंगे। यदि लोकसभा के बाद परिणाम उचित नहीं आए तो फिर हो सकता है कि कुर्सी को ध्यान रखते हुए मन बदलेंगे। तेजस्वी यादव भी फिर आ जाएंगे आखिर सत्ता हनक की बात ही कुछ और होती है। एक बात तो है इतिहास उन्हें कैसे याद करेगा इसका भी ख्याल रखना चाहिए था। नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराई जिसमें तेजस्वी यादव का भी साथ था। मुझे लगता है उन आंकड़ों से दूसरे दल घबरा गए। अब से पूर्व की सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।

दोनों पिछड़े वर्ग से अबकी सरकार में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए, जो कहते थे कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही पगड़ी खोलेंगे। अब उन्होंने ही उपमुख्यमंत्री की पगड़ी बांध ली ये भी कालचक्र का नया पहलू है।

## एक नजर

### पेराई सत्र में किसानों के गन्ना का हुआ भुगतान

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड ने 2023-24 के पेराई सत्र में 14 जनवरी तक पेराई हुए गन्ना मूल्य का संपूर्ण भुगतान 4239 .64 लाख रुपया किसानों के खाते में भेज जा चुका है। आईपीएल चीनी मिल प्रबंधक टीएस राणा ने बताया कि अब तक 14 .66 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर 152790 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया। 1114 .54 लाख का भुगतान हुआ है। 29 नवंबर से 14 जनवरी तक 4239 64 लाख का भुगतान किसानों के खाते में अब तक भेजा जा चुका है।

### कल निकलेगी जनसंपर्क यात्रा, तैयारी पूरी

**बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय किसान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर श्रीकृष्ण शुक्ल ने बताया कि 31 जनवरी को जन संपर्क यात्रा निकाली जाएगी। इसमें जनता के विभिन्न मांगों व बढ़ती महंगाई को लेकर राष्ट्रीय कार्यालय से विधानसभा पयागपुर में जनसंपर्क करते हुए उपजिलाधिकारी पयागपुर को मांग ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### बाइक सवार घायल, रेफर

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जरवलरोड थाना अंतर्गत लखनऊ-बहराइच मार्ग पर झुकिया के पास बने रेलवे अंडरपास के सामने किसी वाहन से अनु पुत्र गुरचरण निवासी बस्ती थाना देवा कोतवाली, जिला बाराबंकी को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि वह बाइक से बहराइच की तरफ जा रहे थे। सूचना पर जरवल रोड पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया जहां उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

# 28 दिन बाद खुले स्कूल तो चहक उठे बच्चे

## पहले ही दिन गुनगुनी धूप ने बच्चों को किया निहाल, पढ़ाई के साथ की जमकर मस्ती

बहराइच कार्यालय



प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई के लिए पहुंचे बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में 28 दिन बाद सोमवार से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई शुरू हो गई। बच्चे स्कूल पहुंचे तो उनके चेहरे खिल उठे। अपने दोस्तों से मुलाकात करते हुए पढ़ाई शुरू की।

जनपद स्थित विद्यालयों में ठंड का अवकाश चल रहा था। मौसम साफ न होने के चलते छुट्टियां बढ़ती चली गई। 28 दिन बाद सोमवार से जिले के कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए स्कूलों के खुलने का फरमान जारी होते ही परिषदीय बच्चे स्कूलों में टूट पड़े क्योंकि काफी दिनों से शीतलहर अवकाश चल रहा था। शीतलहर के अधिक ठंड पड़ने लगी। इस पर जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अत्यधिक हाड़कंपाऊ ठंड व सर्द हवाओं के प्रकोप से बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल आने पर प्रतिबंध लगा दिया और आदेश जारी कर दिया कि बच्चे स्कूल नहीं आएंगे लेकिन शिक्षक विद्यालय पहुंचकर विभागीय कार्य करते रहेंगे। सोमवार से बच्चों के स्कूल न आने वाले प्रतिबंध को हटा दिया गया जिसकी सूचना मिलते ही परिषदीय बच्चे अपने-अपने स्कूल पहुंचने लगे। सोमवार को जिले में छात्र उपस्थिति बहुत ही कम रही क्योंकि काफी दिनों के बाद अचानक स्कूलों के खुलने की जानकारी कुछ ही छात्रों व अभिभावकों को हो सकी। कंपोजिट विद्यालय यादवपुर विकास खंड तजवापुर में सौ से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थित दर्ज की। मंगलवार से छात्र उपस्थित बढ़ने की उम्मीद है।

**पहले दिन उपस्थिति कम**

बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों को खुलवा दिया है लेकिन पहले दिन छात्रों की उपस्थिति काफी कम रही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एआर तिवारी ने बताया कि धीरे-धीरे छात्रों की संख्या बढ़ेगी।

# जरवल रोड व विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष हुए लाइन हाजिर

संवाददाता, बहराइच




**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने सोमवार रात जरवल रोड और विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर अभी किसी की तैनाती नहीं हुई है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सोमवार रात करीब 8 बजे जरवल रोड और विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष पर कार्रवाई कर दी। एसपी ने जरवल रोड थानाध्यक्ष विनोद कुमार राव और विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष सूरज राना को लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन में आमद दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इनके स्थान पर अभी किसी अन्य थानाध्यक्ष की तैनाती नहीं हुई है।

**सख्ती**

**एसपी ने शिथिलता बरतने पर की कार्रवाई**

पुलिस विभाग के मुताबिक, जरवल कस्बे में एक मामले में जांच के बाद थानाध्यक्ष पर कार्रवाई हुई है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कार्य में लापरवाही बरतने पर ये कार्रवाई की गई है।

# पेड़ काटने के विवाद में खूनी संघर्ष, 7 घायल

संवाददाता, बहराइच



जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे घायल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में यूकिलिप्टिस के पेड़ के कटान के दौरान एक पक्ष के लाठी डंडों, धारदार हथियारों से लैस हमलावरों ने जमकर मारपीट की। हमले में एक रिश्तेदार सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से भी दो लोग घायल हुए है। यह वारदात पुलिस की मौजूदगी में हुई। थाने से अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचने पर बड़ी वारदात टल गई। हमले में बाहरी हमलावर वारदात के बाद फरार हो गए। पुलिस ने घायलो को फखरपुर सीएचसी भेजा। वहां से चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद शहर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

फखरपुर थाने के सुआगाड़ा गांव मे शेष कुमार पुत्र प्रताप नारायण के भूमि में लगे यूकिलिप्टिस के पेड़ को किसी लकड़ी के कारोबारी के हाथों बिक्री किया था। सोमवार को दोपहर मे शेष कुमार के रिश्तेदार बौंड़ी थाने के डिहवा निवासी राकेश कुमार पुत्र राम सेवक भी आए हुए थे। ठेकेदार पेड़ कटाने को मजदूर लाया था। इसी दौरान कुछ पुलिस के सिपाही पहुंच गए। जो पेड़ कटान के बारे मे पूंछताछ कर रहे थे। इसी दौरान एक दर्जन से अधिक हमलावरों जो लाठी, डंडे व धारदार हथियारों से लैस थे। केला के खेत से निकले और शेष कुमार पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे बचाने दौड़े बेटे संजय, सुभाष, सुजीत व रिश्तेदार राकेश को भी घायल कर दिया। इन पांचों के सिर व शरीर मे गंभीर चोटे आई है। जबकि दूसरे पक्ष से सुआगाड़ा निवासी रामतेज पुत्र रामानंद व उसके पुत्र अजय कुमार को चोटे आई है। इसी दौरान थाने से पुलिस पहुंचते ही हमलावर फरार हो लिए। वारदात से गांव में भगदड़ व अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने सभी घायलों को फखरपुर सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक इलाज कर शहर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आर्थिक व सामाजिक तंगी हो रही दूर

संवाददाता, बहराइच

**रैंकिंग**

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाने में बहराइच सूबे में आया अव्वल**

**अमृत विचार:** जिले में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत जिले को पुनः प्रदेश में पहला स्थान मिला है। इसको लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों में हर्ष है। जबकि कौशांबी को दूसरा स्थान मिला है।

योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक पीके शर्मा ने बताया योजना को मिशन शक्ति के सामर्थ्य योजना में शामिल करने से अब पहली गर्भावस्था में 5 हजार व दूसरी बार लड़की जन्म होने के 270 दिन में पंजीकरण कराने पर 6000 हजार की धनराशि दी जा रही है। दूसरी शिशु बालिका जन्म लेने पर अब तक 9513 माताओं को पंजीकृत किया जा चुका है। सीएमओ डॉ. एसके सिंह ने बताया कि जब गर्भाशय में ही शुरू हो जाता है तो पूरे जीवन चक्र तक चलता रहता है और ज्यादातर मामलों में इसे पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली नकद धनराशि का उपयोग पौष्टिक आहार सेवन करने में करना चाहिए। इससे उनके स्वस्थ रहने के आचरण में सुधार होगा। इस योजना के तहत बहुत सी महिलाओं को लाभ मिला है।



प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से न केवल पोषण, बल्कि शीघ्र पंजीकरण होने से प्रसव पूर्व जांच, सुरक्षित प्रसव और समय से बच्चे का प्राथमिक टीकाकरण भी सुनिश्चित हो जाता है। जनपद में पात्र सभी गर्भवती और धात्री तक इस योजना को पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, ताकि वह स्वस्थ रहें और उन्हें शिशु को छह माह की आयु तक लगातार स्तनपान कराने की सामर्थ्य में कोई बाधा न पहुंचे।

**-मोनिका रानी,, जिलाधिकारी**

# महिला को नहीं मिला आवास तो घर पहुंचीं सीडीओ

जरवल, बहराइच



ग्राम पंचायत परसा में जांच करतीं सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत परसा निवासी बुजुर्ग महिला की फरियाद पर मुख्य विकास अधिकारी ने उसके घर पहुंच कर जांच की। अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अगले सर्वे में महिला को आवास देने के निर्देश दिए।

जरवल विकास खंड के ग्राम पंचायत परसा अंतर्गत ककरहा के मजरा निवासी बुजुर्ग बेवा महिला चमेली पत्नी स्व. बद्री प्रसाद ने मुख्य विकास अधिकारी राम्या. आर से मिलकर आवास सूची से नाम काटने की शिकायत की थी। महिला का कहना था कि पंचायत सचिव द्वारा पैसे की मांग की गई थी, पैसे की डिमांड पूरी न कर पाने पर उसे आवास नहीं दिया गया जबकि उसके आगे के सभी नामों को आवास दे दिया गया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए सोमवार को सीडीओ राम्या. आर बुर्जुग महिला के घर पहुंची। जांच करते हुए परिवार को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी हासिल की। टिन सेड में रह रही महिला की स्थिति देखकर सीडीओ ने अधिकारियो को फटकार लगाते हुए मौके पर जाकर सही भौतिक सत्यापन कर गरीबों को योजनाओं का लाभ देने और गरीब ग्रामीणों के साथ सही से व्यवहार करने की बात कही। वही, मौके पर मौजूद बीडीओ एसपी पांडे को निर्देश दिया कि अगले सर्वे में महिला का चयन करते हुए आवास योजना का लाभ दिया जाएं और वर्तमान में अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ परिवार को दिया जाएं। इसके अलावा, जरवल के ही रिठौढा गांव में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत संचालित ज्योति स्वयं सहायता समूह केंद्र पहुंचकर सीडीओ ने महिलाओं द्वारा तैयार की गई पौध नर्सरी का निरीक्षण कियाऔर अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान एडीओ पंचायत बृजेश सिंह,एडीओ आईएसबी राजेश सिंह, खंड प्रेरक विनोद यादव आदि रहे।

# खाटूश्याम की भव्य शोभायात्रा 8 फरवरी को

**संतकबीर नगर, अमृत विचार :** श्री श्याम जी सेवा समिति के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति आगामी 8 फरवरी को जनपद मुख्यालय पर खाटू श्याम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समय माता मंदिर से सुबह 6.15 बजे निकलने वाली शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए गोलाबाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पर पहुंचेगी। आयोजन मंडल के सदस्यों ने बताया कि सायंकाल 6.30 बजे से हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज परिसर में खलीलाबाद के अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायक सरदार हरि महेंद्र सिंह रोमी, कोलकाता के भजन गायक सौरभ शर्मा और नीमच की भजन गायिका कनिष्का ग्रोवर द्वारा श्री खाटूश्यामजी के भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी दिन शाम को काशी के विद्वानों द्वारा खाटूश्याम की महाआरती की जाएगी।



खाटूश्याम की पालकी।

## सार-संक्षेप

### गाजी की मज़ार पर भीगी आंखों के साथ पेश किया पैरहन

**बहराइच, अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध सूफी हजरत सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर छह दिवसीय उर्स का समापन परम्परानुसार दुआ के साथ हुआ। दरगाह शरीफ के इमाम मौलाना अर्शदुल कादरी की रहनुमाई में दरगाह प्रबंध समिति के अध्यक्ष,सदस्यों, खुद्दाम और कर्मचारियों ने साहिबे आस्ताना की मजार पर इकट्ठा होकर फूल व चादर पेश कर देश की स्मृद्धि, प्रगति-शांति, एकता-भाईचारा व खुशहाली की दुआ मांगी। दरगाह प्रबंध समिति के अध्यक्ष सैय्यद शमशाद अहमद एडवोकेट ने जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व तबर्रुकात में शामिल हज़रत सैय्यद सालार मसूद ग़ाज़ी के पैरहन को मज़ार शरीफ पर पेश करने के लिए देर रात्रि दफ्तर दरगाह शरीफ में सभी खुद्दाम और प्रबन्ध समिति के जिम्मेदार इकट्ठा हुए। भीगी आंखों के साथ उसे मज़ार शरीफ पर पेश किया। समिति अध्यक्ष सैय्यद शमशाद अहमद एडवोकेट, दिलशाद अहमद एडवोकेट,अब्दुल रहमान,मकसूद रायनी मैनेजर हाजी सैय्यद अलीमुलहक, सैय्यद आरिफ,मौलाना जाहिरुल कादरी, मौलाना खुर्शीद मिस्बाही व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सैय्यद अकरम आजाद , डॉ. कशफी, खुद्दाम और बड़ी संख्या में आशिकान-ए-गाजी उपस्थित हुए। देर रात हजरत सैय्यद सैफुद्दीन सुरखुरु सालार (रह.) के आस्ताने पर मौलाना जाहिरुल कादरी के संचालन में आयोजित उर्स का आगाज हाफिज ताहिर अली की तिलावत कलाम अल्लाह से हुआ। इस मौके पर मौलाना मो. मुसबरज़ा खां ,मौलाना खुर्शीद मिस्बाही आदि मौजूद रहे।

### चाकू के हमले में घायल ग्रामीण की मौत

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत बरानिजाम गांव में चार दिन पूर्व एक ग्रामीण पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया था। हमले में घायल ग्रामीण की सोमवार को लखनऊ में मौत हो गई। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरानिजाम के मजरा मनिहारनपुरवा निवासी मोहम्मद रईस (40) पुत्र हसमत पर कुछ लोगों ने 4 दिन पूर्व चाकू मार कर घायल कर दिया था। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल ले गए थे। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। ग्रामीण की लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार दोपहर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद मुकदमे में धारा बढ़ाई जाएगी। अभी अज्ञात तीन लोगों के विरुद्ध धारा 307 के तहत मुकदमा पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### घर में घुसकर मारपीट मामले में केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** हरदी थाने के बंजरिया गांव निवासी मुन्ना पुत्र पुतान शनिवार को सुबह बाइक से जाने को निकला था। बाइक के सामने अचानक एक बच्चा आ गया जो बाइक से टकराकर सड़क पर गिर गया। इसी बात को लेकर नाजिम, मकसूद व कय्मूम ने हमला कर मारपीट की। मुन्ना जान बचाकर घर में घुस गया तो हमलावर भी उसके पीछे आ गए। लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया तो हमलावरों ने बाइक तोड़ दी। पीड़ित की तहरीर पर नाजिम सहित तीन को नामजद कर घर में घुसकर मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है ।

### चीनी मिल मे ट्रैक्टर से दबकर मौत मामले में केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के टिकैतनगर थाने के मांझा रायपुर निवासी पप्पू पुत्र छोटे लाल का बेटा अर्जुन गांव के ही नंगू पुत्र राम सुघर के यहां मजदूरी करता था। गुरुवार रात वह गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली लेकर जरवलरोड चीनी मिल आया था। उसे किसी अन्य गन्ना लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। पप्पू की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है।

### गोरखनाथ के नाम रही कबीर मगहर महोत्सव की शाम

**संतकबीर नगर, अमृत विचार :** कबीर मगहर महोत्सव के दूसरे दिन की शाम भजन गायक गोरखनाथ मिश्र के नाम रही। उनकी स्वर लहरियों पर मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गए। कबीर की दोहावली से शूरुआत कर उन्होंने माहौल को कबीर के रंगों से सराबोर कर दिया। इसके बाद श्रीराम भजनों के माध्यम से उन्होंने सभी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जोड़ दिया। बाद में कबीर दास द्वारा रचित निर्गुण भजनों से लोक और परलोक का भरपूर एहसास कराया। भजन गायक गोरखनाथ मिश्र द्वारा प्रस्तुत बेटियों को समर्पित गीत ने मौजूद श्रोताओं की आंखें सजल कर दिया। टीम के साथी कलाकारों में अवधेश तिवारी, गुड्डू राय, दीपक दुबे और संतलाल शर्मा की म्यूजिकल टीम ने बेहतरीन संगत किया। तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन प्रसाद ने भजन गायक गोरखनाथ मिश्र समेत पूरी टीम को अंगवस्त्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। गायिका साक्षी श्रीवास्तव और उनकी टीम ने भोजपुरी गायन और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को रोमांचित किया। देर शाम मुंबई के कलाकारों द्वारा बालीवुड नाइट्स प्रोग्राम किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी/ महोत्सव आयोजन समिति के सचिव शैलेश दूबे, तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन प्रसाद, ईओ वैभव सिंह आदि मौजूद रहे।



भजन गायक गोरखनाथ मिश्र को सम्मानित करते तहसीलदार जनार्दन प्रसाद।

### हत्या के प्रयास मामले में केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** देहात कोतवाली में ढपालीपुरवा निवासी आशीष कुमार मिश्रा व अकबरपुरा निवासी आशीष दीक्षित की तहरीर पर बलवा, घर मे घुसकर धमकी, तोड़ फोड़, हत्या का प्रयास व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। सिविल लाइन निवासी अरिहन्त मिश्रा व एक अज्ञात को नामजद किया गया है। आरोप है कि अरिहंत ने सोशल मीडिया पर 21 जनवरी को बेतुकी, बेबुनियाद पोस्ट को हटाए जाने पर धमकाया। उसी शाम अपने साथियों सहित आशीष के ढपालीपुरवा स्थित घर असलहा लेकर पहुंचा। आवाज दिए जाने पर जब वह निकले तो गोली चलाई जिससे वह बाल-बाल बचे। हमलावर तोड़फोड़ कर फरार हो गए।

# पुनर्मतगणना में वर्तमान प्रधान दोबारा एक वोट से जीते

**चुनाव**

**विपक्षी ने तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी पर रिश्वत लेकर हराने का लगाया आरोप किया आत्महत्या का प्रयास**

मेंहदावल, संतकबीर नगर



तहसील परिसर में आत्महत्या का प्रयास करता विपक्षी व मौजूद लोगों की भीड़।

**अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के आदेश पर सोमवार को मेंहदूपार ग्राम पंचायत की पुनर्मतगणना मेंहदावल तहसील में कराई गई। सुबह 11 .15 बजे से शुरू हुई मतगणना 4.30 तक चली जिसमें वर्तमान प्रधान को एक वोट से एक बार फिर निर्वाचित घोषित किया गया। दूसरे पक्ष की फरजाना खातून के परिजन ने तहसील प्रशासन पर मतगणना में बेइमानी कराने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में ही आत्महत्या का प्रयास किया।

सांथा विकास खंड के मेंहदूपार ग्राम पंचायत में हुए पंचायत चुनाव में सबीना खातून पत्नी गयासुद्दीन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी फरजाना खातून को दो मतों से चुनाव हराया था। निकटतम प्रतिद्वंदी रही फरजाना खातून ने उपजिलाधिकारी न्यायालय मेंहदावल में वाद दाखिल कर पुनर्मतगणना की मांग की थी जिसपर तत्कालीन उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह ने 1 फरवरी 2023 के फैसले में 23 फरवरी को पुनर्मतगणना कराने का आदेश दिया था। सोमवार को उपजिलाधिकारी की देखरेख में मेहदुपार ग्राम पंचायत के प्रधान पद की दोबारा मतगणना हुई। इस दौरान एक अवैध मत को लेकर दोनों पक्षों के वकीलों में काफी बहस हुई। चुनाव में कुल 6 उम्मीदवार मैदान में थे। सांथा विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मेंहदूपार के पुनर्मतगणना का कार्य तहसील में शुरू होने के पूर्व यहां पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

**आरोप बेबुनियाद : एसडीएम**

जब अमृत विचार ने आत्महत्या के पूरे मामले पर तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी से बात करने की कोशिश किया तो तहसीलदार का फ़ोन स्विच ऑफ और बीडीओ का फोन नहीं उठा। उपजिलाधिकारी मेंहदावल अरुण कुमार ने बताया कि सभी आरोप बेबुनियाद हैं। सभी प्रत्याशियों द्वारा लगाए गए गणना एजेंटों की देखरेख में ही मतगणना हुई है। मतगणना में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं हुई है।

### 4 निरीक्षक और एक उप निरीक्षक को मिली नई तैनाती

**संतकबीर नगर, अमृत विचार :** कानून व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार सुबह दो थाना प्रभारियों को हटाकर उनकी जगह नए की तैनाती की है। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले के महुली थाने पर तैनात रहे निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को आईजीआरएस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी जगह वीआईपी सेल के प्रभारी रहे सतीश कुमार सिंह को महुली थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। मेंहदावल थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे को हटाकर उनकी जगह आईजीआरएस के प्रभारी रहे रामकृष्ण मिश्र को मेंहदावल थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। निरीक्षक राम आशीष यादव को न्यायालय सुरक्षा के साथ वीआईपी सेल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रिजर्व पुलिस लाइन से उप निरीक्षक प्रेम प्रकाश को न्यायालय सुरक्षा में तैनात किया गया है।

**संबोधन** भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान के तहत लगाई गई कार्यशाला, कलस्टर प्रभारी व पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने किया आह्वान

# 4 से 11 फरवरी तक गांवों में प्रवास करेंगे सभी जनप्रतिनिधि

संवाददाता, संतकबीर नगर




मुख्य अतिथि को सम्मानित करते सांसद विधायक और जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को भाजपा के कार्यालय पर गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि भाजपा के कलस्टर प्रभारी व पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने जिलाध्यक्ष और जन प्रतिनिधियों के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वन्दे मातरम गीत के साथ कार्यशाला का शुभारंभ कराया। मौजूद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का पूरा फोकस गांव चलो अभियान पर किया जा रहा है। समूचे अभियान का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत भाजपा प्रदेश के हर गांव व हर बूथ को मजबूत करने जा रही है। पार्टी द्वारा 4 से 11 फरवरी तक घोषित गांव चलो अभियान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सभी सांसद विधायक पार्टी पदाधिकारी गांव के बूथों पर 24 घंटों का प्रवास करेंगे। इतना ही नहीं वे रात्रि विश्राम तक गांव में ही करेंगे। इन 24 घंटों में चौपाल तथा अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। कार्यशाला में सांसद प्रवीण निषाद, सदर विधायक अंकुर तिवारी, मेंहदावल विधायक अनिल तिवारी, धनघटा विधायक गणेश चौहान, रामललित चौधरी, राकेश सिंह बघेल, महामंत्री विनोद पांडेय, गणेश पांडेय, ज्ञानेंद्र मिश्र, किरण प्रजापति, हैप्पी राय, मनोज पांडेय, बबलू सिंह नित्यानंद, राममिलन यादव, रामवृक्ष यादव, उर्मिला त्रिपाठी, अरुण सिंह, अनिल पांडेय, भाष्कर मणि त्रिपाठी, कपिलदेव कनौजिया, मीडिया प्रभारी ब्रहमानंद पांडेय, भूपेंद्र तिवारी, राघवेंद्र, संतविंदर पाल सिंह जज्जी, मण्डल अध्यक्ष रामनैन आदि मौजूद रहे।

**2024 के चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत का किया दावा**

लोकसभा चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत का दावा करते हुए सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में भाजपा इस बार 400 से ज्यादा सीटों का आंकड़ा पार करेगी। विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियां एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। गठबंधन कहीं है ही नहीं। जब गठबंधन ही नहीं बचा तो उसकी मजबूती का सवाल भी नहीं उठता। उन्होंने गांव चलो अभियान के बारे मे बताया कि प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क बूथ समितियां व पन्ना प्रमुखों से संवाद घर-घर पर संपर्क करते हुए विकसित भारत विजन तथा देश में परिवर्तनों के कारकों पर चर्चा करेंगे। प्रदेश में इस बार प्रत्येक बूथ पर विगत चुनाव की अपेक्षा 10 फीसदी अधिक वोट प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर कार्य करना है। अभियान के तहत देश के 7 लाख गांवों में जनता से 24 घंटे प्रवास के माध्यम से संपर्क करना है। 1 और 2 फरवरी को मंडल की कार्यशालाएं होंगी। ग्राम संयोजक व ग्राम प्रवासी तय किए जाएंगे जो डोर-टू-डोर, मैन-टू-मैन कनेक्टिविटी का काम करेंगे। संचालन जिला महामंत्री कौशलेश सिंह दीपू और अभियान संयोजक अमर राय ने किया।

## एक नजर

### विधि क्षेत्र में अधिवक्ता संतोष पांडेय का सम्मान

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** रूद्र नारी उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित रामधारी सिंह दिनकर सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में विधि क्षेत्र में अधिवक्ता संतोष पांडेय को संस्था ने सम्मानित किया। वही चिकित्सीय क्षेत्र में डॉ अभिषेक पांडेय, अजय शर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव आदि, साहित्य क्षेत्र में सुनीता श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रोहित राय व कई अन्य को सम्मानित किया गया।

### तीन अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज सिंह ने गौ हत्या व पशु क्रूरता अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न धाराओं में अभियुक्त रहे जनपद के तीन व्यक्तियों दीपक, विनीत कुमार, रवि यादव निवासी उतुरी थाना कोतवाली देहात को जिला बदर किया है।

### प्रभु श्रीराम की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार।** प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर में बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शिवगढ़ क्षेत्र में डीजे, रथ व बाजे गाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। यह यात्रा ग्रामसभा भिटौरा से निकाली गयी जो शिवगढ़, खोभरिया, गौहानी से रसुलहा होते हुए पुन: भिटौरा में पहुंची। जगह–जगह लोगों ने फूल माले के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा के इस पूरे अभियान में शिवगढ़ प्रखंड के संयोजक शत्रुधन सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया और बताया कि नियमित रूप से इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे।

# कैबिनेट मंत्री ने दिया बूथ जीतो-चुनाव जीतो का मंत्र

## यूपी की पूरी 80 सीटें जीतेंगे: नंदी, लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हुई मंथन बैठक, 31 जनवरी तक खुलेगा चुनाव कार्यालय

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को लोकसभा चुनाव तैयारी की मंथन बैठक और गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व लोकसभा के क्लस्टर प्रमुख नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर आयोजित मंथन बैठक में बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया।

उन्होंने कहा प्रत्येक बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट पाने का लक्ष्य लेकर काम करना है। भाजपा 365 दिन 24 घंटे काम करने वाला राजनीतिक दल है। कार्यकर्ता चुनावी मोड़ में काम करना शुरू कर दें। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीट बीजेपी जीतेगी। पीएम के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगायेगी। कैबिनेट मंत्री नंदकुमार नंदी ने पीएम मोदी व सीएम योगी की सराहना करते हुए कहा की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा भाजपा ने जाति, धर्म, मजहब से ऊपर उठकर सर्व समाज का काम और विकास किया है।




भाजपा की बैठक को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी। अमृत विचार

#### पार्टी वोटर्स के सुझाव पर बनाएगी घोषणा पत्र

नंदी ने बताया कि 31 जनवरी तक लोकसभा और 15 फरवरी तक विधानसभा के कार्यालय खोलकर चुनावी गतिविधियां शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान लोकसभा और विधानसभा चुनाव संचालन समितियां भी गठित होगी। पार्टी वोटर के सुझाव के आधार पर अपना घोषणा पत्र बनाएगी। उन्होंने कहा जिस बूथ को हम सबसे ज्यादा मतों और प्रतिशत से जीतेंगे उन बूथों के अध्यक्षों को पीएम व सीएम से मुलाकात कराकर प्रशस्ति पत्र दिलाया जाएगा।

#### एक व दो को गांव चलो अभियान की कार्यशाला: जिलाध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने कहा कि एक व दो फरवरी को मंडल की गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित होगी। लोकसभा के जिला प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि मोदी जी की विकास की धमक पूरी दुनिया में है। उन्होंने सभी लोगों का समन्वय व संवाद स्थापित कर लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया है। लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू ने कहा कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव गांव घर–घर पहुंचाने का काम करें। बैठक का संचालन जिला महामंत्री घनश्याम चौहान व आभार जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रकट किया। इस मौके पर पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, सीताराम, राज प्रसाद उपाध्याय, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, रामेंद्र सिंह राणा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

### बच्चों के निर्माण में शिक्षक अहम: नंदी

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से सोमवार को तीन दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास नन्द गोपाल नंदी ने किया। उन्होंने कहा कि हम सब का परम सौभाग्य है कि देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है। कहा कि शिक्षक सूरज की तरह अज्ञान के अंधकार को दूर करते हैं। शिक्षा के माध्यम से बच्चों के निर्माण का महती कार्य शिक्षक करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बागडोर कर्मयोगी आदित्यनाथ योगी के हाथों में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से सम्पूर्ण राष्ट्र में समान शिक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। यहां अशोक सिंह समेत अन्य रहे।

# जांच में फर्जी अभिलेख पाए जाने पर डीएसओ ने निरस्त की दुकान

संवाददाता, सुलतानपुर

**शिकायत**

▶▶ डीएम को पत्र सौंप कोटेदार पर केस दर्ज करवाने की मांग

**अमृत विचार।** फर्जी अभिलेख तैयार करवा उचित दर विक्रेता ने दुकान बहाल करवा ली। डीएम से शिकायत के बाद नीद से जगा महकमा जांच पड़ताल कर उचित दर विक्रेता की दुकान निलंबित कर दी। सोमवार को शिकायतकर्ता ने डीएम को पत्र सौंप उचित दर विक्रेता के खिलाफ केस दर्ज करवाने की मांग की है।

मामला जयसिंहपुर विकास खंड के रवानिया गांव से जुड़ा है। गांव निवासी विंदेश्वरी पांडेय ने सोमवार को डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कोटेदार दुर्गा प्रसाद द्वारा नवम्बर 2020 में 10 राशन कार्ड धारकों का राशन फर्जी ढंग से प्राक्सी (अंगूठा न लगने की दशा में मोबाइल पर ओटीपी भेजकर) कर खारिज कर लिया था। जांच के बाद डीएसओ ने दुकान निरस्त कर दिया था। आरोप है कि उचित दर विक्रेता ने 22 मार्च 2021 को फर्जी अभिलेख तैयार करवा दुकान बहाल करवा लिया। जिसमें से तीन मृतक का भी शपथ पत्र लगाया था। शिकायत के बाद भी जब उचित दर विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो शिकयतकर्ता स्थनीय तहसील में भूख-हड़ताल पर बैठ गया। तब जाकर 24 अगस्त 2023 को दुकान निलंबित हुई। शिकायत कर्ता ने डीएम को शपथ पत्र देकर फर्जी अभिलेख के जांच की मांग की। डीएम के आदेश पर एक बार फिर जगे अधिकारियों ने जांच पड़ताल कर दुकान निरस्त कर दी। जांच रिपोर्ट में भी दर्शाया गया कि 10 राशन कार्ड धारकों के शपथ पत्र में 8 लोगों का कूट रचित ढंग से शपथ पत्र लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने डीएम से उचित दर विक्रेता पर मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की है।

### पंचायत के खाते से डेढ़ लाख निकालने का आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** कूरेभार ब्लाक के डीहढग्गूपुर ग्राम पंचायत से जुड़ा है। ग्राम प्रधान भारती गुप्ता के पति राजकुमार गुप्ता ने सीडीओ को शिकायती सौपा। पत्र देते हुए बताया कि दिसंबर माह में पंचायत भवन में आयुष्मान कार्ड बन रहा था। इसी बीच सचिव शगुफ्ता बानो व उनके पति सलमान आए डोंगल लेकर चले गए। खोजबीन करने पर पता नहीं चला। बाद में सचिव के पास ही डोंगल मिला। आरोप है इसी बीच पंचायत सचिव ने बिना बताए ग्राम पंचायत के खाते से एक लाख 37 हजार रुपए निकाल लिए। पूछने पर मना कर रहे हैं। डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला ने बताया कि टीम गठित कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# आलोक अध्यक्ष तो सेनजीत बने महामंत्री

● किराना व्यापार मंडल समिति का चुनाव संपन्न

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** किराना व्यापार मंडल समिति का वार्षिकोत्सव व चुनाव एक मैरिज लॉन में आयोजित किया गया। यहां पर आलोक सागर कसौधन को जिलाध्यक्ष और सेनजीत कसौधन को महामंत्री पद पर निर्विरोध मनोनीत किया गया। अमित कसौधन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

तीन साल के लिए नवगठित कमेटी को माला फूल पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही अविलंब ही पूरी कमेटी गठित कर उसको सार्वजनिक करने की बात कही गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे भाजपा नेता रूपेश सिंह ने व्यापारियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सुंदरलाल टंडन ने व्यापारियों को आर्थिक धुरी बताते हुए उनकी एकता, सुरक्षा पर जोर दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आलोक सागर ने कहा कि उन पर जो भरोसा जताया गया है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। किसी भी किराना व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। जल्द ही सदस्यता अभियान चलाकर जिले स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। महामंत्री सेनजीत कसौधन ने कहा कि संगठन ही हमारी असली ताकत है। संगठित होकर हम किसी भी उत्पीड़न से लड़ सकते हैं। वहीं, यहां पर उपस्थित लोगों ने नवगठित टीम को माला फूल पहनाकर जोरदार स्वागत किया।



नवगठित टीम का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

# टरबाइन पैनल जलने पर चीनी मिल बंद

● कड़ाके की ठंड में मिल पर गन्ना लाए किसानों को उठानी पड़ रही परेशानी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। रविवार की शाम चीनी मिल के पैनल में खराबी आ जाने से मिल प्रबंधन ने बिना पूर्व सूचना के मिल सफाई के लिए बंद कर दी। मिल पर गन्ना लाए किसान पर कड़ाके की ठंड भारी पड़ रही है।

लखनऊ बलिया राजमार्ग पर सैदपुर खानपुर में स्थित जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल रविवार की रात से 30 घंटे के लिए साफ सफाई के लिए बंद कर दी गई है। चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी रामतेज वर्मा ने बताया कि 12 दिसंबर 2023 को चीनी मिल में पेराई की शुरुआत हुई थी। करीब डेढ़ महीना तक चीनी मिल में पेराई हो चुकी है। इसलिए प्रथम सफाई कार्य के लिए मिल को 30 घंटे तक के लिए बंद किया गया है। वहीं, कर्मचारियों से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार शाम टर्बाइन का पैनल जल जाने के कारण चीनी मिल में गन्ना पेराई का कार्य ठप पड़ गया। कमी को छुपाने के लिए मिल प्रबंधन ने सफाई का बहाना ले लिया है।



टरबाइन खराब होने से बंद हुई चीनी मिल।

बताते चलें कि शनिवार को भी खराबी के चलते शाम को मिल ठप पड़ गई थी। प्रभारी जिला गन्ना अधिकारी राम तेज वर्मा ने बताया इंजीनियर खराबी को दूर करने में लगे हुए हैं। मिल को संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# किशोरी से दुराचार के दोषी को 10 साल का कारावास

▶▶ पाक्सो कोर्ट ने 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी ठोंका

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिले के थाना क्षेत्र कूरेभार के एक गांव में दो साल पूर्व नाबालिग किशोरी से दुराचार करने व वीडियो वायरल करने के दोषी विजय कुमार को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने सोमवार को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर कुल 21 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक किशोरी का आरोपी ने सात मई 2021 की रात घर में जबरन घुसकर दुराचार किया। वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़िता के माता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहो के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला किया। कोर्ट ने अर्थदण्ड की 50 फीसदी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। कोर्ट ने दो साल पांच माह 20 दिन में त्वरित कार्रवाई कर मामले में फैसला सुनाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

### जगन्नाथपुर को हराकर भदैया बना चैंपियन

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार।** ग्रामीण स्तर पर भी प्रदेश सरकार से लेकर केंद्र सरकार खेल के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उक्त विचार लंभुआ क्षेत्र के सूर्यभान पट्टी गांव में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम में आईएएस जगदीश चौरसिया ने व्यक्त किया। सूर्यभानपट्टी गांव में श्रीमती धन्ना देवी चौरसिया एवं रामकुमार चौरसिया मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कंबल वितरण एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मैच जगन्नाथपुर एवं भदैया टीम के बीच खेला गया। भदैया टीम ने जगन्नाथपुर टीम को हराकर वॉलीबॉल फाइनल मैच जीत लिया।

### आरोपी एडीओ पंचायत बनवा रहे अपने पक्ष में शपथ पत्र

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** शनिवार को पीड़िता पक्ष के गवाही पूरी होने के बाद आरोपी एडीओ पंचायत अपने पक्ष में लोगों पर दबाव डाल शपथ पत्र बनवा रहा है। दूबेपुर विकास खंड पर संविदा पर तैनात महिला कर्मचारी ने एडीओ पंचायत दिनेश सिंह पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। जिसकी जांच दो सदस्यीय टीम कर रही है। आरोप है कि शनिवार को पीड़ित पक्ष के गवाही पूरी हो जाने के बाद आरोपी एडीओ पंचायत अपने पद का दुरुपयोग कर ब्लाक के कर्मियो व कुछ ग्राम प्रधान से अपने पक्ष में शपथ पत्र बनवा रहे हैं। वही जो अधीनस्थ इसमें सहयोग नहीं कर रहा है उसे देख लेने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता की मांग है कि आरोपी एडीओ पंचायत को दुबेपुर ब्लाक से नही हटाया जाएगा, तब तक निष्पक्ष जांच नहीं हो पाएगी। एडीओ पंचायत का अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.01.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक– 30.01.2024 से 05.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–05.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महेंद्र हरिजन के घर से राज बहादुर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 3,23,800 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 2 | पक्की सड़क से डब्लू के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4,99,800 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 3 | पक्की सड़क से बाबूराम केवट के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 3,05,653.24 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– मलिकपुर बखरा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

सचिव, ग्रा0पं0– मलिकपुर बखरा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

# निर्माणाधीन योजनाओं में प्रगति लाएं जिम्मेदार: डीएम

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा एवं 50 लाख से अधिक लागत से निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में विभागवार संचालित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा कार्यदायी संस्थाओं की उपस्थिति में की गई। जिलाधिकारी ने सभी परियोजनाओं के अधिशाषी अभियन्ताओं/कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य समय से गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को कार्य में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के साथ अगले हफ्ते अलग से बैठक की जाएगी, तब तक सभी अधिकारी चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अद्यतन रिपोर्ट के साथ प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज, दूबेपुर के हैंडओवर होने में प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज व कार्यदायी संस्था की ओर से अलग-अलग कारण बताये जाने के सम्बन्ध में उन्होंने सीडीओ व सीएओ को निर्देशित करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सही स्थिति से अवगत कराएं।

### 80 लाख बकाये पर कुर्की को पहुंचे राजस्वकर्मी

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** एसडीएम सदर के निर्देश पर सोमवार को नायब तहसीलदार राजस्व कर्मियों के साथ यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के ऑफिस कुर्की के लिए पहुंचे तो हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार को देख यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने दो दिन का समय मांग लिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि इंश्योरेंस कंपनी परमोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल का 80 लाख रुपये बकाया था। नायब तहसीलदार का काफिला विवेक नगर निवासी अकील के घर पहुंच गया। अकील पर ट्रक का चार लाख रुपये परिवहन कर बकाया था। ट्रक न मिलने पर घर पर खड़ी सफारी को कुर्क करते हुए खींच कर सदर तहसील लाया गया।

### पुत्र की लंबी उम्र को महिलाओं ने रखा व्रत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** सोमवार को जिले में विधि विधान के साथ सकठ चतुर्थी मनाई गई। महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी आयु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ निर्जल उपवास रखा। रात में चांद देखने के बाद चौथ की पूजा की गई। मान्यता है कि इस दिन महिलाएं अपनी संतान के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए सकठ चौथ का निर्जला व्रत रखती है। इस पर्व पर गणेश जी और चंद्रदेव की पूजा का विधान है। मान्यता है कि इस दिन गणपति बप्पा की विधिवत पूजा करने से सभी संकटों से मुक्ति मिलती है और साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। महिलाओं ने व्रत रखने के बाद रात में चांद निकला तो तिल व गुड़ से पूजा की गई।

# डेरा डालो घेरा डालो केस की सुनवाई एक साथ करने की मांग

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की ओर से तिकोनिया पार्क में 23 अक्टूबर 2008 को डेरा डालो घेरा डालो कार्यक्रम के दौरान लोगों ने आयोजन स्थल तिकोनिया पार्क से निकलकर कलेक्ट्रेट चौराहे पर रोड जाम कर दिया था। आरोपियों पर कलेक्ट्रेट में घुस कर सरकारी कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने और सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के भी आरोप हैं। तत्कालीन सीताकुंड चौकी प्रभारी कमलेशचंद्र त्रिपाठी ने पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके पीआरओ संजय सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सपा ज़िलाध्यक्ष रघुवीर यादव सहित करीब 150 आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। चार्जशीट दाखिल होने पर कई आरोपी कोर्ट में हाजिर हुए लेकिन शेष आरोपियों के हाजिर नहीं आने के कारण उनकी फाइल अलग कर दी गई थी।

अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने दूसरे मुकदमे में आरोपी बृजेश मिश्रा और राम प्रताप यादव की ओर से कोर्ट में अर्जी देकर कहा कि दोनों मुकदमे एक ही घटना से संबंधित हैं और सीआरपीसी के प्रावधानों के तहत इनका ट्रायल एक साथ होना जरूरी है। कोर्ट ने इस पर सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख नियत कर दी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़हा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.01.2024

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुड़हा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–30.01.2024 से 01.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत मुड़हा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–01.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ढेमा बार्डर से शंकर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2,15,700 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 2 | राम दुलार के घर से राम सागर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 2,61,800 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– मुड़हा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

सचिव, ग्रा0पं0– मुड़हा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

**कार्रवाई** आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई हैं पुलिस की चार टीमें, जमीनी विवाद में लचर पुलिसिया कार्रवाई के चलते आरोपियों ने घटना को दिया अंजाम

# पीआरडी जवान को गोली मारने में दो भाइयों समेत चार पर केस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** पीआरडी जवान को गोली मारने के मामले में पीड़ित के मां की तहरीर पर कुड़वार थाने की पुलिस ने दो सगे भाई व इतने ही अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जमीनी विवाद में लचर पुलिसिया कार्रवाई के चलते आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है।

कुड़वार थाने में तैनात बतौर पीआरडी जवान रणजीत तिवारी रविवार की देर शाम घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तभी चार लोगों ने उसे गोली मार भाग निकले थे। पीआरडी जवान की मां तारावती ने कुड़वार थाने पर तहरीर देकर बताया कि रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे जैसे ही उनका बेटा सरकौड़ा (जुलाहा बस्ती) पहुंचा तभी गांव के ही परिक्रमा व जितेन्द्र पुत्रगण नंदलाल अपने दो अज्ञात साथियों के साथ गाली गलौज देते हुए गोली मार दी। जिसमे रणजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका लखनऊ ट्रामा सेन्टर में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक जमीनी विवाद के चलते उक्त लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। गोली मारने की सूचना पर एसपी सोमेन बर्मा, एडिशनल एसपी अरुण चंद्र, सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने घटना स्थल का निरीक्षण कर विधिक कार्यवाही के लिए एसएचओ कुड़वार को निर्देशित किया था।



घटना के बाद पीड़ित के गांव में तैनात पुलिस।

> पीड़ित के मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए चार टीम लगी हुई है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। मजबूत साक्ष्य मिले हैं।
>
> –अरुण चंद, एएसपी सुलतानपुर

बताया जाता है कि घायल पीआरडी जवान रणजीत तिवारी अपनी बुर्जुग मां तारावती, पत्नी पूनम दो नाबालिग बच्चे रुद्रांश 4 वर्ष, रियांश 3 वर्ष के साथ घर पर रहता था। वहीं घायल पीआरडी जवान का छोटा भाई विजय रोजी रोटी के सिलसिले में परदेश रहता था। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ पुलिस के जवान उसके घर पर तैनात है। वहीं घायल पीआरडी जवान की मां का आरोप है कि दो माह पहले जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसने दोनों तरफ से स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवादित जमीन पर पीआरडी जवान ने दीवाल बनवा ली थी। जमीन को कब्जाने के लिए नंदलाल के बेटों ने अपने साथियों के साथ रविवार की देर शाम रणजीत तिवारी को गोली मारी है।

#### दो माह पहले दर्ज मुकदमे में लगी चार्जशीट

विवेचक संजय प्रसाद ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष से पांच नामजद दूसरे पक्ष से चार नामजद पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसका आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है।

#### आरोपी का है तालाब में मकान

घायल युवक के मां का आरोप है कि गोली मारने वाले लोगो का मकान तालाब में बना हुआ है। क्षेत्रीय लेखपाल दिवाकर यादव ने बताया कि नंदलाल का नया मकान खाते की जमीन में है। पुराने मकान के तालाब के खाते में बने होने की जानकारी मिली है। जिसे जल्द ही टीम गठित करके पैमाइश कर कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम सदर सीपी पाठक ने बताया कि आरोपों की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। अगर तालाब में घर बना होगा तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर**

पत्रांक: 1946 / जि0आ0अधि0/सुलतानपुर/व्यवस्थापन/2024–25 दिनांक– 29.01.2024

संशोधन विज्ञप्ति

कार्यालय जिलाधिकारी/ लाइसेंस प्राधिकारी, सुलतानपुर के पत्र संख्या: 1893/ जि0आ0अधि0 / सुलतानपुर/ व्यवस्थापन 2024–25/दिनांक 19.01.2024 द्वारा आबकारी दुकानो की प्रथम चरण की ई–लाटरी की तिथि/समय एवं स्थल दिनांक 30.01.2024 को प्रात: 11.00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट सभागार सुलतानपुर में नियत था जिसे संशोधन करके प्रेरणा सभागार (विकास भवन), सुलतानपुर में आयोजित किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी
सुलतानपुर

# धर्म दर्शन


## दिव्यगुणों से युक्त अग्निदेव

हे सोम! आप अग्नि की भांति ऊर्जा प्रदान करने वाले अग्निरूप हैं। आप दिव्य पोषक रस के रूप में हैं। आप यज्ञ में आए अतिथियों का यथोचित सत्कार करने वाले हैं। धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, संपूर्ण जगत के पोषक अग्नि एवं विष्णु देवता की तृप्ति के लिए हम आपको ग्रहण करते हैं। हे शकल! आप अग्नि उत्पादन के आधार हैं। हे कुशाओं! अग्नि उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण आप वीर्य स्वरूप हैं। हे घृत! आप अग्नि को आयु प्रदान करने वाले अर्थात् देर तक प्रज्वलित रखने वाली हैं।



हे अग्निदेव! आपको प्रकट करने के लिए गायत्री, त्रिष्टुप तथा जगती छंदों के साथ हम मंथन करते हैं। वेदज्ञाता ऋषियों के पुत्र स्वरूप हे ऋत्विकगण! प्रमादवश दिए गए शापों से यजमान के रक्षक ये आवहनीय अग्निदेव यज्ञ कुंड में प्रतिष्ठित होकर हवन का सेवन करते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमानों के लिए कल्याणकारी होते हुए यज्ञ में दी गई आहुतियां को ग्रहण करें और इन्द्रादि देवताओं तक पहुंचाएं।

सर्वत्र गमन करने वाले, सर्वव्यापी, बलशाली हे आज्य! हम आपको यज्ञ कार्य के लिए स्वीकार करते हैं। सरल तथा श्रेष्ठ मार्ग पर ले चलने वाले आप यज्ञ कर्म में हमें स्थापित करें। हे व्रत पालन में अग्रगण्य अग्ने! आप हमारे वर्तमान व्रत का पालन करने वाले हैं। व्रत कार्यों के द्वारा अग्नि और यजमान समान रूप से आदर के पात्र हों। तपस्या का अधिपति गुरु तथा तपश्चर्या करने वाला शिष्य दोनों समान भाव वाले हों। हे सोमदेव! सोमवल्ली के संपूर्ण अवयव धनवान इंद्र के लिए प्रीतिकर होते हुए वृद्धि को प्राप्त करें। हे सोमदेव! आपका कल्याण हो। आपकी कृपा से हम सोम-यज्ञ कार्य को शीघ्र ही समाप्त करें। आपकी अनुकंपा से हम धन प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जो आपका लौहमय, रजतमय तथा स्वर्णमय शरीर है, वह देवताओं की मनोकामना को पूर्ण करने वाला, असुरों को दुर्गम स्थान वाली गुफाओं में अवस्थित करने वाला, राक्षसों के कठोर शब्दों को नष्ट करने वाला तथा देवताओं के निमित्त आरोप प्रत्यारोप पूर्वक उच्चारण किए गए कथन को पूर्णतया प्रभावहीन कर देने वाला है। इस प्रकार के महिमाशाली शरीरधारी आपके लिए यह आहुति प्रदान की जा रही है। हे पृथ्वीदेवी! आप ही आप 'तप्तयानी' अर्थात् ऊर्जा प्रदान करने वाली और 'वित्तयानी' अर्थात् धन प्रदान करने वाली हैं। दीनता से हमे बचाएं। हे उत्तरवेदि! आप सिंहनी रूप हैं। आप आदित्य को प्रसन्न करने वाली हैं। आप ब्राह्मण एवं क्षत्रियों को हर्षित करने वाली हैं। इस रूप वाली आपको आहुति प्रदान की जाती है। हे मध्य परिधि! आप स्थिर हैं, अतः पृथ्वी को आप दृढ़ करें। हे दक्षिण परिधि! आप अंतरिक्ष में स्थिर यज्ञ में निवास करने वाली हैं, अतः आप अंतरिक्ष को पुष्ट करें। हे उत्तर परिधि! आप द्युलोक रूप हैं, अतः द्युलोक को स्थिर करें। हे गुग्गुल आदि सुगंधित द्रव्य समूह! आप अग्नि को पूर्ण करने वाले हैं। महान, सर्वज्ञ, वेदों का भलीभांति अध्ययन करने वाले ऋत्विकगण, सांसारिक विषयों से मन हटाकर यज्ञकार्य की पूर्णता के विषय में विचार करने लगते हैं। संपूर्ण प्राणियों के साक्षीभूत, प्रेरणा देने वाले, सर्वदा श्रेष्ठ स्तुतियों से प्रशंसित सविता देवता को अनुकूल करने के लिए यह आहुति प्रदान की जाती है। हे विष्णुदेव! आप अपने सर्वव्यापी प्रथम पद पृथ्वी में, द्वितीय पद अंतरिक्ष में तथा तृतीय द्युलोक में स्थापित करते हैं। भूलोक आदि इनके पद-रज में अंतर्हित है। इन सर्वव्यापी विष्णुदेव को यह आहुति दी जाती है। हे पृथ्वी एवं द्युलोक! आप लोगों के लिए कृषि, संपत्ति से युक्त अनेक गौओं को देने वाले, यवादि श्रेष्ठ अन्नों को देने वाले तथा विवेकवान पुरुषों के लिए यज्ञ साधनों को प्रदान करने वाले हैं। आपके लिए हम यह आहुती समर्पित करते हैं। राक्षसों एवं अभिचार साधनों का विनाश करने वाले विष्णु देवता से संबंधित गर्त (गड्ढे) का हम प्रोक्षण करते हैं। हे उदुंबर (गूलर की लकड़ी) शाखे! आप स्थिर हों। यजमान भी अपने घर में पुत्र तथा पशुओं से पूर्ण होता हुआ स्थिर हो। इस घृत आहुति से आप द्युलोक और पृथ्वी को संव्याप्त करें। हे तृण निर्मित छप्पर! आप इंद्र से जुड़ गए हैं, अतः आप सभी लोगों के छाया स्वरूप हैं। हे रज्जु! आप इंद्रदेव का संबंध जोड़ने के सीवन रूप हैं। हे ग्रंथि! आप इंद्रदेव से संयुक्त होकर स्थिर हों। हे आग्नीध! आप इंद्रदेव से संबंधित हो गए हैं। सभी देवताओं से संबंधित हो जाएं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वेदांत दर्शन: विशिष्टाद्वैतवाद

विशिष्टाद्वैतवाद जैसा कि इसके नाम से ही संकेतित है, 'अद्वैत' से मिलता-जुलता संप्रदाय है। 'अद्वैत' के पूर्व गुणवाचक 'विशिष्ट' विशेषण के जुड़ने से इसकी उत्पत्ति हुई है। इस मत के अनुसार "ब्रह्म" ऐकांतिक होते हुए भी 'पुरूष' (ईश्वर) है। इसके दो विशिष्ट अंग क्रमशः चित (जीवात्मा) तथा अचित (जड़जगत), जो वास्तविक और उससे भिन्न या पृथक है। इन तीन तत्वों (तत्वत्रय) अर्थात् ब्रह्म, चित और अचित से ही सृष्टि संघटित है। तीनों में एकता होते हुए भी अभेद नहीं है अर्थात् अलगाव भी है। जीवात्मा, ईश्वर की कृपा से ही सृष्टि कर सकता है। इस मत का प्रतिपादन रामानुजाचार्य रचित 'ब्रह्मसूत्र' (बादरायण कृत) ग्रंथ पर लिखित "श्रीभाष्य" है। किंतु रामानुजाचार्य के विषय में विवरण अंकित करने से पूर्व वेदांतियों के दो अन्य महत्वपूर्ण संप्रदायों- 'द्वैतवादी' और 'द्वैताद्वैतवादी' पर प्रकाश डालना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

("द्वैतवाद") "ब्रह्मसूत्र" प्रणेता हमारे सुप्रसिद्ध बादरायण से पहले ही वेदांत के कई आचार्यों ने आत्मा एवं ब्रह्म के विषय में अपने-अपने मत का प्रतिपादन किया है। इनके तीन सिद्धांत क्रमशः द्वैत, अद्वैत एवं द्वैताद्वैत या भेदाभेद पर्याप्त लोकप्रिय हुए। द्वैत मत के संस्थापक औडुलोमि हैं। उनके मतानुसार 'आत्मा', 'ब्रह्म' से बिल्कुल भिन्न या अलग है, जब तक कि वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर 'ब्रह्म' में विलीन नहीं हो जाता है। वेदांत के अतिरिक्त सांख्य, न्याय एवं वैशेषिक दर्शनों में भी आत्मा को प्रकृति या ब्रह्म से अलग स्वतंत्र तत्व माना गया है। स्पष्ट है इस मत के द्वैतवेदांती, सांख्य एवं वैशेषिक तीनों ही समर्थक हैं।

"द्वैताद्वैतवाद" इसी को 'भेदाभेदवाद' भी कहा गया है। इस मत या संप्रदाय के लोग, 'द्वैत' और 'अद्वैत' दोनों को ही सत्य स्वीकारते हैं। इस मत के प्रमुख प्रवर्तक निम्बार्क, भास्कराचार्य या आचार्य भास्कर माने जाते हैं। इस संप्रदाय को ही देवर्षि संप्रदाय, हंस संप्रदाय एवं सनकादि संप्रदाय नामों से भी जाना जाता है। निंबार्काचार्य के जन्मकाल को लेकर पर्याप्त मत भेद है। महाभारत के अर्जुन के पौत्र एवं परीक्षित के पुत्र जन्मे जय का समकालीन मानने वाले भी हैं। जबकि डा. राजबली पांडेय सहित अधिकांश आधुनिक विद्वान इनको 11 वीं में हुआ निंबार्क स्वामी से अभिन्न बताते हैं, जिन्होंने 'ब्रह्मसूत्र' की विष्णुपरक व्याख्या कर के 'द्वैताद्वैत' अथवा 'भैदाभेद' मत की स्थापना की (-डॉ. राजबली पांडेय-हिंदू धर्मकोश, पृष्ठ 337)। आचार्य निंबार्काचार्य के मतानुसार ब्रह्म, जीव और जड़ अर्थात् चेतन और अचेतन से पृथक एवं अपृथक दोनों हैं।

इसी अलगाव या अलगाव अथवा भेद और अभेद पर उनका सिद्धांत आधारित है। इनके अनुसार जीव और जगत दोनों ब्रह्म के परिणाम हैं। दोनों ही ब्रह्म से भिन्न और अभिन्न हैं। यही इस मत का सार है।

## गणपति क्यों हैं अधिपति



भारतीय ऋषियों के चिंतन को व्यापक रूप से देखने पर उसमें अध्यात्म के साथ विज्ञान की भी झलक मिलती है। अनेक वैज्ञानिक अन्वेषणों का आधार भारतीय ऋषियों के ज्ञान पर आधारित मिलता है। इसी क्रम में आधुनिक कम्प्यूटर साइंस में जिस माउस से पूरी दुनिया ही नहीं, बल्कि आकाश-पाताल की परिक्रमा की जाती है, वही माउस (चूहा) देवाधिदेव महादेव के पुत्र गणेश जी का वाहन है। गणेश ने माता-पिता के चरणों की परिक्रमा पलभर में करके प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त किया, उसी माउस से आपरेटर पलभर में वांछित परिणाम हासिल करता है।

अनेक तर्कशास्त्रियों का यह आरोप है कि पार्वती जी के शरीर के मैल से गणेश जी का जन्म व्यावहारिक नहीं है। प्रथम दृष्टया इसे सही मान तो लिया ही जाएगा, लेकिन कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से मैल को परिभाषित किया जाए तो पेन-ड्राइव, सीडीआर सहित सभी स्टोरेज मीडिया, पीडीएफ, हाइपर टेक्स्ट तथा अन्य फाइल फार्मेट, ई मेल जैसे मल्टीमीडिया आदि के कंटेट कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम के मैल (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) ही हैं, जो कार्य उस सोर्स कम्प्यूटर जिसमें पूरी फाइल विद्यमान है। वहीं से डाउनलोड कर पेन ड्राइव आदि में फाइल के रूप में लिया जाता है। इन्हीं माध्यमों को प्राचीन ऋषियों ने 'मैल' नाम दिया तो आधुनिक दौर में उसे ई मेल जैसे एप या पेन ड्राइव मीडिया का कंटेट कह रहा है।

तर्कशास्त्री इस बात के लिए भी व्यंग्य करते हैं कि महादेव सर्वज्ञ थे तो उन्हें जान लेना चाहिए था कि गणेश जी उनके पुत्र हैं। फिर युद्ध की क्या जरूरत पड़ गई? इसे भी कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से देखा जाए तो यह विदित है कि चाहे जितना भी साफ्टवेयर, उसके लैंग्वेज या आपरेटिंग सिस्टम का कुशल कर्ता और ज्ञाता हो, वह बिना पासवर्ड के पेन ड्राइव और एप आदि से वांछित सामग्री नहीं ले पाएगा। क्योंकि जब तक सृष्टि के हितविधान में अपरिहार्य न हो, तब तक देवताओं के विनियामक व्यवस्था में इथिकल हैकिंग भी पूरी तरह अनिथिकल होती है। इसी के साथ गणेश जी का गर्दन काटकर हाथी का गर्दन क्यों लगाया गया, इस पर भी तर्कशास्त्री सवाल खड़ा करते हैं। इस पर मनन किया जाए, तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि कम्प्यूटर संचालित करते वक्त खुद के मन से नहीं, बल्कि कम्प्यूटर के प्रोग्रामिंग से ही उसे संचालित किया जा सकता है। हाथी की तरह धरती, आकाश और पाताल भी है, उस पर दृष्टि उस नियंता आपरेटर को रखनी पड़ती है। निरंतर अपग्रेड के लिए साफ्टवेयर के लैंग्वेज को रिराइट और मदरबोर्ड, रैम-रोम आदि को संशोधित करना पड़ता है। इसलिए संदर्भित पौराणिक कथा को इस दृष्टि से देखना चाहिए।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

## चौपाई के शब्द उच्चारण में भ्रांतियां

'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' अर्धाली बालकांड के 112 वें दोहे की दूसरी चौपाई में दूसरी अर्धाली है। यह पंक्ति ख्याति प्राप्त गायकों के द्वारा जब गाई जा रही होती है तो, 'अजिर' की जगह 'अजर' गाया जाता है। हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग 'अजिर' शब्द को जानबूझकर, 'अजर' के रूप में अपभ्रष्ट करके नहीं गाते। 'ज' को 'जि' करने से भी मात्रा की दृष्टि से वर्ण में कोई अंतर नहीं आता। तब भी दोनों वर्ण लघु या ह्रस्व ही रहते हैं। फिर गवैया यह वैयाकरणिक अभ्यास क्यों करेंगे? न ही ये अधिकतर फिल्मी गायक लक्षण ग्रंथों के रचयिता, आचार्य, शास्त्री या वैयाकरण होते हैं। वास्तविकता यह है कि 'अजिर' को 'अजर' गाने वाले फिल्मी गायकों को न यह मालूम है कि, 'अजर' का अर्थ 'अ' + 'जर', यानि जरा रहित, अर्थात 'युवा' होता है और न यह मालूम है, कि 'अजिर' का अर्थ, 'आंगन' होता है। इनके द्वारा, 'अजिर' को बिना सोचे-समझे फ्लो या फर्राटे के साथ, 'अजर' गाने का प्रमुख कारण, शंकर जी से और उनकी स्तुतियों-स्तवनों से जुड़े 'अजर-अमर' शब्द युग्म से है, जो इन्होंने कई बार सुन और अपनी व्यावसायिक गायिकी में भी फिट कर रखा है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ ये लोग नहीं जानते। तुलसी ने 'रामचरितमानस' में निवेदन या प्रार्थना के पर्यायवाची के रूप में, 'अस्तुति' शब्द का सैकड़ों बार प्रयोग किया है और 'स्तुति' को शायद भूलकर एक बार भी नहीं। जबकि 'अस्तुति' को हिंदी में 'स्तुति' का विलोम, 'निंदा' माना जाता है। यानि खड़ी बोली, हिंदी में जो, 'स्तुति', यानि प्रशंसा है, अवधी बोली में वही, 'अस्तुति', यानि निंदा है। यदि तुलसीदास हिंदी शब्दों को तोड़-मरोड़ कर अवधी शब्द बनाने की सामर्थ्य रखते थे, तो उन्होंने, 'मानस' के अपने ही पाठकों को सैकड़ों स्थानों पर भ्रमित होने से बचाने के लिए 'अस्तुति' के स्थान पर 'स्तुति' का ही प्रयोग क्यों नहीं किया? पर उनके द्वारा ऐसा किया जाना बहुत बड़ा अक्षम्य अपराध हो गया होता। इसलिए हमें अपने पांडित्य-प्रदर्शन के लिए तुलसी जैसे अतुल्य व अलौकिक विभूतियों को नहीं घसीटना चाहिए।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

# प्रदेश

## समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता

### भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कई गांवों में किया जनसंवाद



गांधी सभागार में शिकायतें सुनते सांसद वरुण गांधी।

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

अमृत विचारः भाजपा सांसद वरुण गांधी ने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पिपरा, गुटैहा, बिल्हा खजुरिया, मथुदांडी, जंगरौली, जिरौनिया, सतरापुर, चिनौरा, अलियापुर, सड़िया, रूपपुरकृपा, ललौरीखेड़ा, भूड़ा मगरासा आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने संविदाकर्मियों की दिक्कतों को खुलकर उठाया।

भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने हमेशा निजीकरण का विरोध किया है। यह देशहित में नहीं है। देशभर में सरकारी नौकरियों के करीब एक करोड़ पद रिक्त हैं। जब किसी गरीब को नौकरी मिलती है तो पूरा परिवार खुशियों से झूम उठता है, सबको मजबूती मिलती है। संविदा की नौकरियां किसी का भला नहीं कर सकतीं। देश में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों और गरीबों की समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता।

**जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम को दिए निर्देश**

सांसद वरुण गांधी की अध्यक्षता में आम जनमानस की समस्याओं को गांधी सभागार में सुना गया। सांसद ने विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम भैसहा ग्वालपुर के किसानों की ओर से आवारा पशुओं को लेकर आ रही दिक्कत बताई गई थी। इसे लेकर सांसद ने डीएम को गांव में बड़ी गौशाला का निर्माण कराने के निर्देश दिए। ये भी कहा कि जिन इलाकों में अधिक पशु हैं, वहां ठोस कदम उठाएं।

## विपक्ष कर रहा राम के नाम पर राजनीति : धर्मपाल सिंह

संभल। जनपद दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राम मंदिर पर राजनीति नहीं करती। बल्कि अब विपक्ष राजनीति कर रहा है। निमंत्रण नहीं मिला तो कहते थे कि निमंत्रण नहीं दिया। निमंत्रण दिया तो वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुद्र है नीतीश अब भाजपा रूपी समुद्र में मिल गए हैं। प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी

जनपद दौरे के तहत कलेक्ट्रेट पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राम प्राण हैं, आधार हैं, आस्था है, सभ्यता है, व्यवस्था हैं। इसी को लेकर बीजेपी आगे बढ़ रही है। अब ऐसी तस्वीर आ रही है कि मदरसे में भी रामायण पढ़ने के लिए उत्सुकता है। उन्होंने नीतीश के एनडीए में शामिल होने को लेकर कहा कि देर आए दुरुस्त आए। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और समुद्र है, इस समुद्र में नदियां मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और देश में 400 लोकसभा की सीट जीतने का लक्ष्य पूरा होगा।

## सहायक शिक्षक भर्ती के आवेदन पत्र में एक और कॉलम जोड़ने का निर्देश

**विधि, संवाददाता प्रयागराज।**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती के आवेदन में त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारियां देने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि परिषदीय स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में परिणाम की स्थिति का एक और अतिरिक्त कॉलम भी आवेदन पत्र में शामिल किया जाए। जिससे उन उम्मीदवारों को भी आवेदन करने का अवसर मिले, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं या जिनके कुछ ही दिनों में घोषित होने की संभावना है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अजय कुमार व अन्य की याचिका पर विभागीय आदेशों को रद करते हुए पारित किया है। इसके साथ ही याचियों को 3 सप्ताह के अंदर सेवाओं में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। मामले के अनुसार दिसंबर 2014 में परिषदीय स्कूलों में 15000 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था। याचियों ने अपने ऑनलाइन फॉर्म गलत ढंग से भरे और जमा किये, जिसमें उन्होंने परिणाम घोषित हुए बिना बीटीसी पाठ्यक्रम में प्राप्त अपने अंकों का उल्लेख किया। हालांकि याची फार्म जमा करने के कुछ दिनों के भीतर बीटीसी में उत्तीर्ण हो गए और बाद में संशोधन के लिए विंडो खुलने पर अपने आवेदन पत्र में सुधार कर दिया। कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मामला यह है कि पंजीकरण की तिथि पर गलत बयानी और योग्य न होने के कारण याचियों की नियुक्तियों को शून्य घोषित किया जाए या नहीं। मामले की विशिष्ट परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याचियों ने पंजीकरण के चरण में अपने फार्म में गलत जानकारी दी। यह सत्य है कि उनका कार्य शुरू से ही प्रमाणित नहीं था, इस दृष्टि से वे सेवा में बने रहने के हकदार नहीं है, लेकिन विभिन्न चरणों में इस कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण सरकार ने कई परिपत्र जारी किए और फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी, साथ ही बाद में बीटीसी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने का मौका दिया गया।


## वर्ग पहेली-327

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।
5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।
6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।
9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।
3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।
4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।
7. एक प्रकार का दलहन।
8. 1. कम मात्रा का, अल्प, न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।



### वर्ग पहेली - 326 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | ■ | 2 अँ | ■ | ■ | ■ |
| मीं | ■ | 3 जु | 4 बा | द | ■ |
| ■ | 5 ज़ | ली | ल | ■ | 6 आ |
| ■ | ■ | ■ | वा | ■ | ति |
| ■ | 7 घ | रा | ड़ी | ■ | श |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | ■ | ज़ी |

## सुडोकू-44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | 4 | | | | 2 | | |
| | 1 | | | 9 | | | | 8 |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

### सुडोकू - 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.54 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** – आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बन सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी संबंधों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क** – आज आप अपने कुशल वाक् चातुर्य से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**सिंह** – आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं। अनुपयोगी गतिविधियों में अपना समय बर्बाद न करें। आपको स्वास्थ्य में काफी ध्यान देना चाहिए। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**कन्या** – आज आर्थिक उलझनों का निवारण होगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का भाग्य खुल सकता है। अचानक बड़े प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

**तुला** – आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। मन में अप्राकृतिक और अव्यावहारिक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। पिता से झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बिताएं। विद्यार्थियों को किसी उपलब्धि के लिए सम्मान मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में उत्तम प्रगति होगी। प्रेम संबंध को वैवाहिक स्वरूप भी दे सकते हैं। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**धनु** – आज आपके व्यवहार एवं सिद्धांतों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिंतित हो सकते हैं। यात्रा काफी शुभ एवं मंगलमय रहने वाली है। रेस्टोरेन्ट एवं होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे। सेहत में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**कुंभ** – आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन** – आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य सुख का भरपूर आनंद लेंगे।

## आज का पंचांग

| भाव | ग्रह |
|---|---|
| 1 | गु. |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | के., चं. |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | बु., शु., मं. |
| 10 | सू. |
| 11 | श. |
| 12 | रा. |

मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 23.01-23.53 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 22.06 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- दरार – सुबह : 10.00
- खुद्दार – रात : 07.00

**Sony Pix**
- जॉम्बीलैंड – सुबह : 09.52
- सुपरमैन रिटर्न्स – रात : 09.00

**Sony Max**
- सूरमा – दोपहर : 12.00
- कुत्ते – रात : 10.00

**Zee Cinema**
- वन टू थ्री – सुबह : 10.30
- सोचा न था – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- ऐलान – सुबह : 09.28
- ...और प्यार हो गया – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत अपनी पड़ोसन से लड़ रही थी
पहली औरत- मेरे पास पैसा है, बंगला है गाड़ी है तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत- मेरे पास 20 साल पहले सिलवाया हुआ शादी का ड्रेस है, जो मुझे आज भी फिट आता है।
फिर क्या! कॉलोनी में सन्नाटा छा गया...

पप्पू- यार मेरे एक कमीने दोस्त ने मेरी गर्लफ्रेंड का पर्सनल नंबर मेरे फोन से निकाल लिया।
दोस्त- फिर क्या हुआ भाई?
पप्पू : होना क्या था, साला सुबह से अपनी ही पत्नी को रोमांटिक मैसेज भेज रहा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# 27% कंपनियों ने जेएआई का इस्तेमाल रोका

## संचार कंपनी सिस्को के सर्वे के मुताबिक निजता, डेटा सुरक्षा जोखिम की वजह से लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी


निजता और डेटा (निजी सूचना) सुरक्षा जोखिमों के चलते चार में से एक संगठन ने जनरेटिव-कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है। संचार कंपनी सिस्को की एक शोध रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है।

शोध रिपोर्ट 'सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी' भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मेक्सिको, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका में 2,600 निजता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत पर आधारित है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश कंपनियां डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मुद्दों पर जेन-एआई के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने इसके उपयोग पर कम से कम अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की कंपनी सिस्को की शोध रिपोर्ट के अनुसार-चार में से एक से अधिक संगठनों ने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिमों के कारण जेन-एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में जेनएआई के साथ बढ़ती गोपनीयता चिंता, एआई के उपयोग पर संगठनों के सामने आने वाली भरोसे संबंधी चुनौतियों और सूचनाओं को बेचने आदि का उल्लेख किया गया है। इस सर्वेक्षण के सातवें संस्करण में पाया गया कि निजता नियामकीय अनुपालन से कहीं आगे का मामला है।

कंपनियों की प्रमुख चिंताओं में कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (69 प्रतिशत) को जोखिम और जनता या प्रतिस्पर्धियों के सामने जानकारी साझा करने का जोखिम (68 प्रतिशत) शामिल है।

सिस्को ने कहा कि अधिकांश संगठन इन जोखिमों के बारे में जानते हैं और इसे सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। इनमें 63 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है, 61 प्रतिशत ने सीमाएं निर्धारित की हैं कि जेन-एआई माध्यम का उपयोग कर्मचारियों द्वारा किया जा सकता है, और 27 प्रतिशत ने कहा उनके संगठन ने कुछ समय के लिए जेन-एआई अनुप्रयोगों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी, कई व्यक्तियों ने ऐसी जानकारी दर्ज की है जो चिंता बढ़ा सकती है। इसमें कर्मचारी जानकारी (45%) या कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी (48%) शामिल है।

### उत्तरदाताओं का मानना जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत



सिस्को के मुख्य विधि अधिकारी देव स्टालकॉफ ने कहा कि संगठन जेन-एआई को मौलिक रूप से भिन्न तकनीक के रूप में देखते हैं, जिसमें विचार करने के लिए नई चुनौतियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेन-एआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है।

# देर से मिलेगा उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश को उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद इस बार देर से मिलेगा। आलू बेल्ट में मुख्य फसल फरवरी अंत तक तैयार होगी। क्योंकि अक्टूबर में समय से बोई गई फसल अधिक तापमान से तो कुछ जगह बारिश से पिछड़ गई थी।

इसलिए ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने अक्टूबर की बजाय नवंबर में बोवाई की थी। जबकि मुख्य फसल मौसम अनुकूल होने पर 15 से 25 अक्टूबर तक की जाती है। इसकी 25 फरवरी से खोदाई शुरू हो जाती है। आलू की तमाम प्रजातियां पकने में 100-110 दिन तक लगते हैं। ऐसी स्थिति में मार्च शुरुआत में ही बाजार में आलू आने की संभावना है। फसल पिछड़ने से इस बार प्रदेश से निर्यात भी देर से होगा।



- **अक्टूबर में बारिश और अधिक तापमान के कारण देर से हुई थी बोवाई**
- **फरवरी अंत में आलू तैयार होने की संभावना, निर्यात पर पड़ेगा असर**

**आगरा व कन्नौज बेल्ट से 200 टन करना है निर्यात:** लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस से पहली बार आलू का निर्यात परीक्षण के तौर पर फरवरी से ओमान, बहरीन व दुबई होना है। इसके लिए कन्नौज बेल्ट से 200 टन चिप्स सोना और कुफरी बहार 3792 प्रजाति किसानों से खरीदी जानी है। जो तैयार न होने के कारण किसान तय समय पर नहीं दे पाएंगे। इससे निर्यात में देरी होगी और असर पड़ेगा। वैसे इन देशों को ईरान आलू की पूर्ति करता आ रहा है। वहीं इस संबंध में अकरब बेग (जीएम मैंगो पैक हाउस) ने बताया कि मैंगो पैक हाउस को पहली बार फरवरी से निर्यात करना है। इसी आधार पर आगे मांग आएगी। लेकिन, फसल तैयार न होने के कारण मार्च में ही निर्यात कर पाएंगे।

### प्रदेश में आलू का रकबा

बोआई : 700 लाख हेक्टेयर में

अनुमानित पैदावार : 250 लाख एमटी

> अक्टूबर में बारिश के कारण समय पर आलू की बोवाई नहीं हो पाई। इस बीच की गई फसल बर्बाद हो गई थी। इस कारण मौसम सामान्य होने पर देर से बोवाई की गई और देर से खोदाई होगी।
>
> **-डॉ. अखिलेश कुमार दुबे,** वरिष्ठ कृषि विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## एमएसएमई को सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहता हूं

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने सोमवार को कहा कि छोटी, नवोन्वेषी कंपनियों के कुछ ''उत्कृष्ट'' उत्पाद बनाने के तथ्य पर गौर करते हुए वह एमएसएमई को न केवल सार्वजनिक क्षेत्र की निविदाओं के लिए बल्कि निजी क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहते हैं। दूरसंचार विभाग के शीर्ष अधिकारी मित्तल ने कहा कि सरकार उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में सुधार करना चाहती है और नई, बेहतर योजना के लिए लघु, कुटीर एवं मझौले उद्यमों (एमएसएमई) से भी उनके विचार मांगे हैं।

## सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। दिन में कारोबार सेंसेक्स 1,309.55 अंक या 1.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,010.22 अंक तक पहुंचा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलांयस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## चीनी का उत्पादन 2023 24 सीजन में चार प्रतिशत कम होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब चार प्रतिशत घटकर 3.16 करोड़ टन रहने का अनुमान है। चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को अपना पहला उत्पादन अनुमान जारी करते हुए कहा कि 3.16 करोड़ टन के अनुमानित चीनी उत्पादन और 57 लाख टन के शुरुआती भंडार के साथ देश में चीनी की उपलब्धता 3.73 करोड़ टन होने की संभावना है। यह अनुमानित घरेलू खपत 2.9 करोड़ टन से अधिक है।

## सरकार तय कर सकती है वित्तीय संस्थानों से 70,000 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय संस्थानों से लाभांश के तौर पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है। चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से मिले अच्छे लाभांश के बाद यह उम्मीद की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्तीय संस्थानों से लाभांश प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखेंगी, वह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष का अनुमान पहले ही बजट लक्ष्य से अधिक हो चुका है। इसका कारण आरबीआई का 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का तिमाही वित्तीय परिणाम अच्छा रहा है। ऐसे में आने वाले वर्ष में उनकी तरफ से लाभांश भुगतान चालू वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा। सूत्रों ने कहा कि इसीलिए, वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई और वित्तीय संस्थानों से लाभांश भुगतान के रूप में लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद करना उपयुक्त है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प्रबीर, अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और मुख्य संपादक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत सोमवार को बढ़ा दी। उन पर चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुरकायस्थ मामले में आरोपी हैं जबकि पूर्व सह-आरोपी चक्रवर्ती हाल में मामले में सरकारी गवाह बन गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 17 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी।

### तेजस्वी यादव को बयान दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को उनकी उस कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी के पूर्व के हलफनामे को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद एक नया बयान दाखिल करने के लिए राजद नेता को एक हफ्ते का वक्त दिया है।

### 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 पर अंडरब्रिज गांव सिकन्दरपुर से एक कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501 ग्राम हेरोईन पकड़ने में सफलता हासिल की है। ब्यूरो इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख 10 हजार रुपये आंक रहा है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सिरसा स्थित पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, माता-पिता व शिक्षकों को दी सलाह

# अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अभिभावकों को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं मानने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दबाव से निपटने में बच्चों की मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने और अभिभावकों को अपने बच्चों में प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज ना बोने का भी सुझाव दिया।

अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और दबावों से निपटने में उनकी मदद करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने का सुझाव दिया जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। उन्होंने कहा-आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा-बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे बच्चों का उदाहरण देते रहते हैं। माता-पिता को इन चीजों को करने से बचना चाहिए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

# मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की परंपरा बंद हो : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा-हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।

शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश**



### कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलवाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने अग्रिम जमानत हासिल कर चुके एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को अदालत की घोर अवमानना करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय को दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात के व्यवसायी की पुलिस रिमांड को लेकर अत्यधिक नाखुशी जाहिर करते हुए शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को व्यक्ति की अवमानना याचिका पर सूरत के कुछ पुलिस अधिकारियों और एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि पिछले साल 8 दिसंबर को याचिकाकर्ता तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत दी गई थी।

## राकांपा विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फैसला करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की इस याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था।

पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की आवश्यकता है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा कि प्रतिवादियों की जिरह अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी तथा आदेश पारित करने के लिए तीन सप्ताह का समय और दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि राकांपा के मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है और अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए वास्तव में कुछ और समय की आवश्यकता है।

## नीतीश कुमार जल्द करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

पटना, एजेंसी

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है।

कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नये मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गयी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट सचिवालय सोमवार शाम तक विभागों के बंटवारे से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकता है। कैबिनेट बैठक में रविवार को शपथ लेने वाले सभी आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा के अलावा भाजपा के प्रेम कुमार, जद-यू के विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार और विजय कुमार चौधरी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण से संबंधित कानून की वैधता बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) से संबंधित कानूनी प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फिलिप्स इंडिया, रेकिट बेंकिजर, जिलेट इंडिया और प्रॉक्टर एंड गैंबल होम प्रोडक्ट्स आदि सहित कई संस्थाओं की 100 से अधिक याचिकाओं वाले मामलों की सुनवाई के दौरान दिया था। अदालत ने कहा-हमने (सीजीएसटी अधिनियम की) धारा 171 के साथ-साथ 2017 के (सीजीएसटी) नियमों के नियम 122, 124, 126, 127, 129, 133 और 134 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

## हनुमान ध्वज हटाए जाने के बाद कर्नाटक के गांव में तनाव बरकरार

**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक में मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतारे जाने को लेकर कड़े विरोध और पुलिस कार्रवाई के एक दिन बाद सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में रही। प्राधिकारियों द्वारा ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल सेक्युलर (जद-एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ-साथ गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों का प्रदर्शन जारी है। ऐसे में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को एहतियातन तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने ध्वज उतारे जाने के विरोध में भगवा झंडे लेकर उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकालना शुरू किया है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस नेता ने यूजीसी का मसौदा दिशा-निर्देश को लेकर लगाया आरोप**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने दावा किया-आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है।

### अगर मोदी फिर जीते, तो भारत में आ सकती तानाशाही



**भुवनेश्वर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा-यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डरा-धमका कर चल रही है।

## जॉर्डनः हमले में मारे गए सैनिकों की मौत का जवाब देंगे : बाइडन

**कोलंबिया (अमेरिका)।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार तल्खियां बढ़ गई हैं। इसकी एक बढ़ी वजह बीती रात जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर ईरान समर्थित समूहों द्वारा किया गया ड्रोन हमला है।



इस हमले में अमेरिका के तीन सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जॉर्डन में हुए हमले का बदला लेने की बात कही है। हालांकि, ईरान ने अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हुए हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक बयान में कहा कि तेहरान इस हमले में शामिल नहीं था। हमारा इस हमले से कोई संबंध नहीं है। इस क्षेत्र में अमेरिकी बलों और प्रतिरोध समूहों के बीच संघर्ष है।

## एलएसी पर एक साल से नहीं हुआ संघर्ष, सेना की मजबूत तैनाती

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ सेना प्रमुख बोले- दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य राजनयिक स्तर की वार्ता जारी

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है। बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता जारी है। हमें उम्मीद है कि हम दो बचे हुए मुद्दों का समाधान ढूंढ लेंगे। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है।'

जनरल पांडे ने कहा, 'पहला, हमारे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के पास रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का ज्ञान है, जो असल में इलाके में उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरा, हमारे पास अकादमिक विशेषज्ञ हैं, जो 'ए' श्रेणी के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। तीसरा, हमारे पास नागरिक सुरक्षा कार्यबल है, जो हमारी कार्यशालाओं और हमारी विनिर्माण इकाइयों में काम करता है। इन तीनों रास्तों के जरिए हम नवाचार की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब हम जरूरत की पहचान कर लेते हैं और इन मार्गों के जरिए प्रस्ताव सामने आते हैं, तो सेना का डिजाइन ब्यूरो जांच करता है।' जनरल पांडे ने कहा, हाल ही में 'विद्युत रक्षक' नाम से एक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत हमने विक्रेताओं में से एक को नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी (टेक्नोलॉजी) का हस्तांतरण किया है।

## द. सूडानः बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प, 52 की मौत

**जुबा।** सूडान और दक्षिण सूडान दोनों के दावे वाले तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत सहित 52 लोग मारे गए और 64 घायल हुए हैं। वर्तमान में अबेई क्षेत्र दक्षिण सूडान के नियंत्रण में है।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शनिवार शाम को बंदूकधारियों ने हमला किया। अभी हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन भूमि विवाद से जुड़े होने का संदेह है। अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएफएसए) ने हिंसा की निंदा की है। हिंसा में अपने एक शांतिदूत की मौत की पुष्टि की और कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि अगोक में यूएनआईएफएसए बेस पर सशस्त्र समूह ने हमला किया।


## लिसा मिशनः ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा

▸▸ मिशन 2035 में लॉन्च किए जाने की बन रही योजना, बड़ी घटनाओं को उजागर करने में सक्षम

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड अदृश्य शक्ति गुरुत्वाकर्षण तरंग की पहचान करने दुनिया की सबसे बड़ी दो स्पेस एजेंसिया एकजुट होने जा रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा व यूरोपियन अंतरिक्ष एजेन्सी इसा ने इस मिशन को लिसा डिटेक्टर नाम दिया है।

यह मिशन ब्रह्मांड की बड़ी घटनाओं जो उजागर करने में सक्षम होगा। लिसा मिशन को 2035 में लॉन्च किए जाने की योजना है। गुरुत्वाकर्षण वह अदृश्य ताकत है, जिसके प्रभाव से ब्रह्मांड की कोई भी वस्तु अछूती नही है। सुपरनोवा विस्फोट, हाइपर-घने सितारों और तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल विलय की ब्रह्मांडीय घटनाओं में गुरुत्वाकर्षण की बड़ी भूमिका होती है। जिसके चलते नासा व इसा ने संयुक्त मिशन तैयार किया है।



नासा व इसा का मिशन लिसा का डिजाइन।

मिशन का डिजाइन तैयार हो चुका है और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी व नासा ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। योजना के उपकरण डिटेक्टर में 2.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर तैरते तीन अंतरिक्ष यान शामिल होंगे, जो लेजर प्रकाश का एक त्रिकोण बनाएंगे। इससे न्यूट्रॉन सितारों और ब्लैक होल के ब्रह्मांड की विकृतियों का पता लग सकेगा। अंतरिक्षयान में इंटरफेरोमीटर उपकरण मौजूद रहेगा।

लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्जर्वेटरी से इस मिशन को जोड़ा जाएगा। इस वेदशाला ने पहली बार 2015 में गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाया था। नासा के अनुसार यह मिशन बड़े पैमाने में लाखों गुना वृद्धि व कम-आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने में सक्षम होगा और दुर्गम ब्रह्मांडीय दुर्घटनाओं का पता लगाएगा।

### इस मिशन से खुलेंगे ग्रेविटी के कई अंजान रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि नई तकनीक जैसे जैसे विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे ब्रह्मांड के रहस्य भी उजागर हो रहे हैं। ग्रेविटी अदृश्य होने के कारण संभव है कि इसके भीतर और भी रहस्य छिपे हो सकते हैं। जिनका पता लगाने में यह मिशन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### एक नजर

#### जम्मू-कश्मीरः गुलमर्ग समेत कई पहाड़ी हिस्सों में हुई बर्फबारी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। फोटो गुलमर्ग की है, जहां इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। पिछले कई दिनों से बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुलमर्ग के अलावा तनमर्ग, गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा सहित कई स्थानों पर पर्यटक बर्फ गिरने का आनंद लेने पहुंचे। बर्फबारी के कारण कई शहरों का पारा भी गिर गया है। पहलगाम में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

#### चीन कर सकता है ताइवान के खिलाफ शक्ति प्रदर्शनः अमेरिका

**ताइपे।** प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कमांडर ने कहा चीन अपने हालिया चुनावों के बाद ताइवान के खिलाफ अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सकता है। ताइवान मीडिया के अनुसार यह जानकारी दी गई। 26 जनवरी को हवाई के होनोलूलू में आयोजित पैसिफिक फोरम में यूएस इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो मुख्य वक्ता थे। उन्होंने ने कहा कि अमेरिका 13 जनवरी को राष्ट्रपति चुनाव के बाद ताइवान के खिलाफ चल रहे अभियान की निगरानी कर रहा है।

# मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

## मालदीवः राष्ट्रपति की बढ़ीं मुश्किलें, विपक्षी दलों ने प्रस्ताव पेश की बनाई योजना

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मालदीव की संसद में सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। स्थानीय मीडिया ने एमडीपी के एक विधायक के हवाले से कहा कि एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर एकत्र कर लिए हैं।

हालांकि, उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है। 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का अनुरोध किया, उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए "मजबूत जनादेश दिया है। 87 सदस्य वाली मासदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए हाल ही में अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था।

एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास कुल मिलाकर 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। सन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

### विपक्षी पार्टी एमडीपी ने कहा- सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 45 वर्षीय मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया गया। बता दें कि माले की संसद में कुल 87 सदस्य हैं। संसद ने हाल ही में महाभियोग प्रस्ताव को आसानी से सौंपने के लिए अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था। एमडीपी डेमोक्रेट के मिलाकर 56 सांसद हैं। इनमें 43 सांसद एमडीपी और 13 डेमोक्रेट के हैं। संविधान और संसद के स्थायी आदेशों के मुताबिक, 56 मतों के साथ राष्ट्रपति के खिलाफ लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछली साल दिसंबर मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन की यात्रा की थी, इस लिए मुइज्जू को चीन समर्थित कहा जाता है, लेकिन विपक्ष को ये सब रास नहीं आ रहा है।

## राम मंदिर कार्यक्रम प्रसारण मामलाः तमिलनाडु पुलिस ने दायर किया हलफनामा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रसारण पर कथित रोक के मामले में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। अपने हलफनामे में तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य के कई मंदिरों में लाइव प्रसारण हुआ था।

पुलिस ने हलफनामे में तमिलनाडु भाजपा के दावों को भी गलत बताया और कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने को कोशिश की गई, लेकिन ये गलत है। डीजीपी ने बताया कि 'लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी हुई थी और उस दौरान पुलिस या राज्य सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया था। ये जो आरोप है कि तमिलनाडु के सीएम ने मौखिक तौर पर कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाई थी, यह आरोप पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। तमिलनाडु पुलिस ने बताया कि भाजपा के प्रदेश सचिव विनोज पी सेल्वम ने तमिलनाडु सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की, जो कि बिल्कुल गलत और निंदनीय है।

## झगड़े की जड़ बने केस की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में आदेश को लेकर हुआ था विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई में दाखिले के लिए कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के आरोपों की सीबीआई जांच कराने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद के बाद स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों को सोमवार को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने बंगाल सरकार को राज्य में एमबीबीएस प्रवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले कथित फर्जी अनुसूचित (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच की स्थिति विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज एडमिशन में आरक्षित वर्ग में एडमिशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। इस पर कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया था। हालांकि कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के जज सोमेन सेन ने जज गंगोपाध्याय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जज गंगोपाध्याय ने जज सोमेन सेन पर एक राजनीतिक पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से दखल की अपील की थी।

### नायडू की अग्रिम जमानत को चुनौती वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में सरकार ने तेदेपा चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू की अग्रिम जमानत को चुनौती दी थी। चंद्रबाबू को अमरावती इनर रिंग रोड घोटाले मामले में अग्रिम जमानत मिली थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के 10 जनवरी को चंद्रबाबू नायडू को राहत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## महिलाओं की वैवाहिक उम्र 18 से 21 साल करने वाले लंबित बिल पर मई तक अंतिम रूप देगी समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ चार माह का विस्तार मिला, जून 2021 को लोकसभा में किया गया था पेश

संसद की एक स्थायी समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए चार महीने का विस्तार (एक्सटेंशन) दिया गया है। समिति महिलाओं की शादी की आयु 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक पर विचार कर रही है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होने वाला है। आगामी आम चुनाव से पहले 17वीं लोकसभा का यह अंतिम सत्र है।

समिति अब चार महीने के विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी। जबकि, मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 लोकसभा में पेश किया गया था। तबसे वह



वहां लंबित है। जबकि, सदन का कार्यकाल जून में खत्म हो जाएगा।

लोकसभा में पेश किए गए या वहां लंबित विधेयक मौजूदा लोकसभा के भंग हो जाने के बाद खत्म हो जाएंगे। जारी बुलेटिन में बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 की जांच के लिए संसद की स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए विस्तार दिया है। समिति को पहले भी अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए विस्तार दिया गया था।

इस विधेयक को दिसंबर 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद इसे शिक्षा, महिला, बच्चों, युवाओं और खेलों की स्थायी समिति के पास भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत काम करती है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जांच के लिए विधेयक को लोकसभा अध्यक्ष से स्थायी समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था। ईरानी ने सदन को बताया था कि सरकार पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता लाने की कोशिश कर रही है।

### बीटिंग रिट्रीट...




**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के शंखनाद से लेकर नौसेना के मधुर मिशन चंद्रयान की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। आम जनता भी इस शानदार समारोह को देखने पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। ● एजेंसी

## अरब सागर में ईरानी पोत हाईजैक भारतीय नौसेना ने छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

अरब सागर में एक बार फिर समुद्री लुटेरों ने एक जहाज को निशाना बनाया। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, कोच्चि से पश्चिम में करीब 700 नॉटिकल मील की दूरी पर ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज को सोमालियाई लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। हालांकि, इस घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत को जहाज के रेस्क्यू में लगाया और इसे लुटेरों के कब्जे से छुड़ा लिया।

अफसरों ने बताया कि ईरान के इस जहाज का नाम एमवी इमान है और इसमें 17 क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने इसमें सवार लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। देखते ही देखते युद्धपोत में मौजूद ध्रुव चॉपर्स ने ईरानी जहाज को घेर लिया और इसे चेतावनी जारी



▸▸ भारत ने युद्धपोत भेजकर सवार 17 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया

कीं। इसके बाद सोमालियाई लुटेरों को हथियार फेंकने और सोमालिया की तरफ जाने को कहा गया।

इसके बाद नौसेना ने जहाज में सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा कि भारत का युद्धपोत सोमालिया के पूर्वी तट और अदन खाड़ी में एंटी-पाइरेसी मिशन में शामिल था। इसे ईरानी जहाज की तरफ से हाईजैकिंग का सिग्नल मिला। इसमें कहा गया कि जहाज पर लुटेरों ने कब्जा कर लिया है और क्रू को बंधक बना लिया गया है।

## ईरानः मोसाद के लिए काम करने वाले चार दोषियों को मृत्युदंड

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार तड़के में चार लोगों को फांसी दे दी। इन चारों को ईरानी डिफेंस साइट को नष्ट करने की योजना में इजराइल के लिए जासूसी करने का दोषी पाया गया था।

न्यायपालिका के अनुसार, मोहम्मद फरमरजी, मोहसिन मजलूम, वफा अजरबार, पेजमैन फतेही को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इन पर इस्फहान के केंद्रीय प्रांत में रक्षा मंत्रालय केंद्र के खिलाफ एक ऑपरेशन को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। इनको इस मामले में सुनवाई के बाद दोषी पाया और मौत की सजा दी गई। इन चारों को सजा सुनाए जाने के बाद आज उस पर अमल किया गया। सजा पाए चारों लोग ईरानी नागरिक हैं। सितंबर में अदालत ने सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

**शोध** वर्षों से किए जा रहे अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष आए सामने, शिशुओं की याद्दाश्त से जुड़ी जानकारी भी शामिल

# मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाएं बदली

टोरंटो, एजेंसी

मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाओं को बदला है। इनमें दिमाग के काम करने के तरीके से लेकर क्षमता से जुड़ी जानकारी शामिल है। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम का कहना है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

यह निष्कर्ष सदियों से मानी जा रही धारणाओं को चुनौती देने के साथ नए मानक स्थापित करते हैं। इनमें से कुछ सामान्य धारणाओं पर निष्कर्ष निकाले गए हैं। **शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणालीः** माना जाता हैं कि शिशओं में समझ की कमी होती है। मनोविज्ञान से पता चला है कि शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणाली होती है। उन्हें लोगों की भी समझ होती है।

शिशु जानते हैं कि आंखों के सामने न होने के बाद भी चीजें उनके आसपास होती हैं। वे नैतिक निर्णय लेने के भी सक्षम होते हैं। **स्मृति धंधली और अस्पष्ट होती हैः** कुछ लोगों का मानना है कि हमारा दिमाग यादों को संजोकर रखता है।

सही तरीके अपनाने से हम किसी भी स्मृति को याद कर सकते हैं। हालांकि, यह सच नहीं है। याद्दाश्त भरोसे के लायक नहीं होती है। हमारे अनुभवों का अधिकांश हिस्सा यादों के तौर पर इकट्ठा नहीं हो पाता है। जो इकट्ठा होता है, वह कुछ ही समय में धुंधला और अस्पष्ट हो जाता है।

**चेतना की सीमाएंः** माना जाता है कि हमारी चेतना एक ही समय कई चीजों पर ध्यान देने में सक्षम होती है। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान से पता चला है कि हमारे सामने हो रही चीजों का सिर्फ छोटा सा अंश स्मृति तक पहुंच पाता है। बाकी सब चीजों को नजरअंदाज कर हमेशा के लिए खो दिया जाता है। एक ही समय में कई चीजों पर ध्यान दे पाना संभव नहीं है।

### सकारात्मक मनोविज्ञान ने बदला नजरिया



सकारात्मक मनोविज्ञान ने सूख सुखद, सार्थक और संतुष्टिदायक जीवन पर शोध को बढ़ावा दिया है। इससे उन चीजों की तरफ ध्यान बढ़ा है, जो दिमाग को स्वस्थ रखने और जीवन बेहतर बनाने में मदद करती हैं। मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम ने बताया है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

## संबंध सुधारने में लगे ईरान-पाकिस्तान, विदेश मंत्रियों की बैठक

**इस्लामाबाद।** हाल ही में ईरान और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दोलहियन अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियन का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात करेंगे। मीडिया के अनुसार, यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद हो रही है।

## पाकिस्तानः चुनाव से पहले कराची में बढ़ी हिंसा

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में बीते कुछ दिनों में चुनावी हिंसा काफी बढ़ी है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस वजह से राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दलों के बीच पहले से ही कई झड़पें हो चुकी हैं।

सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में जेल में बंद इमरान की पीटीआई की चुनावी रैली पर पुलिस की भारी टुकड़ियों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25

▸▸ नाजिमानाड में हिंसक झड़पें गोलीबारी में 1 की मौत, 3 घायल



लोग घायल हो गये। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेष रूप से कराची - जो पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र भी है, पर पीपीपी के गढ़ को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आगामी चुनावों में विभिन्न पार्टियां जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

बिलावल जरदारी-भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी की सिंध और कराची पर पकड़ तब भी बनी हुई है, जब खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने 2018 में पिछले चुनावों में सरकार बनाई थी और अविश्वास प्रस्ताव के बाद 2022 में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन के दौरान भी पीटीआई शासन को समाप्त कर दिया।

### बलूचों का प्रदर्शन, आवाज उठाने वाले हो रहे लापता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच बलूचिस्तान के डेरा बुगती क्षेत्र में 10 लोग लापता हो गए। स्थानीय मीडिया न बताया कि सुई शहर में गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने घर-घर जाकर तलाशी अभियान चलाया और 10 लोगों को लापता कर दिया। पाकिस्तानी बल ने जाफर कॉलोनी में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद जीटीए के अध्यक्ष और जमहूरी वतन पार्टी कार्यकर्ता मास्टर मौस बक्श और उनका बेटा लापता हो गए। इसी तरह गोबर खान बुगती के बेटे आतिफुल्लाह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने हिरासत में लिया, जिसके बाद से ही वह लापता हो गया। शनिवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति के आवास पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया।